



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 249 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) अमावस्या, 2079 बुधवार, 23 नवंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## यूएई के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर

**जयशंकर बोले व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाएगी**

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायेद अल नाहयान दो दिनी भारत यात्रा पर हैं।

उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल भी आया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत में यूएई के विदेश मंत्री का स्वागत करना हमेशा खुशी की बात होती है। इस साल हमारी चौथी बैठक है। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाएगी। इस बीच दोनों के बीच अहम मुलाकात भी हुई।

### 71 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर

# भारत की क्षमता साबित करने का मौका : मोदी




नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेला के तहत 71 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर बांटे। मोदी कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। कार्यक्रम में कई केंद्रीय मंत्री अलग-अलग राज्यों से जुड़े। गुजरात और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर यह प्रोग्राम देशभर के 45 शहरों में हुआ।

मोदी ने कहा कि महामारी और युद्ध के बीच दुनियाभर के युवाओं के सामने नए अवसरों का संकट है। ऐसे समय में इकोनॉमिस्ट और एक्सपर्ट्स कहते हैं कि भारत के पास आर्थिक क्षमता प्रदर्शित करने और नए अवसरों को बढ़ावा देने का सुनहरा मौका है।

**युवाओं के लिए ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स :**

इसके साथ ही प्रधानमंत्री कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल भी शुरू किया गया। इस मॉड्यूल के तहत सरकारी विभागों में सभी नए नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स होगा। कर्मयोगी भारत टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म में कई ऑनलाइन कोर्स हैं, इससे अपस्किलिंग में काफी मदद मिलेगी। इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल नैतिकता और अखंडता, मानव संसाधन नीतियां और अन्य लाभ शामिल होंगे। जो उन्हें नीतियों और नई भूमिकाओं को निभाने में मदद करेंगे।

**इन विभागों में नियुक्ति :**

जिन पदों के लिए अपॉइंटमेंट लेटर्स दिए गए, उनमें शिक्षक, लेक्चरर, नर्स, नर्सिंग ऑफिसर, डॉक्टर, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर और अन्य तकनीकी और पैरामेडिकल जैसे पद शामिल हैं। कई केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में गृह मंत्रालय के जरिए बड़ी संख्या में पदों को भरा जा रहा है।

**रोजगार मेला दिखाता है सरकार किस तरह काम कर रही :**

पीएम ने कहा कि आज का ये विशाल रोजगार मेला दिखाता है कि सरकार किस तरह सरकारी नौकरी देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। भारत जैसे युवा देश में हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा, राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आए, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। युवाओं को लेटर सौंपते हुए मोदी ने कहा कि इस ड्राइव के जरिए अगले साल तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का टारगेट है। आपको यह नई जिम्मेदारी एक खास दौर में मिल रही है। देश अमृत काल में प्रवेश कर गया है। हम नागरिकों ने इस समय में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को प्राप्त करने के लिए आप देश के सारथी बनने जा रहे हैं।

**ड्रोन का बढ़ता उपयोग नई नौकरियां दे रहा :**

मोदी ने कहा कि रोजगार मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। लोकल को ग्लोबल में ले जाने का अभियान तैयार हो रहा है। रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी बन रहे। देश में 80 हजार से ज्यादा स्टार्टअप शुरू हुए। ड्रोन का बढ़ता उपयोग नई नौकरियां दे रहा है। 35 करोड़ से ज्यादा मुद्रा लोन बांटे गए। इन सब के चलते देश की युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है।

## भगोड़े आतंकी दाऊद ने रची मोदी को मारने की साजिश!

मुंबई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जान को खतरा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस को एक वॉट्सऐप मैसेज मिला है, जिसमें कहा गया है कि भगोड़े आतंकी दाऊद इब्राहिम ने पीएम को मारने की साजिश रची है। इस मैसेज के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

जानकारी के मुताबिक मुंबई ट्रैफिक पुलिस को भेजे गए ऑडियो मैसेज में कहा गया है कि दाऊद इब्राहिम ने मुश्ताक अहमद और मुश्ताक नाम के दो आतंकियों को प्रधानमंत्री मोदी को मारने की सुपारी दी है। इस मामले में वर्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है और पुलिस मैसेज भेजने वाले की तलाश कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी साल अगस्त में भी जान से मारने की धमकी मिली थी। उस समय एक ई-मेल भेजकर कहा गया था कि आतंकियों के स्लीपर सेल में शामिल 20 लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारने के लिए तैयार हैं। ई-मेल में कहा गया था कि इस स्लीपर सेल के पास 20 किलो आरडीएक्स है। ई-मेल भेजने वाले ने यह दावा भी किया था कि उसके आतंकवादियों से संबंध हैं। ई-मेल में कहा गया कि इस साजिश के खुलासे से बचने के लिए वह सुसाइड कर रहा है।

# जाकिर नाइक को कतर बुलाने पर भड़के केंद्रीय मंत्री

### कहा भारत इस मुद्दे को जरूर उठाएगा



नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। फीफा वर्ल्ड कप में भगोड़ा जाकिर नाइक को बुलाए जाने का भाजपा ने विरोध किया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भारत इस मुद्दे को जरूर उठाएगा। उन्होंने कहा कि जाकिर नाइक मलेशियाई नागरिक है और आप उसे कहीं भी बुलाइए लेकिन उस मंच पर बुलाने का क्या तुक है जिसके बारे में उसे कोई जानकारी ही नहीं है। बता दें कि फीफा विश्व कप 2022 में जाकिर नाइक को आमंत्रित किया गया है। भारत में जाकिर नाइक को भड़काऊ भाषण देने के चलते प्रतिबंधित कर दिया गया है और उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट भी जारी है। हालांकि, जाकिर नाइक कई साल से देश से बाहर रह रहे हैं। अब जाकिर को फीफा विश्व कप में आमंत्रित किया गया है। वह पूरे विश्व कप के दौरान धार्मिक भाषण देंगे। नाइक पर भारत में मनी लॉन्ड्रिंग और अभद्र भाषा का उपयोग करने का आरोप है। साल 2016 में नाइक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर विभिन्न धार्मिक समुदायों और समूहों के बीच दुश्मनी, घृणा या अन्य नकारात्मक भावनाओं को फैलाने और समूह के सदस्यों को प्रोत्साहित और सहायता करने के आरोप लगे थे।

## तेलंगाना के मंत्री मल्ला रेड्डी के आवास पर आईटी का छापा

हैदराबाद, 22 नवंबर (एजेंसियां)। आयकर अधिकारियों ने तेलंगाना राज्य के मंत्री मल्ला रेड्डी के सिकंदराबाद स्थित आवास समेत कई जगहों पर छापेमारी की है। फिलहाल छापेमारी से जुड़े अन्य तथ्य सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। उधर, आईटी विभाग ने बीते 17 नवंबर को पटना, भागलपुर, डेहरी, लखनऊ और दिल्ली में सोने और हीरे के आभूषण और रियल एस्टेट के कारोबार में लगे कुछ समूहों से संबंधित 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की।

वित्त मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि विभाग को छापेमारी के दौरान आयकर की चोरी के सबूत बरामद हुए हैं।

मंत्रालय के अनुसार तलाशी अभियान के दौरान, बेहिसाब नकदी और 5 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण जब्त किए गए। कुल 14 बैंक लॉकरों को सीज किया गया। अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन का पता चला है।

# आदिवासियों के हमले से वन रेंज अधिकारी की मौत

### सीएम केसीआर ने की 50 लाख अनुग्रह राशि व परिजन को नौकरी देने की घोषणा



कोत्तागुडेम/हैदराबाद, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोत्तागुडेम के चंद्रगोंडा मंडल के बेंडालपाडु गांव में मंगलवार को एर्राबोडु बागान में गुथिकोया आदिवासियों के हमले में वन रेंज अधिकारी की मौत हो गई। गंभीर चोट के कारण सिर पर खून बहने पर रेंजर श्रीनिवास राव को इलाज के लिए चंद्रगोंडा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना तब हुई जब वन रेंजर ने प्रवासी गुथिकोया आदिवासियों को बागान में पेड़ों को काटने से रोकने की कोशिश की।

वन मंत्री ए. इंद्रकरण रेड्डी ने श्रीनिवास राव के निधन पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा कहा कि वन भूमि का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार पोडु भूमि के मुद्दे को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है और तदनुसार उपाय किए जा रहे हैं। मंत्री ने यहां एक बयान में कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे एक वन अधिकारी पर हमला करना बेहद असहनीय है। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

वन विभाग के कर्मचारियों ने भी हमले की निंदा की है। उधर, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले में गुथिकोया आदिवासियों के हमले में मारे गए वन रेंज अधिकारी श्रीनिवास राव की मौत पर दुख व्यक्त किया और उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के अलावा 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने डीजीपी एम. महेंद्र रेड्डी को सख्त कार्रवाई करने और अपराधियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को श्रीनिवास राव के परिवार को नियमानुसार पूरा वेतन देने का भी निर्देश दिया। >14

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत के साथ एफटीए को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के साथ फ्री ट्रैड एग्रीमेंट (एफटीए) को मंजूरी दे दी क्योंकि उसकी संसद ने समझौते को पारित कर दिया है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस ने ट्विटर पर कहा, ब्रेकिंग: भारत के साथ हमारा मुक्त व्यापार समझौता संसद से पारित हो गया है। समझौते के पारस्परिक रूप से सहमत तिथि पर लागू होने की संभावना है। ऑस्ट्रेलियाई कानून के अनुसार, भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (एआई-ईसीटीए) को लागू करने से पहले उस देश की संसद द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता है। यह समझौता कपड़ा, चमड़े के सामान, आभूषण आदि जैसे क्षेत्रों में भारत में ऑस्ट्रेलियाई उत्पादों के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच को सक्षम करेगा।

# राहुल से बोले ट्रांसलेटर आपकी हिंदी चलेगी

### 10 मिनट गुजराती ट्रांसेलशन के बाद भीड़ से आवाज आई, उन्हें हिंदी बोलने दीजिए



सूरत, 22 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के महुवा में राहुल गांधी ने चुनावी रैली की। इस दौरान एक दिलचस्प वाकया सामने आया। राहुल की स्पीच को कांग्रेस नेता भरत सिंह सोलंकी ट्रांसलेट कर रहे थे, तभी आवाज आई कि उन्हें हिंदी बोलने दीजिए।

राहुल अपनी पहली चुनावी रैली की शुरूआत सूरत के महुआ से की। यहां काकडा गांव में वे आदिवासियों के बीच बोल रहे थे। पहले राहुल बोलते और फिर भरत सिंह सोलंकी इसे गुजराती में दोहराते। इस वजह से राहुल गांधी को बार-बार रुकना पड़ रहा था। ये सिलसिला 12-13 मिनट तक चला। इसी बीच जनसभा से एक व्यक्ति मंच के सामने आया और भरत सिंह सोलंकी से कहा कि आप राहुल की बातें गुजराती में ना दोहराएं। राहुल को हिंदी में ही बोलने दीजिए। फिर भरत सिंह ने राहुल से कहा, आप हिंदी में बोलिए चलेगा, आपकी हिंदी समझते हैं।

**चुनावी सभा में इंदिरा का जिक्र, आदिवासियों पर फोकस**

राहुल ने जनसभा में कहा, बचपन में उनकी दादी इंदिरा गांधी ने एक किताब दी थी, तेंदू आदिवासी बच्चा। मुझे दादी ने बताया था कि आदिवसी इस देश के पहले और असली मालिक हैं। आदिवासी का मतलब है कि ये देश आपका था और आपको हक मिलना चाहिए। भाजपा के लोग आपको आदिवासी नहीं कहते, आपको वनवासी कहते हैं। वे आपको ये नहीं कहते कि आप हिंदुस्तान के पहले मालिक हो। फर्क समझ आया। वे चाहते हैं आप जंगल में रहो। इसके बाद भी वे रुकते नहीं, वे आपसे जंगल छीनने का काम शुरू कर देते हैं। आज से 5-10 साल बाद सारा जंगल इनके दो-तीन उद्योगपतियों के हाथ में होगा और आपको रहने की जगह नहीं होगी।

### केंद्र से सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# 2007 के बाद से मुख्य चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल में कटौती क्यों की गई?

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों के संविधान पीठ ने इस याचिका को लेकर केंद्र से कई सवाल किए। अदालत ने सरकार से पूछा कि 2007 के बाद से सभी मुख्य चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल कम क्यों हो रहे हैं। 2007 के बाद से सभी मुख्य चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल में कटौती क्यों की गई है? शीर्ष अदालत ने कहा कि हमने ये यूपीए के तहत और वर्तमान सरकार के तहत भी देखा है।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में संसद को सुधार लाने की जरूरत है। ये चुनाव आयोग के कामकाज को प्रभावित करता है। साथ ही चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) की स्वतंत्रता को भी प्रभावित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि 2007 से मुख्य चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल में कटौती क्यों की गई, जबकि 1991 के अधिनियम के तहत पद धारण करने वाले अधिकारी का कार्यकाल छह साल का है। इसके परिणामस्वरूप कई सीईसी अपने परिकल्पित कार्यों को पूरा करने में असमर्थ हैं।

सीईसी सहित भारत के चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया में सुधार की मांग करने वाली याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई करते हुए जस्टिस के एम जोसेफ, जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार की 5 जजों की संविधान पीठ ने सरकार से सवाल कई सवाल पूछे।

पीठ ने यह भी पूछा कि सरकार अदालत को बताए कि क्या उसने कभी इस संबंध में किसी कानून पर विचार किया है या नहीं।

सुनवाई के दौरान जस्टिस जोसेफ ने कहा, आप सीईसी को इतना छोटा कार्यालय दे रहे हैं कि वह आपके भरोसे रहते हैं। संसद को एक फैसला करना है। संविधान ने प्रावधान के अनुसार संसद पर एक दायित्व डाला गया है।

जस्टिस जोसेफ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, हम इसे एक उद्देश्य के लिए इंगित कर रहे हैं। 2007 से अब तक सीईसी का कार्यकाल बहुत छोटा रहा है। करीब 2 साल और कुछ नियुक्तियों में उससे भी कम। सवाल यह है कि 1991 के अधिनियम के तहत सीईसी का कार्यकाल 6 वर्ष हुआ करता था। हालांकि, प्रावधान में कहा गया है कि अगर वह 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है, तो वह उस अवधि के पूरा होने से पहले सेवानिवृत्त हो जाएगा।

जस्टिस जोसेफ ने आगे कहा, यहां स्वतंत्रता विफल हो जाती है। हम आपसे इस पर जवाब चाहते हैं। अब जब सीईसी को उनका पूरा कार्यकाल नहीं मिल रहा है, तो वे अपने कार्यों को कैसे अंजाम देंगे। यह चलन जारी रहता है। चाहे वह यूपीए सरकार हो या यह सरकार।

# सीएम स्टालिन मानहानि मामले में किशोर स्वामी को जेल भेजा

### आपत्तिजनक ट्वीट मामले में कार्रवाई


किशोर के. स्वामी

चेन्नई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के मानहानि मामले के आरोपी किशोर के. स्वामी को पांच दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। स्वामी को अपमानजनक ट्वीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। स्वामी को एग्मोर की फौजदारी कोर्ट ने चेन्नई जिले की पुझाल जेल भेजने का आदेश दिया। चेन्नई सिटी पुलिस ने सीएम स्टालिन के खिलाफ एक ट्वीट करने के आरोप में सोशल मीडिया कमेंटेटर स्वामी को गिरफ्तार किया था।

**भाजपा समर्थक हैं स्वामी :**

किशोर स्वामी सोशल मीडिया पर राजनीतिक टिप्पणियां करते रहे हैं। वे भाजपा समर्थक हैं। डीएमके और उसके समर्थक दलों की लगातार आलोचना करते रहे हैं। शिकायतकर्ता इमरान ने सेंट्रल क्राइम ब्रांच में की गई शिकायत में आरोप लगाया था कि स्वामी ने सीएम को बदनाम करने की कोशिश की। जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने स्वामी के खिलाफ मानहानि, राष्ट्रद्रोह समेत चार धाराओं में केस दर्ज किया और उन्हें पूछताछ के लिए समन भेजा था। समन पर पेश होने की बजाए स्वामी ने चेन्नई की सत्र अदालत में याचिका दायर कर अग्रिम जमानत मांगी थी। कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद स्वामी को गिरफ्तार कर एग्मोर की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 5 दिसंबर तक जेल भेज दिया।

**कोयम्बटूर कार धमाके को लेकर स्टालिन सरकार की आलोचना की थी :**

स्वामी ने कोयम्बटूर कार धमाके लेकर स्टालिन सरकार की आलोचना की थी। धमाके में कथित मानव बम जमीशा मुबीन नामक युवक की मौत हो गई थी। स्वामी ने चेन्नई सहित तमिलनाडु के कई शहरों में जलभराव और बाढ़ को लेकर भी सीएम स्टालिन की आलोचना की थी।

**पिछले साल भी गिरफ्तार किया गया था :**

स्वामी को इससे पहले 14 जून, 2021 को द्रमुक नेताओं दिवंगत अन्नादुराई और करुणानिधि और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को बदनाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। स्वामी पर गुंडा एक्ट भी लगाया गया और छह महीने तक जेल में रखा गया था। हालांकि, मद्रास हाई कोर्ट ने दिसंबर 2021 में उनके खिलाफ गुंडा एक्ट को रद्द कर दिया और उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया था।

**प्राचीन डीएनए और बीएसएल-3 प्रयोगशालाओं का अनावरण :**

तमिलनाडु के मंत्री थंगम थेनारासु ने मंगलवार को कामराज यूनिवर्सिटी (एमकेयू) में प्राचीन डीएनए और बीएसएल-3 प्रयोगशालाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। सभी प्राचीन वस्तुएं जो पहले फ्लोरिडा की एक प्रयोगशाला में भेजी जाती थीं, अब भारत में जांच की जा सकती हैं। ये भारत के लिए एक बड़ा विकास है।

# सत्येंद्र जैन की मसाज करने वाला रेप का आरोपी

### तिहाड़ के अफसर बोले वो फीजियोथैरेपिस्ट नहीं, पॉक्सो एक्ट में अरेस्ट हुआ है

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। तिहाड़ जेल में सजा काट रहे दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन जिस व्यक्ति से अपनी मसाज करवा रहे थे, वो रेप केस में आरोपी है। जेल में मसाज के वीडियो सामने आने के बाद भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाया था। उसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि जैन की तबीयत खराब है और उन्हें फीजियोथैरेपी दी जा रही है।

न्यूज एजेंसी ने तिहाड़ के ऑफिशियल सूत्रों के हवाले से बताया कि जैन को मसाज देने वाला व्यक्ति पॉक्सो एक्ट में बंद है। उसे एक साल पहले गिरफ्तार किया गया था। वह फीजियोथैरेपिस्ट नहीं है।

यह खबर सामने आने के बाद भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, अच्छा तो ये फीजियोथैरेपिस्ट नहीं था। सत्येंद्र जैन को मसाज देने वाला रेपिस्ट था। केजरीवाल को जरूर इस पर जवाब देना चाहिए कि उन्होंने सत्येंद्र जैन का बचाव क्यों किया और फीजियोथैरेपिस्ट की बेइज्जती क्यों की। दिल्ली की एक कोर्ट में जैन की ओर से पेश हुए एडवोकेट राहुल मेहरा ने आरोप लगाया है कि ईडी कोर्ट के आदेश और दिए गए वचन के बावजूद मीडिया को संवेदनशील जानकारी लीक कर रहा है। हालांकि ईडी के वकील जोहैब हुसैन ने इन आरोपों से इनकार किया है।

वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तुरंत सत्येंद्र जैन के पक्ष में सामने आए थे। उन्होंने कहा था कि जैन बीमार हैं और डॉक्टरों की सलाह पर फीजियोथैरेपी ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि तिहाड़ के वीडियो लीक कैसे हुए और भाजपा के पास कैसे पहुंचे। साथ ही जैन की बीमारी का मजाक बनाने को शर्मनाक बताया था।

सिसोदिया के बयान का इंडियन एसोसिएशन ऑफ फीजियोथैरेपिस्ट ने विरोध किया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा था, प्रोफेसर के तौर पर ये कह सकता हूं कि वीडियो में जो मसाज दिखाई दे रही है, वह फीजियोथैरेपी नहीं।

## बुजुर्ग के बैग से उड़ाए 1.96 लाख रुपए

नारनौल, 22 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के नारनौल में पंजाब नेशनल बैंक में एक बुजुर्ग व्यक्ति के 1 लाख 96 हजार रुपए चोरी हो गए। वारदा उस समय हुई जबकि वह काउंटर पर 2-2 हार के दो नोट बदलवाने के लिए गया था। चोरी का शक बैंक में आई दो महिलाओं पर है। वे बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वारदात की सूचना के बाद पुलिस ने बैंक पहुंच कर छानबीन शुरू की और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया। राजस्थान के जिला अलवर के गांव जट गांवडा निवासी हरिराम ने बताया कि वह गत दिवस महेंद्रगढ़ रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अपने खाते से 2 लाख रुपए निकलवाने गया था।

# संजय राउत बोले महाराष्ट्र में राज्यपाल की गरिमा खत्म हुई, जनता भी नाराज





मुंबई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक बार फिर मंगलवार को राज्यपाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्हें हम राज्यपाल मानने को तैयार नहीं हैं। वे तो बीजेपी के प्रचारक हैं। जो राज्यपाल होते हैं वह तो संविधान का ध्यान रखते हैं, लेकिन जिस प्रकार से राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने जो भी वक्तव्य दिया है उससे महाराष्ट्र की जनता में गुस्सा है। लोग इसका विरोध कर रहे हैं, महाराष्ट्र में राज्यपाल की गरिमा खत्म हो गई है। राज्यपाल कोश्यारी पर संजय राउत ने कहा कि सरकार तटस्थ होनी चाहिए और उसे अपने शब्दों और आचरण में गरिमा दिखानी चाहिए। हमारी सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले या सावित्रीबाई फुले पर बोलती है, क्या वे महाराष्ट्र का मजाक बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में किसी भी राज्यपाल के खिलाफ इतना गुस्सा कभी नहीं हुआ। लोग हंगामा कर रहे हैं। महाराष्ट्र में राज्यपाल पद की गरिमा खत्म हो गई है, क्योंकि बीजेपी ने राजभवन को अपना पार्टी मुख्यालय बना लिया है।

**कर्नाटक के साथ सीमा विवाद पर समिति का पुनर्गठन**

कर्नाटक के साथ सीमा विवाद पर महाराष्ट्र सरकार की उच्च शक्ति समिति का वर्तमान सरकार द्वारा पुनर्गठन किया गया है। सीएम, डिप्टी सीएम और कुछ अन्य मंत्रियों के अलावा विधानसभा और परिषद में विपक्ष के दोनों नेता इसके सदस्य हैं। एनसीपी प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस के पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण भी कर्नाटक के साथ सीमा विवाद पर महाराष्ट्र सरकार की उच्च शक्ति समिति के सदस्य हैं।

**विश्व मराठी सम्मेलन के लिए जीआर जारी**

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में 4-6 जनवरी 2023 को विश्व मराठी सम्मेलन आयोजित करने को लेकर जीआर जारी किया है। इसके लिए प्रदेश व देश की मराठी व महाराष्ट्र से जुड़ी सभी संस्थाओं को आमंत्रित किया जा रहा है।

**गुजरात चुनाव को लेकर भी आया आदेश**

महाराष्ट्र सरकार ने एक जीआर जारी किया और पालघर, नासिक, नंदुरबार और धुले जैसे महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिलों में काम करने वाले गुजरात विधानसभा के मतदाताओं के लिए 1 दिन की छुट्टी की अनुमति दी। सभी प्राइवेट कंपनियों को इसका पालन करने का निर्देश दिया गया है। यदि आदेश का उल्लंघन किया जाता है, तो कार्रवाई की जाएगी।

## लकड़ी तस्करी को लेकर असम-मेघालय सीमा पर भड़की हिंसा

**वन रक्षक समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत**

गुवाहाटी, 22 नवंबर (एजेंसियां)। असम-मेघालय सीमा पर पुलिस द्वारा मंगलवार तड़के अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को रोकने के बाद हुई हिंसा में एक वन रक्षक सहित चार लोगों की मौत हो गई। पश्चिम कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक इमदाद अली ने बताया कि ट्रक को मेघालय सीमा पर असम वन विभाग की टीम ने तड़के करीब तीन बजे रोका। जैसे ही ट्रक ने भागने की कोशिश की, वन रक्षकों ने उस पर फायरिंग कर दी और उसका टायर पंचर कर दिया। उन्होंने कहा कि चालक, अप्रेंटिस और एक अन्य व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। अधिकारी ने बताया कि वन रक्षकों ने घटना के बारे में जिरिकेंडिंग पुलिस थाने को सूचित किया और अतिरिक्त बल की मांग की। अधिकारी ने कहा कि जैसे ही पुलिस पहुंची, मेघालय के लोग 'दाव' (कटार) और अन्य हथियारों से लैस बड़ी संख्या में सुबह करीब पांच बजे घटनास्थल पर जमा हो गए। उन्होंने कहा कि जैसे ही भीड़ ने गिरफ्तार लोगों की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए वन रक्षकों और पुलिस का घेराव किया, अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए उन पर गोलीबारी की। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

# 'बीजेपी के संपर्क में टीएमसी के 30 विधायक'

## अग्निमित्रा पॉल का बड़ा दावा- अगले महीने बंगाल में होगा खेला



कोलकाता, 22 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में अगले महीने यानी दिसंबर में बड़ा खेला होगा। बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने ये दावा किया है। पॉल ने दावा किया है कि टीएमसी के 30 से ज्यादा विधायक बीजेपी के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार नहीं चल पाएगी। बता दें कि अग्निमित्रा पॉल ने ऐसे समय में यह दावा किया जब नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी काफी दिनों से यह दावा करते आ रहे हैं कि दिसंबर में टीएमसी की सरकार नहीं रहेगी। शुभेंदु अधिकारी के बाद अब बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने यह दावा किया है।

अग्निमित्रा पॉल ने कहा, दिसंबर में बंगाल में बड़ा खेला होगा। 30 से ज्यादा टीएमसी विधायक बीजेपी के संपर्क में हैं। टीएमसी विधायक जानते हैं कि दिसंबर के बाद उनकी सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी, ऐसे में उनका अस्तित्व दांव पर है।

**हम सुन रहे, दिसंबर में कुछ हो सकता है: पॉल**

अग्निमित्रा पॉल ने कहा, मैं एक साधारण नेता हूं। हमारे शीर्ष नेतृत्व और विपक्ष के नेता कहते हैं कि जिस तरह से राज्य चल रहा है, सरकार डीए नहीं दे पा रही है, भुगतान करने में असमर्थ है, नौकरी नहीं मिल रही है, यह हमारे शीर्ष नेतृत्व और विपक्षी नेता अपने राजनीतिक अनुभव से कह रहे हैं। हम जो सुन रहे हैं, उससे दिसंबर में कुछ हो सकता है। इससे पहले शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया था कि दिसंबर के बाद राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार का अस्तित्व नहीं रहेगा और प्रदेश में विधानसभा के चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ 2024 में होंगे।

उन्होंने कहा था, कुछ महीने रुकिए, यह सरकार पश्चिम बंगाल में सत्ता में नहीं रहेगी। मेरी बातों का गांठ बांध लीजिए, इस साल दिसंबर तक पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार सत्ता में नहीं होगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में अधिकारी ने बार-बार दावा किया है कि विपक्षी पार्टियों की शासित राज्यों झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में महाराष्ट्र जैसी स्थिति होगी।

## शादी में शरीक होने जा रहे 5 बाराती समेत 7 लोगों की मौत

नवगांव/तेजपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। असम में प्राणघातक सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में तेज रफ्तार ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य सड़क दुर्घटना में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार 2 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इन हादसों के बारे में मंगलवार को जानकारी दी। भारत में तमाम कोशिशों के बावजूद सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं। एनएचएआई और सरकार की ओर से लगातार नियंत्रण में रहकर वाहन चलाने की सलाह दी जाती है, इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाएं नहीं थम रही हैं।

# कोलकाता पहुंचे नए राज्यपाल सीवी आनंद बोस

**आज लेंगे पद की शपथ**



कोलकाता, 22 नवंबर (एजेंसियां)। सीवी आनंद बोस पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल बनने जा रहे हैं। राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल मंगलवार को कोलकाता पहुंचे। उनका शपथ ग्रहण समारोह बुधवार यानी 23 नवंबर को होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुबह करीब 9।30 बजे पहुंचे। राज्य के नगरपालिका मामलों, शहरी विकास मंत्री, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल भी मौजूद थे।

**नियुक्ति का ऐलान 17 नवंबर को हुआ था**

बोस को कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव शपथ दिलाएंगे। उनकी नियुक्ति का ऐलान राष्ट्रपति भवन ने 17 नवंबर को की थी। मीडिया से बातचीत के दौरान नए राज्यपाल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ उनकी बातचीत राजनीतिक होने के बजाय प्रशासनिक होगी। उनके नाम की घोषणा के बाद बनर्जी ने फोन कर उन्हें बधाई दी थी। तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व के एक वर्ग ने राज्य सरकार या मुख्यमंत्री से परामर्श किए बिना बोस की नियुक्ति पर नाराजगी व्यक्त की है। इस बीच, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी बोस का हार्दिक स्वागत किया।

उन्होंने कहा, हमें उनसे बहुत उम्मीदें हैं, क्योंकि हमने एक पूर्व नौकरशाह के रूप में उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली के बारे में सुना है। शुभेंदु अधिका ने कहा कि अब सभी की निगाहें आने वाले दिनों में गवर्नर हाउस-राज्य सचिवालय के समीकरणों पर टिकी होंगी, जो जगदीप धनखड़ के राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान दोनों संस्थानों के बीच लगातार खींचतान की खबरों के बाद सुर्खियों में रहे। खींचतान इस हद तक पहुंची कि मुख्यमंत्री ने धनखड़ को ट्विटर पर ब्लॉक तक कर दिया।

# लद्दाख में भूकंप के झटके रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.3

जम्मू/लेह, 22 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4,3 मापी गई है। आज सुबह 10:05 पर लद्दाख के कारगिल से 191 किमी उत्तर में भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। हालांकि इसमें फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान खबर नहीं मिली है।

**कैसे आता है भूकंप?**

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकरना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं।




सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

**भूकंप की तीव्रता**

रिक्टर स्केल पर 2,0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं। इसी तरह 2,0 से 2,9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3,0 से 3,9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है। लाइट कैटेगरी के भूकंप 4,0 से 4,9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

# पीएम मोदी ने जताया दुख

## कहा- भारत दुख की घड़ी में इंडोनेशिया के साथ



नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया में आए भीषण भूकंप पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि इंडोनेशिया में भूकंप से जान-माल के नुकसान से दुखी हूं। पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। दुख की इस घड़ी में भारत इंडोनेशिया के साथ खड़ा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इंडोनेशिया के जावा में भयंकर भूकंप के कारण हुई लोगों की मौत पर दुख जताया। इंडोनेशिया के घनी आबादी वाले मुख्य द्वीप जावा में भूकंप के कारण कई मकान ध्वस्त हो गये, कम से कम 162 लोगों की मौत हो गई तथा सैंकड़ों अन्य घायल हो गए। जयशंकर ने ट्विटर पर कहा कि इंडोनेशिया के जावा में भूकंप के कारण हुई जानमाल की क्षति की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# सोनाली फोगाट मर्डर केस में दायर हुई चार्जशीट

## सीबीआई ने 2 लोगों को बनाया आरोपी



पानीपत, 22 नवंबर (एजेंसियां)। सोनाली फोगाट मर्डर केस में सीबीआई ने चार्जशीट दायर की है। गोवा के कर्लिज बार में संदिग्ध हालात में सोनाली की मौत हुई थी। पीए सुधीर सांगवान और सुखविंदर पर जबरन ड्रग देकर मारने का आरोप लगा था। सोनाली के कत्ल के आरोप में उस समय दोनों को गिरफ्तार भी किया गया था। अब सीबीआई ने दोनों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। केस को पहले गोवा पुलिस ने तफ्तीश की थी। उसके बाद मामले को सीबीआई को सौंपी गई थी। सोमवार को गोवा की कोर्ट में चार्जशीट दायर की गई। सीबीआई ने मामले में गिरफ्तार किए गए सांगवान और सुखविंदर सिंह से कोलवाले जेल में पूछताछ की थी। सीबीआई ने गोवा पुलिस के दस्तावेजों की भी जांच की है, जो 500 से अधिक पन्नों का है। इसमें गवाहों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। सीबीआई ने अपराध स्थल कर्लीज को भी फिर से रिक्रिएट किया, जहां फोगाट को कथित तौर पर ड्रग्स दिया गया था।

**सोनाली फोगाट की गोवा में हुई थी मौत**

सोनाली फोगाट की मौत मामले में गोवा पुलिस और सीबीआई दोनों ने गोवा से लेकर हरियाणा में हिसार, रोहतक और गुरुग्राम तक तफ्तीश की थी। सोनाली की बहन और परिजनों ने सुधीर सांगवान पर हत्या का आरोप लगाया था। 22-23 अगस्त की रात को सोनाली फोगाट की मौत हुई थी।

**बेटी ने पीएम मोदी को लिखी थी चिट्ठी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री के अनुरोध और खाप महापंचायत की मांग के बाद गोवा सरकार ने फोगाट हत्या मामले को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया था। सोनाली फोगाट की बेटी यशोधरा फोगाट ने भी सीबीआई जांच की मांग की थी। यशोधरा ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी भी लिखी थी।

# आनंद तेलतुंबडे जमानत के मामले में शीर्ष कोर्ट पहुंची एनआईए

## बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को दी चुनौती



नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। भीमा कोरेगांव मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपी आनंद तेलतुंबडे को जमानत देने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार यानी 25 नवंबर को मामले की सुनवाई के लिए राजी हो गया है। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने 18 नवंबर को भीमा कोरेगांव मामले के आरोपी आनंद तेलतुंबडे को जमानत दे दी थी। उन्हें एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी गई थी। एनआईए के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के अनुरोध पर हाईकोर्ट ने एक सप्ताह के लिए आदेश पर रोक लगा दी थी। तेलतुंबडे को अप्रैल 2020 में गिरफ्तार किया गया था। आनंद तेलतुंबडे वर्तमान में नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद हैं। एक विशेष कोर्ट के जमानत देने से इनकार करने के बाद तेलतुंबडे ने पिछले साल हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका में किया गया था कि वह 31 दिसंबर 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे और उन्होंने कोई भड़काऊ भाषण भी नहीं दिया था।दरअसल, एक जनवरी को भीमा-कोरेगांव लड़ाई के 200 साल पूरे होने के मौके पर एक कार्यक्रम में हिंसा भड़क गई थी। इसमें एक की मौत हो गई थी और 10 पुलिसकर्मियों सहित कई घायल हो गए थे।

भीमा-कोरेगांव में झड़पों के बाद जनवरी में राज्यव्यापी बंद के दौरान पुलिस ने 162 लोगों के खिलाफ 58 मामले दर्ज किए थे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 82 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता पी वरवरा राव को जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अंतरिम आदेश में भीमा कोरेगांव के एक अन्य आरोपी गौतम नवलखा को उनकी स्वास्थ्य स्थिति और वृद्धावस्था को देखते हुए एक महीने की अवधि के लिए घर में नजरबंद रखने की अनुमति दी थी।

# 'मैं किसी से नहीं डरता, न ही किसी को मुझसे डरने की जरूरत'

## कांग्रेस में गुटबाजी के आरोप पर बोले थरूर



मल्लपुरम, 22 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को अपने मालाबार दौरे को जारी रखते हुए यहां पनक्कड़ में यूडीएफ-सहयोगी आईयूएमएल के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया को संबोधित किया और अपने ऊपर लगे आरोप को लेकर जवाब दिया। मालाबार दौरे को लेकर जब मीडिया ने सवाल किया कि आपके इस दौरे से किसे डर था? तो उन्होंने जवाब दिया कि न ही वह किसी से डरते हैं और न ही किसी को मुझसे डरने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके ऊपर गुटबाजी के जो आरोप लग रहे हैं वे बेबुनियाद हैं।

**जानें थरूर ने ऐसा बयान क्यों दिया?**

दरअसल, कांग्रेस नेता शशि थरूर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने और सार्वजनिक हस्तियों से मिलने के लिए चल रहे मालाबार दौरे ने कांग्रेसियों के कान खड़े कर दिए हैं। केरल में कांग्रेस के एक महत्वपूर्ण वर्ग में से कुछ ने तिरुवनंतपुरम सांसद के कदम के पीछे एक एजेंडा भांप लिया है। राज्य कांग्रेस में एक नए थरूर समूह के उभरने के संकेत मिल रहे हैं और उनके समर्थक उन नेताओं के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं, जिन्होंने कथित रूप से संघ परिवार और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती पर आयोजित एक सेमिनार पर अघोषित प्रतिबंध लगाया था। अब इन्हीं अटकलों को जवाब देते हुए थरूर ने कहा कि न ही वह किसी से डरते हैं और न ही किसी को मुझसे डरने की जरूरत है।

**विरोधियों को डर, थरूर खुद को सीएम पद का उम्मीदवार स्थापित कर रहे**

पार्टी में थरूर के विरोधियों को लगता है कि अपने कार्यक्रमों के जरिए वह राज्य में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ के शासन को समाप्त करने के लिए 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए खुद को कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के आदर्श मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। चूंकि यह मुद्दा कांग्रेस की राज्य इकाई में उछलता रहा, पार्टी के वरिष्ठ नेता और वाटकारा के सांसद के मुरलीधरन ने अपने थरूर का समर्थन करते हुए कहा कि यूथ कांग्रेस द्वारा उस कार्यक्रम को रद्द करने के पीछे एक साजिश थी, जिसमें थरूर को भाग लेना था।

वरिष्ठ नेताओं के थरूर के पक्ष में बयान जारी करने के साथ केपीसीसी प्रमुख के सुधाकरन ने सोमवार को पार्टी नेताओं को अपनी राय सार्वजनिक रूप से प्रसारित करने से रोक दिया। उन्होंने इन खबरों को भी निराधार बताया कि थरूर को सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होने से रोक दिया गया था। सुधाकरन ने कहा कहा कि थरूर ने भी इसका खंडन किया है।

इससे पहले केपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष और दिग्गज कांग्रेसी नेता के करुणाकरन के बेटे मुरलीधरन ने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले कांग्रेस सदस्यों पर प्रतिबंध उन लोगों द्वारा लगाया जा सकता है जो केरल में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार बनना चाहते हैं और हो सकता है राज्य में थरूर की गतिविधियों से खतरा महसूस कर रहे हैं।

# सरकारी अधिकारी का फर्जी वोटर आईडी बनाने के केस में तीन रेवेन्यू अधिकारी सस्पेंड

बेंगलुरू, 22 नवंबर (एजेंसियां)। बेंगलुरू महानगर पालिका ने निजी सर्वेयर्स को सरकारी अधिकारी का फर्जी आईडी कार्ड जारी करने का आरोप में तीन रेवेन्यू अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। कांग्रेस ने गुरुवार को पिछले हफ्ते आरोप लगाए थे कि बेंगलुरू में बीजेपी सरकार ने बड़े पैमाने पर वोटर्स लिस्ट में फर्जीवाड़ा कर षड्यंत्र किया है। कांग्रेस का आरोप है कि अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति और इसी तरह उन वोटर्स का नाम इस साजिश के तहत हटाना था जो बीजेपी को वोट नहीं देते थे। इसके लिए बीजेपी ने सर्वे करवाया था। बाद में सरकारी अधिकारियों के फर्जी पहचान पत्र बनवाए गए और जीवित लोगों को मृत घोषित कर उनका नाम सूची से हटा दिया गया। इस साजिश में महानगर पालिका बराबर की षड्यंत्रकारी है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अपनी सरकार पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि मामला एक एनजीओ का है जिसने सर्वे किया उसके और नगरपालिका के बीच है। ऐसे में सरकार को बेवजह बदनाम किया जा रहा है। पुलिस ने मामला सामने आने के बाद एनजीओ के संस्थापक और एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया था।

# पुलिस ने एक सप्ताह में गिरफ्तार किए 366 नशा तस्कर

चंडीगढ़, 22 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) के अंतर्गत पिछले सप्ताह में 258 एफआईआर के तहत 366 नशा तस्करों व सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजीपी) हेडक्वार्टर सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि पुलिस ने एक सप्ताह में 8,44 किलो हेरोइन, 7,75 किलो अफीम, 17,64 किलो गांजा, 19 क्विंटल भुक्की और 59 किलो नशे की गोलियां, कैप्सूल, इंजेक्शन व शीशियां भी बरामद की हैं। इसके अलावा उनके पास से 1,22 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह एनडीपीएस केसों में 15 और भगोड़े गिरफ्तार किये जाने से गिरफ्तारियों की कुल संख्या 444 तक पहुंच गई है। क्योंकि 5 जुलाई, 2022 को भगोड़ों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष मुहिम शुरू की गई थी। उधर पुलिस ने बीते सोमवार को अमृतसर में वेरका बाईपास के नजदीक 13 किलो हेरोइन बरामद करने के बाद राजस्थान के दो नशा-तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान राजस्थान के निवासी सुखबीर सिंह उर्फ काला और बिंदर सिंह उर्फ बिंदु के रूप में हुई है। जिक्र योग्य है कि डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने सभी सीपीज, एसएसपीज को सख्त हिदायतें दी थीं कि वह हर मामले में खास तौर पर नशों की बरामदगी से जुड़ी पिछली और अगली कड़ियों की बारीकी से जांच करें,

# रामनगरी को करीब से जानने के लिए तमिल मेहमान पहुंचे अयोध्या



अयोध्या, 22 नवंबर (एजेंसियां)। काशी तमिल संगमम के अतिथि अयोध्या भ्रमण के तहत सोमवार को विशेष ट्रेन से रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सभी तमिल मेहमानों का धूमधाम से स्वागत किया गया। 216 मेहमानों के दल श्रीराम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, सरयू आरती स्थल और दीपोत्सव स्थल समेत अन्य मंदिरों का दर्शन पूजन करेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। स्वागत से अभिभूत मेहमानों ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि हम आज अयोध्या पहुंचे हैं और रामलला के दर्शन करेंगे।

काशी तमिल संगमम का मुख्य उद्देश्य तमिल और उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत की संस्कृति का आपस में आदान प्रदान करना है। काशी तमिल संगमम के अतिथियों में तमिल के अध्यात्मिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि से जुड़े साहित्यकार भी शामिल हैं।

**अयोध्या को करीब से देखने का मिला मौका**

इस दौरान तमिल मेहमानों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहनीय पहल है। ऐसे सराहनीय पहल से यह संभव हो पाया कि हम भगवान राम की नगरी को बहुत करीब से देख पाएंगे। आगामी 17 दिसंबर तक तमिल मेहमानों का दल अलग-अलग तिथियों में अयोध्या पहुंचेगा। इस दौरान मेहमानों को राम नगरी की संस्कृति से रूबरू कराया जाएगा।

# रामगोपाल बोले- इंदिरा ने जबरदस्ती नेताजी को चुनाव हरवाया

## कहा- मुलायम ने सब्जी बेचने वालों को भी बना दिया मंत्री



लखनऊ, 22 नवंबर (एजेंसियां)। मुलायम सिंह यादव की आज जयंती है। जिसे पार्टी धरती पुत्र दिवस के रूप में मना रही है। इस मौके पर सैफई में नेताजी की समाधि को गुलाब की पंखुड़ियों से सजाया गया। यहां पहुंचकर अखिलेश, शिवपाल समेत सपा नेताओं ने मुलायम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**अखिलेश बोले- शहीदों को घर तक सम्मान नेता जी की देन है**

अखिलेश यादव ने सैफई महोत्सव पंडाल में कहा कि जिस पंडाल में आज नेता जी की जयंती मनाई जा रही है। वह पंडाल भी नेता जी की देन है। सांस्कृतिक कार्यक्रम को ऊंचाई तक ले जाने का काम नेता जी ने किया। आज भी याद है जब यहां पर सैफई महोत्सव चल रहा था। बॉलीवुड से लेकर देश दुनिया के प्रसिद्ध कलाकर पहुंचे थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था तभी बहुत तेज बारिश होने लगी। पूरा पंडाल भीग गया। सभी लोग भीग गए। इस वजह से इस बड़े पंडाल को नेताजी ने जनता की मांग पर बनवाया, जिसमें आप लोग बैठे हैं। सैफई महोत्सव से नेताजी की यादें जुड़ी हैं, लोगों के दिल में नेताजी आज भी बसे हैं।

राम गोपाल यादव ने कहा, इंदिरा गांधी की पार्टी चुनाव में हार गई तो लोगों से पूछा देश में हमारी सरकार है, हम चुनाव कैसे हारे, इसपर उनकी पार्टी के नेताओं ने नेताजी मुलायम सिंह यादव का नाम लिया तो इंदिरा गांधी ने कहा कि इन्हें चुनाव हरवाओ। इसके बाद कलेक्टर और प्रशासन के अफसरों ने नेताजी को जबरदस्ती चुनाव हरवा दिया। उन्हें वोट तक नहीं डालने दिया। लेकिन नेताजी रुकने वाले नेता नहीं थे। वे हार नहीं माने, वह चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने, उन्होंने सब्जी बेचने वाले गरीबों को चुनाव लड़वाया, उसके बाद उन्हें मंत्री बनाया। नेताजी गरीबों के मसीहा थे। आज ही के दिन 1939 में इटावा के सैफई गांव में मुलायम सिंह यादव का जन्म हुआ था।

# नीतीश कुमार को संजय जायसवाल का अल्टीमेटम

## 13 दिसंबर तक दें 10 लाख नौकरी, वर्ना नहीं चलने देंगे सदन



पटना, 22 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में बीटीईटी और सीटीईटी पास बेरोजगारों की लड़ाई अब भाजपा लड़ेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने आज बेरोजगारों से पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया है कि अब उनकी लड़ाई भाजपा लड़ेगी। साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार को चुनौती दी है कि 13 दिसंबर को भाजपा रोजगार के मुद्दे पर सदन में जबाव मांगेगी। अगर 13 दिसंबर से पहले नौकरी नहीं दी गयी तो भाजपा सदन को नहीं चलने देगी।

**लड़ाई अब भाजपा लड़ेगी**

बेरोजगारों के साथ बैइक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि संजय जायसवाल ने आगे कहा कि बीटीईटी और सीटीईटी पास अभ्यर्थियों की लड़ाई अब भाजपा लड़ेगी और नीतीश कुमार को हमारे आगे झुकना ही पड़ेगा। जायसवाल ने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ उन्ही लोगों को नियुक्ति पत्र बांटने में लगे हैं, जिनकी जॉइनिंग महीनों पहले ही हो चुकी है।

**नौकरी देने में वर्तमान सरकार फिसड्डी**

उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी देने में वर्तमान सरकार फिसड्डी है। नीतीश कुमार केवल नौकरी देने का दिखावा कर रहे हैं। यही वजह है कि अपने सहयोगी तेजस्वी यादव के साथ मिलकर वे ऐसे पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं, जो अपनी ड्यूटी से फुर्सत निकालकर बर्दी पहने जॉइनिंग लेने पहुंच रहे हैं।

सदन को शान्ति से चलने नहीं देंगे उन्होंने कहा है कि राजग की सरकार में जो जनता से रोज़गार और नौकरी देने का वादा किया गया था, कम से कम उसे तो पूरा कर लिया जाये। तेजस्वी यादव ने भी वादा किया था कि अगर बिहार में हमारी सरकार बनती है, तो हम 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे। संजय जायसवाल ने नीतीश कुमार को खुली चुनौती दी है कि अगर इन अभ्यर्थियों की बहाली नहीं होती है, तो हम विधानसभा में जमकर हंगामा करेंगे और सदन को शान्ति से चलने नहीं देंगे।

**हंगामेदार होगा शीतकालीन सत्र**

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 13-19 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। विधानमंडल का ये सत्र कुल 5 दिनों का होगा। इसें पहले दिन यानी 13 दिसंबर को विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष संबोधित करेंगे। उसके बाद हाल में जिन दो विधायकों ने जीत हासिल करके विधानसभा में अपनी जगह बनायी, उन्हें शपथ दिलाया जाएगा। आज के प्रेस वार्ता के बाद यह तय हो गया है कि शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं।

# ऐसा जुर्म आसपास तो नहीं पनप रहा

## यहां 17-18 साल वालों ने साजिश रच मासूम को अगवा किया, फिर वीभत्स हत्या




सीतामढ़ी/पटना, 22 नवंबर (एजेंसियां)। 19 नवंबर को 5वीं का छात्र सन्नी गायब हुआ तो परिजनों ने सोशल मीडिया पर तस्वीर के साथ ढूंढ़ने की गुहार लगाई। थाने पहुंचकर नामजद आरोपियों पर अपहरण का आरोप लगाया। मगर, न सोशल मीडिया के जरिए मदद मिली और न पुलिस ने तेजी दिखाई। नतीजा, 11 साल का सन्नी मार डाला गया। सीतामढ़ी में सहीयारा थाना क्षेत्र के भीखा हरिकेश गांव में जब घर से कुछ ही दूर जंगल में सोमवार को सन्नी की लाश मिली तो कहानी सामने आई कि गोतिया के जमीन विवाद में यह हत्या हुई। लेकिन, कहानी इतनी ही नहीं। यह हर घर के लिए सीख है। दरअसल, अपहरण कर हत्या का मुख्य आरोपी अभी-अभी नाबालिग से बालिग हुआ है। उसने सबकुछ जान-समझ कर सन्नी को शिकार बनाया। टारगेट कोई और था, लेकिन उससे इस तरह बदला लेना आसान नहीं था, इसलिए मासूम सन्नी शिकार बना। अपहरण-हत्या के चार में से एक आरोपी नाबालिग भी है, जो कानून का फायदा उठाकर शायद फांसी तक नहीं पहुंचे, लेकिन अगर अब सामने आ रही यही वजह और साजिश सच्ची है तो कानून को भी सोचना होगा।

अपहरण-हत्या की साजिश कुछ दिन पहले रची गई थी, शिकार के रूप में सन्नी का चुनाव बाद में हुआ।

सन्नी के दादा का नाम कपिलदेव सिंह है। कपिलदेव सिंह के 5 बेटे- कृष्णनंदन, अरुण, उदय, विजय और विपिन। कृष्ण नंदन का बेटा किशन और शिवम है। उदय का उज्ज्वल और विपिन का सन्नी।

# प्रशिक्षु नर्स के साथ क्रूरता की हदें पार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

लखनऊ, 22 नवंबर (एजेंसियां)। प्रशिक्षु नर्स के साथ क्रूरता हदे पार कर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित नर्स के द्वारा स्थानीय थाने में तहरीर देकर भवानीपुर करेंद गांव निवासी अवेंद्र कुमार सोनवानी पुत्र संतराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बिजनौर इलाके में स्थित एक संस्थान से नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान भवानीपुर गहदो के आवेंद्र सोनवानी से प्रशिक्षु नर्स की दोस्ती हुई थी। पढ़ाई के बाद पीड़िता सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षण ले रही थी। इस दौरान आवेंद्र से उसकी दोस्ती हो गई थी। झांसा देकर उसने प्रेमिका का अश्लील वीडियो बनाया और वीडियो कॉल कर शादी का दबाव बनाया।

# ओएमआर में कलम से रंगा गोला मिट सकता है

## यह देख बीपीएससी चेयरमैन चौंके, पीटी का आंसर शीट जांचेगा पैनल




पटना, 22 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के दफ्तर के बाहर और अंदर मंगलवार को जबरदस्त गहमागहमी रही। घंटों बाहर में अभ्यर्थी परीक्षाफल में गड़बड़ी का आरोप लगाकर बीपीएससी के अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। उसके बाद अभ्यर्थियों का एक तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बीपीएससी चेयरमैन अतुल प्रसाद से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने बाकी अनियमितताओं के आरोप के साथ चेयरमैन को दिखाया कि कैसे ओएमआर शीट पर कलम से रंगे गए गोले की स्याही मिट सकती है। चेयरमैन यह देख चौंक गए, हालांकि उन्होंने अभ्यर्थियों की उस मांग को नहीं माना कि ओएमआर शीट में गड़बड़ी की सीबीआई से जांच कराई जाए। उन्होंने बाकी मांगों को समझते हुए प्राथमिक परीक्षा (पीटी) की आंसर शीट जांचने के लिए विशेष पैनल के गठन की घोषणा जरूर की।

**अंतिम तौर पर जारी उत्तर में भी गलतियों का आरोप**

बीपीएससी 67वीं पीटी परीक्षा का परिणाम आने के बाद से ही अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि आपत्तियां लेने के बावजूद अंतिम रूप से जो आंसर जारी किए गए, उनमें 8 प्रश्नों के उत्तर बदल दिए गए। आरोप यह भी है कि इस उत्तर में भी गलतियां हैं। इसी आधार पर अभ्यर्थियों की मांग है कि संशोधित उत्तर जारी करते हुए रिजल्ट फिर से जारी किया जाए। अभ्यर्थियों ने इस हेराफेरी के आरोप में परीक्षा नियंत्रक को हटाया जाए। इसके अलावा, 8 मई को हुई पीटी में प्रश्नपत्र लीक की जांच सीबीआई से कराई जाए। सीबीआई जांच और परीक्षा नियंत्रक को हटाए जाने की मांग पर कार्यवाही को चेयरमैन ने राज्य सरकार का विषय बता दिया। उन्होंने करीब डेढ़ घंटे प्रतिनिधिमंडल से एक-एक बात समझने के बाद भरोसा दिलाया कि परिणाम को लेकर शंकाओं का समाधान किया जाएगा। वार्ता के बाद लौटे प्रतिनिधिमंडल के छात्र नेता दिलीप कुमार ने बताया कि चेयरमैन ने 67वीं प्राथमिक परीक्षा के उत्तरों की जांच के लिए नया पैनल बनाने की घोषणा की है। छात्र नेताओं ने कहा कि अगर इस वार्ता में हुई बातों के आधार पर बीपीएससी अगर गलतियों में सुधार का प्रयास नहीं करता है तो कुछ घंटे का यह आंदोलन बहुत बड़े रूप में सामने आएगा।

# हर्ष फायरिंग से दो बार हवा में चलाई गोली

## तीसरी दूल्हे के दोस्त को सीने पर, मौत

बेगूसराय, 22 नवंबर (एजेंसियां)। दोस्त के रिसेप्शन में स्टेज पर कुछ लड़कों ने दो बार हवा में फायरिंग की और तीसरी गोली युवक के सीने पर। गोली लगते ही युवक गिरा और फिर देखते ही देखते स्टेज समेत पूरा फंक्शन वीरान हो गया। गोली से घायल हुए युवक का भाई मिन्नतें करता रहा, लेकिन किसी ने उसके परिवार वालों को खबर तक नहीं की। अस्पताल में युवक को मृत घोषित कर दिया गया। पांच घंटे बाद पुलिस को घटना का तब पता चला, जब गश्ती दल को अस्पताल में गोली से लहूलुहान लाश दिखी। मामला बलिया लखमिनिया का है। मृतक खगड़िया के महेशखूंट निवासी सच्चिदानंद चौरसिया का बेटा रवि कुमार था। रवि के भाई अमित कुमार के अनुसार हर्ष फायरिंग के समय मैंने अपने भाई को हटाने की कोशिश की तो उन लोगों ने हटाने नहीं दिया।

# सपा नेता आजम खां को मिली जमानत

## नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला



रामपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खां को नफरती भाषण देने के एक मामले में निचली अदालत ने जमानत प्रदान कर दी। कोर्ट ने उन्हें 50-50 हजार के दो जमानती पेश करने और 50 हजार रुपये का मुचलका भरने के बाद जमानत प्रदान कर दी।

कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में उन्हें तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस फैसले को आजम खां ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। सेशन कोर्ट ने आजम खां को 22 नवंबर तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। इस मामले में जमानत के लिए आजम खां मंगलवार को कोर्ट में पेश हुए।

कोर्ट में वो लगभग चार घंटे तक रहे। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने 50-50 हजार रुपये के दो जमानती पेश करने और 50 हजार रुपये का मुचलका भरने के बाद जमानत दे दी है।

# पुलिस ने व्यवसाई हत्याकांड का किया खुलासा

## 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार गोली मारकर की गई थी हत्या

वैशाली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। वैशाली में चर्चित व्यवसाई 70 वर्षीय शारदानंद सिंह हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। वैशाली पुलिस ने 5 नवंबर को हुए इस हत्याकांड की जांच के लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया था। इस टीम ने मानवीय और तकनीकी आधार पर जांच कर हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं अपराधियों के पास से एक पिस्तौल, एक देसी कट्टा और पांच कारतूस बरामद किया गया है। इसके साथ ही लूटे गए चांदी के रुपए और जिस कपड़े को पहन कर हत्याकांड को अंजाम दिया था वह कपड़ा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

# सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

## अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी तेज रफ्तार कार, पुलिस ने वाहन से बाहर निकाला शव

मधुबनी, 22 नवंबर (एजेंसियां)। मधुबनी जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र के खैरीबांका के पास सोमवार की देर रात तेज रफ्तार चार चक्का वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी, वाहन में सवार एक महिला सहित दो व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब पति अपने पत्नी को मायके से लेकर चार चक्का वाहन से सुसराल जा रहा था। इसी दौरान खैरीबांका के पास वाहन तेज रफ्तार होने की वजह से अनियंत्रित हो गई और नहर में जा गिरी।

**पुलिस ने बाहर निकाला शव**

इस घटना में वाहन पर सवार पति-पत्नी और वाहन चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद आस-पास के लोगों की घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। वहीं इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। वहीं नहर में गिरे वाहन को बाहर निकाला गया। वाहन में बैठे तीनों मृतक को बाहर निकाला गया, जिसके बाद पुलिस ने तीनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों मृतक की पहचान बिस्फी निवासी राज कुमार यादव उम्र 25 वर्ष, मृतका रूबी कुमारी उम्र 22 वर्ष, तीसरे मृतक विकास कुमार यादव उम्र 27 वर्ष के रूप में की गई है।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 20 हजार से ज्यादा फोन की जांच से 'ट्राली बैग' में मिली लाश की शिनाख्त, पिता ने किया था कत्ल



मथुरा, 22 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने आयुषी मर्डर केस के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने झूठी शान में हत्या का मामला होने का भी अंदेशा जताया है। आयुषी मर्डर के मामले में मृतका की मां बृजबाला यादव को भी पुलिस ने हत्या और सबूत छिपाने के अपराध में गिरफ्तार किया है।

मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्राली बैग में मिली युवती की लाश की शिनाख्त कर ली गई है। यह शव 21 साल की आयुषी यादव का है। आयुषी दिल्ली के बदरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। अधिकारी के मुताबिक, आयुषी की हत्या उसके पिता नीतेश यादव ने की है। पूछताछ में युवती के भाई और मां ने कहा है कि नीतेश ने ही आयुषी को मारा है।

**आयुषी मर्डर के मामले में शिनाख्त के लिए 20 हजार फोन खंगाले**

पुलिस अधीक्षक (शहर) मार्तंड प्रकाश सिंह के अनुसार, युवती की शिनाख्त के लिए पुलिस ने बीस हजार से अधिक फोन और 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसके साथ ही दिल्ली में जगह-जगह पोस्टर लगा कर युवती की पहचान कराने के प्रयास किए गए। सिंह ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस के नंबर पर आए एक अज्ञात फोन से युवती के बारे में सही जानकारी मिली। युवती की तस्वीरों और उसके पास से मिले सामान से उसकी मां व भाई ने पहचान की पुष्टि कर दी।

मार्तंड प्रकाश सिंह के अनुसार, जब पुलिस उन तीनों को लेकर मथुरा पहुंची तो मां और भाई ने मुर्दाघर में आयुषी का शव देख कर शिनाख्त कर दी। इस बीच, पुलिस पूछताछ में पिता नीतेश यादव ने अपना अपराध कबूल कर लिया। सिंह के अनुसार, पूछताछ में आयुषी के परिवार से जानकारी मिली कि नीतेश ने उसकी घर में गोली मार कर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि नीतेश मूलतः गोरखपुर के सुनारड़ी गांव का रहने वाला है। उसके पिता काम की तलाश में दिल्ली आ गए थे। बाद में नीतेश भी वहीं बस गया और व्यापार करने लगा। उसकी बेटी आयुषी बीसीए की छात्रा थी।

पुलिस के मुताबिक, आयुषी एक-दो दिन पहले परिवार को बिना बताए कहीं चली गई थी और जब वह 17 नवंबर को घर लौटी तो उसकी इस हरकत से आग बबूला पिता ने अपनी पिस्तौल से गोली मार कर उसकी हत्या कर दी और उसी रात लाश को ट्राली बैग में रख कर यमुना एक्सप्रेसवे पर फेंक दिया। बीते शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर सर्विस रोड के पास झाड़ियों में बैग पड़ा मिला था, जिसमें एक युवती की लाश थी। रविवार तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी, लेकिन एक अज्ञात फोन काल से उसके बारे में जानकारी मिली, जो पड़ताल में सही निकली। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिता गिरफ्त में है। उससे पूरे मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल पहले ही बरामद की जा चुकी है।

# जेडीयू नेता करेंगे आंदोलन

## सीएए, एनआरसी, ट्रिपल तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे गुलाम रसूल बलियावी बोले- गजवा ए हिन्द नहीं चलेगा



पटना, 22 नवंबर (एजेंसियां)। सीएए, एनआरसी और ट्रिपल तलाक के ख़िलाफ़ एदार ए शरिया कानूनी लड़ाई की तैयारी में है। इसके खिलाफ एदार ए शरिया सुप्रीम कोर्ट जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट में भी किया रिट याचिका और रिवीजन याचिका दायर कर दिया जा चुका है। अगले महीने में इन तीनों मामलों पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होनी है। इसकी लड़ाई शुरू हो रही बिहार से। बिहार के जेडीयू के बड़े मुस्लिम नेता ग़ुलाम रसूल बलियावी जो केंद्रीय एदार ए शरिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है। जो वकीलों की फ़ौज के साथ 2 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है।

जदयू नेता गुलाम रसूल बलियावी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में एदार ए शरिया सीएए और एनआरसी के खिलाफ रिट फाइल किया है। यह वही सीएए और एनआरसी है, जिसको लेकर पूरे देश के मुसलमानों में बेचैनी है। हुक्मरानों की तरफ से और सेकुलर पार्टियों की तरफ से जो भरोसा मुस्लिम अकलियतों का होना चाहिए, वह नहीं हो सका। तब मैंने तय किया कि हमारी लड़ाई हमें लड़नी होगी। तब एदार ए शरिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक पिटिशन दायर की है। हमारे वकील ने जैसा कि बताया है कि 2 दिसंबर को उसकी सुनवाई है। उसमे शामिल होकर अपने पक्ष की बात रखेंगे।

पूर्व राज्यसभा सांसद रह चुके बलियावी ने आगे कहा कि जो तीन तलाक का मसला है। फैसला आया कि एक साथ कोई तीन तलाक देता है तो तलाक नहीं होगी। फिर भी सजा 3 साल की हो जाएगी। इस फैसले के बाद पूरे देश में और पूरी दुनिया में क्या मैसेज गया। यह शब्दों से बाहर की चीज है। हमने उस फैसले के खिलाफ भी सुप्रीम कोर्ट में रिट फाइल किया है। इसको रिवीजन फाइल कहते हैं। इसकी 6 दिसंबर को सुनवाई होगी।

# गांधी मैदान के लिए अब सड़क पार करना होगा आसान

## बनेगा एस्केलेटर वाला फुट ओवर ब्रिज



पटना, 22 नवंबर (एजेंसियां)। पटना के लोगों के लिए गांधी मैदान जाना अब और सुरक्षित हो जायेगा। गांधी मैदान जाने के लिए अब लोगों को सड़क पार नहीं करना होगा। गांधी मैदान के चारों तरफ ट्रैफिक काफी होती है, ऐसे में लोगों को गांधी मैदान जाने में सड़क पार करते वक्त काफी डर बना रहता है। कई बार सड़क पार करते वक्त लोगों के साथ हादसे भी हो चुके हैं। अब लोगों की इस परेशानी को खत्म करने का काम किया जा रहा है। गांधी मैदान के गेट नंबर एक के पास स्वचालित सीढ़ियों वाला एक फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। यह फुट ओवरब्रिज अगले साल जून तक चालू हो जायेगा। स्मार्ट सिटी लि। ने इस फुट ओवरब्रिज के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली है। निर्माण एजेंसी को हर हाल में इसका निर्माण जून तक कर लेने को कहा गया है। स्मार्ट सिटी लि। के एमडी अनिमेश पराशर ने इस संबंध में बताया कि फुट ओवरब्रिज के निर्माण को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी को कहा गया है। आधुनिक तकनीक से बननेवाले इस फुट ओवरब्रिज के निर्माण में तीन करोड़ 41 लाख रुपये खर्च होंगे। इस फुट ओवरब्रिज में दोनों ओर सीढ़ियों के साथ-साथ स्वचालित सीढ़ियां भी होंगी। फुट ओवरब्रिज की लंबाई के संबंध में उन्होंने बताया कि इसकी कुल लंबाई करीब 41 मीटर होगी। और यह तीन मीटर चौड़ा होगा। पराशर ने कहा कि इस प्रकार की फुट ओवरब्रिज अब तक रेलवे स्टेशन पर बनाये जाते रहे हैं, लेकिन पटना ही नहीं, बिहार के किसी शहर में ऐसे फुट ओवरब्रिज का निर्माण पहली बार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस फुट ओवरब्रिज के बनने से न केवल गांधी मैदान जानेवाले लोगों को सहूलियत होगी, बल्कि संत जेवियर्स स्कूल के बच्चों को भी इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क हमेशा व्यस्त् रहती है और स्कूल की छुट्टी के समय यहां काफी जाम लग जाता है। उन्होंने कहा कि सुबह के समय काफी संख्या में लोग गांधी मैदान मॉर्निंग वाक करने आते हैं।

## पता पूछने के बहाने चार युवतियों ने युवक को किया अगवा, कार में दुष्कर्म के बाद छोड़ा

जालंधर (पंजाब), 22 नवंबर (एजेंसियां)। जालंधर में चार युवतियों ने युवक को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में छोड़ दिया। यह घटना लेदर कांप्लेक्स रोड की है। इस पूरे मामले में अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। जानकारी के अनुसार, फैक्टरी में काम करने वाले युवक ने बताया कि वह दोपहर को अपने काम से घर जा रहा था। इस दौरान सड़क पर एक गाड़ी उसके आकर रुकी। गाड़ी में सवार चार लड़कियां उससे पता पूछने लगीं। वह पता बता ही रहा था कि इतनी ही देर में युवतियों ने कुछ सुंघाकर उसे बेहोश कर दिया गया और उसे अगवा कर लिया। युवक ने आरोप लगाया कि इसके बाद गाड़ी में ही एक-एक कर चारों युवतियों ने उससे जबरदस्ती संबंध बनाए। युवक का कहना था कि चारों लड़कियों की उम्र करीब 22 से 23 साल के बीच थी। फिलहाल पुलिस को इस संबंधी कोई शिकायत नहीं दी गई है। जब चर्चाओं का बाजार गर्म हुआ तो लोग बातें करते नजर आए कि अब पुरुष भी सुरक्षित नहीं हैं। जगरांव के थाना सिधवा बेट पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पीड़ित लड़की के दोस्त को नामजद कर पॉस्को एक्ट के अधीन पर्चा दर्ज किया है। एसआई कमलदीप कौर ने बताया कि 17 वर्षीय नाबालिग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह 12वीं कक्षा में पढ़ती है। करीब 4 वर्ष पहले उसकी दोस्ती गांव खैहरा बेट के रहने वाले बिक्रमजीत सिंह उपर्फ विक्की नामक युवक के साथ हो गई थी। विक्की उसके साथ शादी करने का आश्वासन देते हुए संबंध बनाता रहा। एसआई कमलदीप कौर ने बताया कि पीड़ित नाबालिग की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बिक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की खिलाफ पॉस्को एक्ट के अधीन पर्चा दर्ज किया है।

# बॉर्डर पर सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, एक घुसपैठिया ढेर, दूसरा गिरफ्तार

जम्मू, 22 नवंबर (एजेंसियां)। बॉर्डर पर पाकिस्तान की नापाक हरकत लगातार जारी है। सुरक्षाबलों ने देर रात घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक घुसपैठिये को मार गिराया है। जबकि एक घुसपैठिये को गिरफ्तार कर लिया गया है। पाकिस्तान की तरफ से आ रहे एक घुसपैठिए को आज सुबह 2:30 बजे जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मार गिराया। उसे सैनिकों द्वारा चेतावनी दी गई थी लेकिन वह भारत की सीमा की ओर बढ़ता रहा। इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी है। यह जानकारी बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है। वहीं, दूसरी ओर, बीएसएफ के जवानों ने आज सुबह रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद बाड़ लगाने के लिए पहुंचे एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ लिया। उसके पास से कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।



इलाके की तलाशी ली जा रही है।

**किसी भी तरह की घुसपैठ को अंजाम नहीं होने देंगे- डीके बूरा**

घुसपैठ को लेकर बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के इंस्पेक्टर जनरल डीके बूरा ने कहा कि पाकिस्तात की ओर से रात में घुसपैठ करने की दो घटना हुई हैं, जोकि एक ढ़ाई बजे और दूसरी 4 बजे के आसपास हुई है। इनमें से एक को हमने मार गिराया है और दूसरे को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि ये यह दर्शाता है कि सीमा पार से बॉर्डर को पार करने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन हम किसी भी तरह की घुसपैठ को अंजाम नहीं होने देंगे। जम्मू में जो ड्रोन ड्रॉपिंग है वे कम हुए हैं, उसके लिए कई उपाय किए गए हैं।

**सरहद पर कोहरा पड़ना शुरू, 9 आतंकी शिविरों से घुसपैठ की आशंका**

सरहद पर घना कोहरा पड़ना शुरू हो गया है। इसकी आड़ में सीमा पार बैठे आतंकी घुसपैठ की ताक में हैं। अगला एक महीना सेना और बीएसएफ के लिए बड़ी चुनौती होगी। इस बीच खुफिया एजेंसियों को सूचना मिली है कि राजोरी और पुंछ जिलों की एलओसी के पार 9 जगहों पर शिविरों में आतंकी घुसपैठ की फिराक में हैं। इसे देखते हुए दोनों जिलों की पुलिस, बीएसएफ और सेना की ओर से सीमांत गांवों के ग्रामीणों को विश्वास में लेकर सतर्क किया गया है। कहा गया है कि किसी भी संदिग्ध देखे जाने पर तुरंत पास में मौजूद किसी भी सुरक्षा एजेंसी के लोगों को जानकारी दें। सूत्रों के अनुसार दोनों जिलों की एलओसी के पार पीओके में गोरे गुजरां, खुई रत्ती, सब्जाकोटी, समोली, भिंबर, निकयाल, हजीरा, तत्ता पानी, दोवराज में आतंकी शिविर हैं। यहां आतंकी घात लगाकर बैठे हुए हैं।

यह आतंकी बैट हमला, फिदायीन हमला या किसी थाने या सैन्य प्रतिष्ठान पर ग्रेनेड हमला करने की ताक में हैं। खुफिया एजेंसियों की ओर से सेना, बीएसएफ और पुलिस को सूचित किया गया है। बता दें कि अभी तीन दिन पहले ही राजोरी जिले के नौशेरा कलाल इलाके में एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ का बड़ा प्रयास विफल किया गया है।

**तकनीकी उपकरण मजबूत किए**

सूत्रों का कहना है कि घने कोहरे में सर्च करने के लिए सेना की तरफ से आधुनिक सर्च लाइट का इस्तेमाल किया जाता है। इस बार सर्च लाइट की क्षमता को बढ़ाया गया है, ताकि यहां पहले अगर 10 फुट तक कोहरे में देखा जाता था तो अब 20 फुट तक भी देखा जा सके। जम्मू में सेना के प्रवक्ता का कहना है कि यूं तो 12 महीने ही जवान सतर्क रहते हैं, लेकिन निश्चित तौर पर घने कोहरे में कुछ चुनौती बढ़ जाती है, जिससे निपटने के लिए पूरी तैयारी है। हालांकि उन्होंने कहा कि आतंकियों के घुसपैठ की कोई पुख्ता सूचना तो नहीं, लेकिन इससे निपटने के लिए तैयार हैं।

## तीन साल के बाद इंदौर में एक भी कोरोना संक्रमित नहीं मिला

इंदौर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। तीन साल के बाद इंदौर कोरोना से पूरी तरह मुक्त हो गया है। न कोई नया मरीज मिला और न ही अस्पताल में उपचार के लिए कोई कोरोना संक्रमित भर्ती है। नहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोज जारी किए जाने वाले कोरोना बुलेटिन में यह संख्या तीन साल बाद जीरो दर्ज हुई है। दरअसल जांच में तो कई बार नया संक्रमित मिलता था, लेकिन पुराने कोरोना मरीज बने रहते थे। सोमवार को नए-पुराने कोई भी मरीज शहर में नहीं रहे। अंतिम दो मरीज भी होम आइसोलेशन में स्वस्थ हो गए। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने 179 लोगों की जांच की, जिसमें एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला। इंदौर में इन 32 माह के दौरान 2 लाख 12 हजार 511 पॉजिटिव मरीज मिले, जिनमें 1469 की मौत हुई और 211042 मरीज स्वस्थ हो गए।

# भाजपा ने किया टीएमसी के खिलाफ प्रदर्शन

## विधायक का दावा- दिसंबर के बाद नहीं चलेगी ममता सरकार

कोलकाता, 22 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेताओं ने राज्य में डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर मच्छरदानी और मच्छर के मॉडल के साथ राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल एलओपी सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सदन (विधानसभा) में नहीं आते हैं। स्वास्थ्य और गृह विभागों पर कोई चर्चा नहीं होती, वे सवाल नहीं उठाते। अब बताइए राज्य की इस हालत के लिए जिम्मेदार कौन है? भारतीय जनता पार्टी के विधायक अग्निमित्रा पॉल ने मंगलवार को दावा किया कि इस साल दिसंबर के बाद तृणमूल कांग्रेस की अगुवाई वाली राज्य सरकार नहीं बचेगी। पश्चिम बंगाल में एक 'बड़ा खेला' होगा।

उन्होंने आगे दावा किया कि सत्तारूढ़ टीएमसी के 30 से



अधिक विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार का अस्तित्व दांव पर है। पॉल ने दावा किया कि दिसंबर में यहां 'खेला' होगा। 30 से अधिक टीएमसी विधायक हमारी पार्टी के संपर्क में हैं। वे जानते हैं कि उनकी सरकार दिसंबर के बाद लंबे समय तक नहीं चलेगी। उनका अस्तित्व दांव पर है। भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि ममता बनर्जी दिवालिया सरकार चला रही हैं। पश्चिम बंगाल वित्तीय आपातकाल की ओर बढ़ रहा है। हमारा नेतृत्व बार-बार दावा कर रहा है कि दिसंबर में बड़ा खेला होगा। हम वित्तीय आपातकाल की ओर बढ़ रहे हैं। यह एक दिवालिया सरकार है। उनके पास पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य चलाने वालों में से 50 फीसदी जेल में हैं। बाकी 50 फीसदी भी जेल जाएंगे। सरकार कौन चलाएगा? बीजेपी नेता की यह टिप्पणी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार द्वारा सितंबर में दावा किए जाने के हफ्तों बाद आई है कि टीएमसी के 40 से अधिक नेता बीजेपी के संपर्क में हैं। उन्होंने आगे दावा किया था कि टीएमसी सरकार दिसंबर में गिर जाएगी। इसी तरह के दावे भाजपा नेता और फिल्म स्टार मिथुन चक्रवर्ती ने भी किए थे, जिन्होंने टीएमसी विधायकों के संपर्क में होने का दावा किया था। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा था कि मैं ममता बनर्जी की पार्टी के 21 विधायकों के संपर्क में हूं,

मैंने यह पहले भी कहा है, मैं अपनी बात पर कायम हूं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप समय का इंतजार करें। इससे पहले पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा था कि राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अगले छह महीने भी नहीं चलेगी। उनकी यह टिप्पणी सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा पोस्टर लगाए जाने के बाद आई है जिसमें दावा किया गया है कि अगले छह महीनों में एक नई और सुधारित टीएमसी आएगी।

## हरियाणा में जहरीली शराब पीने से 4 मरे

पानीपत, 22 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत जिले में गोहाना के गांव शामड़ी में शराब पीने से 5 लोगों की हालत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां 4 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में 3 गांव शामड़ी के रहने वाले हैं, जबकि चौथा उनका रिश्तेदार गांव बुड़शाम का रहने वाला बताया गया है। घटना का पता लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में कच्ची शराब पीने से मौत होने की बात सामने आ रही है। ग्रामीण शराब कहां से लेकर आए, इसकी जांच की जा रही है। गांव शामड़ी निवासी सुरेंद्र (41), सुनील (38), अजय (37) व बंटी तथा एक अन्य ने सोमवार रात को पानीपत में एक साथ शराब पी थी। मृतकों में चौथा व्यक्ति गांव बुड़शाम निवासी अजय का रिश्तेदार था। शराब पीने के बाद पांचों घर जाकर सो गए थे।

# जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली साइबर सुरक्षा नीति बनेगी, इसी सप्ताह होगी जारी



जम्मू, 22 नवंबर (एजेंसियां)। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के दुष्प्रचार और रोजाना नए खतरे झेल रहा जम्मू-कश्मीर की पहली साइबर सुरक्षा नीति इसी सप्ताह सार्वजनिक होगी। इसके साथ ही आईआईटी जम्मू में साइबर सुरक्षा पर उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ भी होगा। कटड़ा के श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) में 26 व 27 नवंबर को आयोजित 25वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में इस पहल को मंच दिया जाएगा। सम्मेलन में डिजिटल जम्मू-कश्मीर पहल के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम को भी लांच किया जाएगा। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और एसएमवीडीयू व एनआईईएलआईटी के बीच ज्ञान के आदान प्रदान के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हरियाणा सरकार के साथ भी समझौता होगा। सम्मेलन में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस रिपोर्ट भी जारी होगा। समारोह में ई-गवर्नेंस का राष्ट्रीय पुरस्कार भी पांच कैटगरी में दिया जाएगा। केंद्र, राज्य, जिला स्तर और शैक्षिक व शोध संस्थानों के साथ ही सार्वजनिक उपक्रमों की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें नौ स्वर्ण व नौ रजत पुरस्कार दिए जाएंगे।

**हरियाणा के सीएम समेत एक हजार प्रतिनिधि होंगे शामिल**

दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग एक हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ। जितेंद्र सिंह 26 नवंबर को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे जबकि उप राज्यपाल मनोज सिन्हा कार्यक्रम का समापन करेंगे। केंद्र सरकार के अधिकारी वी श्रीनिवास, अल्केश कुमार शर्मा व प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ। अरुण कुमार शर्मा भी मौजूद रहेंगे। समारोह के दौरान ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। साथ ही पुरस्कार विजेताओं पर वॉल ऑफ फेम फ ोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# अब एमपी में इंटर कर रही राहुल की भारत जोड़ो यात्रा

## रस्से का घेरा बनाकर 200 जवान करेंगे सुरक्षा

खंडवा, 22 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के निमाड़ में यात्रा की तैयारियों का जिम्मा बुरहानपुर से निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा को मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी मंगलवार को यहां पहुंचेंगे। राहुल गांधी की यात्रा की सुरक्षा का जिम्मा खुद डीआईजी तिलक सिंह संभालेंगे। सुरक्षा ड्यूटी में 500 जवानों के साथ तीन एडिशनल एसपी, 16 डीएसपी, 64 इंस्पेक्टर और एसआई तैनात रहेंगे। यही बटालियन पूरी रेंज में तैनात रहेगी, स्थानीय बल अतिरिक्त व्यवस्था संभालेगा। यात्रा सुरक्षा के रिर्हसल के लिए अधिकारियों को महाराष्ट्र भेजा गया था। वहां से यात्रा का प्रोटोकॉल, व्यवस्था में पुलिस की तैनाती और ट्रैफिक प्लान का जायजा लेकर लौटे हैं। उसी के अनुसार अब मप्र में सुरक्षा घेरा तैयार किया है। प्रोटोकॉल के अनुसार, तीन सुरक्षा घेरा का सात मॉडल पुलिस ने बना लिया।

**ड्रोन से रखेंगे नजर।**

सोमवार को एसपीजी, सीआरपीएफ के जवान और राहुल की सुरक्षा एजेंसियों ने रोड का निरीक्षण किया। देर रात तक सीपीजी की टीम ने कांग्रेस नेताओं के साथ बड़ोदा अहीर और खेरदा का निरीक्षण किया। पुलिस सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखेगी। खुफिया पुलिस भी अहीर, दुलारा फाटा, छैगांवमाखन तैनात है। जहां राहुल गांधी ठहरेंगे, वहां अलग से सुरक्षाकर्मी रहेंगे। एसपीजी ने सुरक्षा कारणों से अभी तक अंतिम रूट चार्ट और मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी नहीं किया है।



**वीआइपी यात्रियों को देंगे रस्से से सुरक्षा।**

डीआइजी तिलक सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा व्यव्यस्था संभालने के लिए सात मॉडल बनाए गए है। इसमें फ्रंट रोप, यू रोप और रियर रोप शामिल है। वीआईपी यात्रियों को रस्से से सुरक्षा देने के लिए 100-100 जवानों की दो रोप पार्टियां बनाई गई हैं। एक पार्टी एक पड़ाव तक यात्रा पहुंचाएगी। दूसरे पड़ाव के लिए दूसरी पार्टी और तीसरे पड़ाव से अगले पड़ाव तक पहली पार्टी तैनात होगी। वॉकी-टॉकी के सिग्नल के लिए यात्रा के आगे-पीछे एक-एक रिपीटर मोबाइल वाहन भी लगाए जाएंगे।

**निमाड़ में ऐसे चलेगी यात्रा**

23 नवंबर की सुबह 7 बजे बोदरली के बस स्टैंड पर बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा की शुरुआत होगी। यहां से चार घंटे में राहुल गांधी 14 किलोमीटर पैदल चलकर जैनाबाद फाटा पहुंचेगे। जहां पांच घंटे का भोजन ब्रेक होगा, जिसमें राहुल केला, गन्ना, बुनकर, कपड़ा व्यापारियों और कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद तीन घंटे में यात्रा ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचेगी, जहां उनकी सभा होगा।

**तीन रूट से डायवर्ट होंगे भारी वाहन।**

तीनों रूट में डायवर्ट पाइंट तेजाजी नगर, महू-इंदौर तिराहा को बनाया है। इसमें 23 और 24 नवंबर को डायवर्ट कर भारी वाहन रूट-1 से इंदौर से सेंधवा, सिरपुर, रावेर, भुसावल और बुरहानुपर मार्ग पर चलेंगे। रूट नंबर-2 में इंदौर से सतवास, पुनासा, मूंदी और खंडवा के लिए वाहन जा सकेंगे। रूट नंबर-3 में इंदौर से खलघाट, कसरावद, खरगोन, भीकनगांव, देशगांव, छैगांव माखन से होकर बुरहानपुर और खंडवा की ओर वाहन जा सकेंगे।

**बस-कार के लिए ये रूट।**

बस-कार को डायवर्ट करने के लिए दो अलग रूट तय किए गए हैं। पहला छैगांव माखन से है। 23 और 24 नवंबर को इस डायवर्ट रूट से कार और बसें इंदौर से बड़वाह, सनावद, देशगांव, छैगांव, खंडवा, देड़तलाई और बुरहानुपर के लिए जाएंगे। दूसरे रूट को देशगांव से डायवर्ट किया है। 25 और 26 नवंबर को इस रूट में इंदौर, खलघाट, कसरावद, ईशगांव, छैगांव और बुरहानपुर के लिए वाहन जाएंगे। यात्रा के शुरू होने से पहले ही यात्रा के साथ चलने के लिए वाहनों को शामिल किया जाएगा। यात्रा शुरू होने के बाद बीच में किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा खाद की कोई कमी नहीं, व्यवस्था में सुधार हो रहा है

ग्वालियर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का बयान राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर आया है। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि राहुल गांधी की यात्रा कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने की यात्रा है। कांग्रेस पूरे देश में अप्रासंगिक हो गई है और आने वाले कल में और हो जाएगी। मध्यप्रदेश और देश में उनकी यात्रा से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, उनकी यात्रा में कोई नहीं जुड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी की नीतियां और विकास सर्वत्र छाया हुआ है। देश में राष्ट्रवादी सरकार और राष्ट्रवादी नेतृत्व रहेगा। इसके साथ ही नरेंद्र सिंह तोमर ने गुजरात में प्रचंड बहुमत से जीत का दावा किया है।

नरेंद्र सिंह तोम ने उमंग सिंगार को लेकर कहा है कि कानून अपना काम करेगा। रेप जैसे गंभीर मामलों में बीजेपी की जहां सरकार रहती है, वहां कड़ी कार्रवाई करती है। इस मामले में



भी कानून अपना काम करेगा। कानून की पकड़ से किसी को नहीं बचना चाहिए। वहीं तोमर ने खाद की किल्लत पर कहा, खाद की कोई कमी नहीं है। जहां पर भी वितरण में अव्यवस्था है, उसे दुरुस्त किया जा रहा है। मैंने केमिकल और फर्टिलाइजर इंडस्ट्री से बात की है। जहां भी कमी है, वहां स्थिति सामान्य हो जाएगी। उनका दावा है कि देश में कहीं भी खाद की कमी नहीं है।

**खाद नहीं मिलने से परेशान किसानों ने बैराड़ तहसील कार्यालय पर किया हंगामा।**

मध्यप्रदेश में अभी भी रासायनिक खाद का संकट जारी है। सीएम के आदेशों के बाद भी किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जगह-जगह खाद के लिए किसानों को लंबी-लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। शिवपुरी जिले के बैराड़ में सोमवार को एक बार फिर किसानों ने खाद नहीं मिलने से परेशान होकर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर हंगामा किया। वहीं, किसानों ने बैराड़ में खाद का वितरण कर रही समिति के कर्मचारियों पर खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाया। किसानों ने इसकी शिकायत बैराड़ तहसीलदार प्रेमलता पाल को दर्ज कराते हुए बताया कि करीब 100 किसान यूरिया खाद के टोकन लेने के लिए सोमवार सुबह से बैराड़ तहसील कार्यालय पर बैठे थे। लेकिन समिति कर्मचारी द्वारा केवल 30-40 किसानों को खाद के टोकन बांट कर काउंटर बंद कर दिया। किसानों ने पूछा कि कितने टोकन बांटे गए हैं तो कर्मचारी द्वारा 100 टोकन बांटने की बात बताई गई। जबकि किसानों का आरोप है कि समिति कर्मचारियों द्वारा केवल 30-40 को खाद के टोकन बांटे गए हैं। किसानों ने समिति कर्मचारियों पर कालाबाजारी का आरोप लगाया है। कई किसानों ने बताया कि उन्हें खाद नहीं मिल रहा है। वरिष्ठ अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

परेशान किसानों का कहना है कि कई घंटों की लाइन में लगना पड़ता है। इस कारण से उन्होंने अपने खाते की जमीन की किताब और आधार कार्ड लाइन में लगा दिए हैं, जिससे उनकी लाइन में उपस्थिति निश्चित हो सके। इस लाइन में कई महिला और बुजुर्ग किसान में लगे देखे गए।

## छह घंटे में सुलझा लिया दिनदहाड़े 1.20 करोड़ रुपये की लूट का मामला, कर्मचारी शामिल थे साजिश में

ग्वालियर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। ग्वालियर में सोमवार को शहर में दिनदहाड़े हुई 1,20 करोड़ रुपए की लूट में पुलिस छह घंटे में ही खुलासा कर दिया है। कंपनी के एक कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की प्लानिंग की थी। पुलिस ने लुटेरों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा पैसा भी बरामद कर लिया है। एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। दरअसल, हर सप्ताह यही दोनों कर्मचारी मोटी रकम लेकर कंपनी दफ्तर से बैंक जाते थे, लेकिन बार-बार इतनी रकम ले जाने पर इनकी नीयत डोल गई। इसके बाद इन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर शहर की सबसे बड़ी लूट की प्लानिंग कर उसे अंजाम तक पहुंचाया। सीसीटीवी फुटेज में विरोध न करना और बीच बाजार में आराम से लुट जाने पर पुलिस को संदेह हुआ। लूट की कहानी बार-बार पूछी तो कर्मचारी टूट गया और उसने पूरी कहानी सुना दी।

# जिस पलक की वजह से भय्यू महाराज ने खुद को मारी थी गोली, उसे मिल गई जमानत



इंदौर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर में पांच साल पहले हुए युवा संत भय्यू महाराज सुसाइड केस में आरोपी पलक पुराणिक को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। पलक चार साल से जेल में बंद थी। पलक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। इस आरोप में सत्र न्यायालय ने उसे मिलाकर तीन आरोपियों को छह-छह साल की सजा सुनाई है। पलक ने सत्र न्यायालय के आदेश को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जमानत भी मांगी थी, लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बाद पलक के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दिया था। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। पलक पर आरोप है कि उसने भय्यू महाराज के साथ अश्लील वीडियो बनाए थे। वह भय्यू महाराज को ब्लैकमेल कर रही थी। इससे तंग आकर भय्यू महाराज ने खुद को गोली मारकर अपने फ्लैट में आत्महत्या कर ली थी। इस काम में पलक के साथ महाराज के सेवादार विनायक दुधाले और शरद देशमुख भी थे। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करने के बाद पलक और महाराज के बीच मोबाइल पर हुई चैटिंग भी जब्त की थी।

**चार साल से जेल में है पलक**

सुप्रीम कोर्ट में लगाए गए आवेदन में पलक ने कहा था कि उसे छह साल की सजा सुनाई गई है और वह चार साल से जेल में है और अपील भी लंबित है। इस वजह से उसे जमानत दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने आवेदन स्वीकारते हुए जमानत दे दी।

**दवा के हाई डोज देते थे सेवादार**

तीनों सेवादारों की प्रताड़ना से तंग होकर भय्यू महाराज तनाव में रहने लगे थे और उनका इलाज भी चल रहा था। डाक्टरों ने जो दवाएं लिखी थी। तीनों आरोपी एक डोज के स्थान पर तीन डोज देते थे और नशे में ही उन्होंने महाराज से सुसाइड नोट भी लिखवाया था। पुलिस ने जांच में यह भी पाया था कि बेहोशी की हालत में महाराज के वीडियो उनके सेवादारों ने बनाए थे। दरअसल, पलक महाराज के काफी करीब थी और वह महाराज से शादी करना चाहती थी, लेकिन महाराज ने आयुषी से विवाह कर लिया था। इससे पलक नाराज थी।

**क्या है पूरा मामला**

भय्यू महाराज ने 12 जून 2018 को खुद को गोली मार ली थी। राष्ट्रीय युवा संत के इस सुसाइड ने सभी को हैरान कर दिया था। वह भी ऐसे समय जब उन्होंने दूसरी शादी की ही थी। दो महीने तक तो पुलिस के पास कोई सुराग तक नहीं था। छह महीने बाद विनायक, पलक और शरद को गिरफ्तार किया गया। 28 जनवरी 2022 को सत्र न्यायालय ने इन तीनों को दोषी ठहराया और छह-छह साल की सजा सुनाई। पलक एवं अन्य ने इस फैसले के खिलाफ अपील की है।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार,23 नवंबर, 2022

# दूध के बढ़ते दाम

सरकार के लाख प्रयास के बाद भी सामानों की कीमतों को काबू में कर पाना सरकार के लिए ही एक बडी चुनौती बन चुकी है। इसी बीच एक बार फिर दूध के दाम बढ़ने से महंगाई ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। दूध उपलब्ध कराने वाली मदर डेयरी ने अपने मलाई वाले दूध की कीमत में एक रुपया प्रति लीटर और टोकन के जरिए बेचे जाने वाले खुले दूध की कीमत में दो रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। देर सवेर अन्य दूध कंपनियां भी अपने दामों में वृद्धि कर देंगी। जाहिर है इसका सीधा असर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के दैनिक खर्च पर पड़ेगा। मदर डेयरी का तर्क है कि किसान भी दूध अधिक कीमत पर डेयरी को दे रहे हैं, इसलिए कीमत में बढ़ोतरी जरूरी हो गई थी। किसान भी क्या करें, उनको पशु चारा आदि पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है, इसलिए वे दूध के दाम बढ़ा रहे हैं। बता दें कि मदर डेयरी ने इस साल चौथी बार दूध के दाम बढ़ाए हैं। दूध उपलब्ध कराने वाली दूसरी कंपनियों ने भी इसी तरह समय-समय पर दूध की कीमतें बढ़ाई हैं। लागत बढ़ने से वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी स्वाभाविक है, मगर दूध जैसी रोज इस्तेमाल होने वाली चीजों के दाम बढ़ने से चिंता इसलिए भी स्वाभाविक है कि इसकी जरूरत गरीब से गरीब बच्चे को भी होती है और इसके उपलब्ध न होने से उनके पोषण पर विपरीत असर पड़ता है। भारत पहले ही दुनिया भर में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के पैमाने पर काफी निचले पायदान पर है और साल दर साल कुछ और नीचे खिसक रहा है। दूध महंगा होने से नवजात शिशुओं के पोषण का समुचित प्रबंध करना एक बड़ी चुनौती है। खाद्यान्न सुरक्षा संवैधानिक वचनबद्धता है, उसमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों को उचित पोषाहार उपलब्ध कराने के लिए दूध की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी सरकारी व्यवस्था की जिम्मेदारी है। बता दें कि आर्थिक रूप से कमजोर तबके को ध्यान में रखते हुए ही टोकन के जरिए खुले दूध के बिक्री की व्यवस्था की गई थी। कई देश भारत में दुग्ध उपलब्धता बढ़ाने के मकसद से मदद भी करते हैं। टोकन वाले खुले दूध की बिक्री उसी योजना के तहत होती है। लेकिन ढुलाई आदि का खर्च बढ़ जाने की वजह से उनकी कीमत ज्यादा बढ़ा दी जाती है। मलाई वाले दूध की तुलना में खुले दूध की कीमत अधिक बढ़ना इसलिए उचित नहीं माना जा रहा कि इसका वितरण आमतौर पर गरीब लोगों को ध्यान में रख कर किया जाता है। सरकार कुछ रियायत दे कर इसकी कीमत पर काबू पा सकती है। अब यह बात छिपी नहीं रह गई है कि महंगाई पर काबू पाने में सरकार का दम फूलने लगा है। रिजर्व बैंक रेपो दरों में बढ़ोतरी कर इस पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है, जबकि इससे रोजमर्रा उपभोग की खाने-पीने की चीजों के दाम पर लगाम लगाना असंभव सा दिखने लगा है।   खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने के पीछे दो वजहें प्रमुख होती हैं। एक तो ढुलाई पर खर्च बढ़ना और दूसरा कृषि क्षेत्र पर मौसम की मार। मौजूदा समय में दोनों स्थितियां एक साथ उत्पन्न हो गई हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में संतुलन न होने से माल ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है तो दूसरी तरफ मौसम का मिजाज ठीक न रहने की वजह से कृषि उत्पाद की बर्बादी भी बहुत हुई है। ऐसी स्थिति में पशुओं के चारे आदि पर खर्च भी बढ़ा है। लेकिन सवाल तो उस दूध की कीमत पर उठ रहा है जो विशेष योजना के तहत गरीबों को मदद पहुंचाने के लिए महंगा बिक रहा है।

# झूठ पकड़ू यंत्र



डॉ. सुरेश कुमार

सवाल यह उठता है कि उस यंत्र में ऐसा क्या था जो उसके स्थानांतरण पर बन आयी। अब आप जानते ही हैं कि सरकारी कार्यालय में तरह-तरह के लोग आते रहते हैं। इनमें कौन मंत्री जी का रिश्तेदार है, कौन कांट्रैक्टर के ईर्द-गिर्द घूमने वाला बंदा है और कौन ऊपर तक पहुँच रखने वाला है की पहचान यह यंत्र बिना मुँह खोले चुटकियों में बता देता था। सामने वाली पार्टी के सारे अंतर्भेद यूँ बता सकता था। अब किस्मत कहें या बदकिस्मती कि जिस दिन इस यंत्र का लोकार्पण हुआ उसी दिन कार्यालय में आकस्मिक जाँच के नाम पर संबंधित मंत्री जी आ धमके और सीधे भजनखबरी के सामने वाली सीट पर बैठ गए। यंत्र के लिए राजा-रंक एक समान थे। सो, मंत्री जी की कई गोपनीय बातें भजनखबरी को पता चल गयीं। मंत्री जी कुछ कहते उससे पहले ही भजनखबरी उनकी पोल खोल बैठा। पहले तो मंत्री जी को खूब गुस्सा आया। वह क्या है न कि कुर्सी पर बने रहने के लिए गुस्से को दूर रखना पड़ता है। इसलिए मंत्री जी ने भजनखबरी को नौकरी से बर्खास्त करने की जगह उसे उसके यंत्र के साथ अपने कार्यालय में नियुक्त कर दिया। यहाँ भजनखबरी का एक मात्र काम नए-नए फार्मूले खोज निकालना था। इसी कड़ी में उसने एक नया फार्मूला खोज निकाला – 'एक में दो।' बहुत जल्द उसका फार्मूला लोगों की जुबान पर चढ़ गया। एक दिन किसी काम से वह मेरे पास आया। मैंने उसके फार्मूले की जाँच के लिए जानबूझकर जेब से एक मात्र सौ रुपए की नोट निकालकर पूछ बैठा यह कितने नोट हैं? तुरंत भजनखबरी ने कहा – दो। मेरा सिर चकराया। मैंने पूछा वह कैसे? तो उसने कहा कि इसमें दो पचास की नोट हैं। उसकी बात में लॉजिक था। इसलिए मैं चुप बैठ गया। तभी मेरी लड़की आयी और भजनखबरी को नमस्ते करने लगी। वह मेरी इकलौती लड़की थी। मैंने फिर से उसे पूछ बैठा मेरी कितनी लड़की है? उसने कहा – दो। इस बार मेरा सिर और बुरी तरह से चकरा गया। मैं फिर पूछ बैठा वह कैसे? उसने कहा – वह तुम्हारी लड़की है। साथ ही तुम्हारी पत्नी की लड़की भी है। हुई न दोनों के लड़की। मैं चुप रह गया। आज भजनखबरी को मरे कई वर्ष बीत गए। लेकिन भजनखबरी जैसे गुण नेताओं में साफ़ दिखायी देते हैं। घटना एक घटती है लेकिन परिप्रेक्ष्य दो निकलते हैं। जैसे देश पर हमला हुआ तो विपक्ष के लिए बटेर हाथ लग जाता है। यदि सरकार उसका मुँहतोड़ जवाब देती है तो दूसरी ओर छप्पर फाड़कर वोट मिलते हैं। बढ़ती जनसंख्या से भुखमरी बढ़ती है, लेकिन नेताओं की मानें तो अधिक लोग होने पर अधिक राशन मिलता है। महामारी फैलती है तो लोग मरते हैं, वहीं वैक्सिन देकर जान बचा ली जाए तो महामारी भी वोट देने का जरिया बनता है। शराब पीने से लीवर खराब होता है, आदमी मर जाता है, लेकिन दूसरी यही हमारी आर्थिक स्थिति को सुधारने का सबसे बड़ा जरिया है। जनता का मास्क लगाने को कहता है, खुद मास्क पहनने से बचता है। मास्क के नियमों का पालन न करने पर दो हजार का हर्जाना वसूला जाता है, वहीं चुनावों इन नियमों की ऐसी-तैसी की जाती है।

संविधान में कानून बनाया जाता है और बाहर उसे तोड़ा जाता है। एक धर्म के अनुयायी कोरोना फैलाते हैं, वहीं दूसरे धर्म के अनुयायी बड़े-बड़े मेले आयोजित करते हैं तब वहाँ कोरोना नहीं होता। नेता का मुँह एक होता है, लेकिन बातें द्वंद्वार्थी होते हैं। बाहर कुछ और अंदर कुछ।

# राहुल गांधी सरकार के ख़िलाफ़ जन-आंदोलन खड़ा करेंगे ?



श्रवण गर्ग

'भारत जोड़ो यात्रा' दो सप्ताह बाद तीन महीने पूरे कर लेगी। राहुल गांधी तब तक यात्रा के निर्धारित लक्ष्य का आधे से ज़्यादा फ़ासला तय कर चुके होंगे। अद्भुत नज़ारा है कि लोगों के झुंड बावन-वर्षीय नेता के आगे और पीछे टूटे पड़ रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा सहित विपक्षी दलों के नेता हतप्रभ हो देश के भावी राजनीतिक परिदृश्य का अनुमान लगा रहे हैं। यात्रा के सहभागियों को लेकर अब तो प्रधानमंत्री ने भी राहुल पर हमलों की शुरुआत कर दी है। उन्होंने इसकी शुरुआत गुजरात से की है जहां राहुल के कदम पड़ना अभी बाक़ी हैं। कांग्रेस के नेताओं के बीच होड़ मची है कि राहुल का हाथ थामकर साथ चलते का कोई फ़ोटो मीडिया में जगह पा जाए। उनके लिए पार्टी में अपनी हैसियत उजागर करने का अब यही आधार कार्ड बन गया है। दूसरी ओर, वह जनता जो यात्रा के गुज़र जाने के बाद सड़कों पर पीछे छूटती जा रही है और जिसे आने वाले दिनों में पहले की तरह ही ज़मीनी हक़ीक़तों से जूझना है, उसके मन में एक महत्वपूर्ण सवाल उठ रहा है ! सवाल यह है कि तीन हज़ार सात सौ पचास किलो मीटर या उससे ज़्यादा चल लेने , महात्मा गांधी की नज़रों से असली भारत देख लेने, लाखों लोगों के 'मन की बात' और तकलीफ़ें सुन-समझ लेने के बाद यात्रा जब एक दिन पूरी हो जाएगी, सभी सहयात्री अपने ठिकानों के लिए रवाना हो जाएँगे, राहुल के कदम किस दिशा की तरफ़ पड़ने वाले हैं ? तब तक उन्हें यह भी पता चल जाएगा कि दिन सड़कों पर और कंटेनरों में कष्ट-साध्य रातें बिताने के बाद जितना भी पुण्य उन्होंने अर्जित किया है वह हिमाचल और गुजरात के चुनावों में पार्टी के लिए कितनी सीटों में तब्दील हुआ है। परिस्थितियों के मुताबिक़ जवाब के लिए इस तर्क को तो सुरक्षित रखा ही जा सकता है कि यात्रा राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए थी ही नहीं ! राहुल प्रधानमंत्री को तो जनता के 'मन की बात' भी सुनने की चुनौती दे रहे हैं पर ख़ुद अपनी आधी यात्रा के बाद भी जनता के मन में उठ रहे सवाल का कोई यक़ीनी जवाब देने से कतरा रहे हैं। वे कहते हैं यात्रा के बाद क्या करना है इसका उत्तर कांग्रेस अध्यक्ष से पूछिए ! वे जैसा भी आदेश देंगे। राहुल इस बारे में भी कोई भविष्यवाणी नहीं करना चाहते हैं कि यात्रा से कांग्रेस को कितना लाभ मिलेगा। राहुल के मुताबिक़, कांग्रेस को इतना ज़रूर लगता है कि यात्रा से रास्ता निकलता है। कांग्रेस और स्वयं के भविष्य को लेकर बात करने से राहुल चाहे जितना बचना चाह रहे हों, यात्रा की समाप्ति के दिन जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, पार्टी में उनके लिए कामों का ढेर जमा होता जा रहा है जबकि उन्होंने अपने आप को सभी ज़िम्मेदारियों से आज़ाद कर रखा है। मसलन, राजस्थान में यात्रा के प्रवेश के ठीक पहले अजय माकन ने राज्य के प्रभारी पद से यह कहते हुए इस्तीफ़ा दे दिया कि इतने दिनों के बाद भी नए पार्टी अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक बग़ावती नेताओं के ख़िलाफ़ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की। ऐसे में अपमानजनक तरीक़े से राज्य का प्रभारी बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। इस बीच खड़गे ने एक काम अवश्य कर दिखाया :'भारत जोड़ो यात्रा' के हैदराबाद पड़ाव के दौरान एक नवंबर को हुई एक जनसभा में खड़गे ने घोषणा कर दी कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में 2024 में केंद्र में सरकार बनाएगी। यानी राहुल संयुक्त विपक्ष के पीएम उम्मीदवार होंगे। राहुल गांधी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने खड़गे के कहे पर कोई टिप्पणी नहीं की। 'भारत जोड़ो यात्रा' जब हैदराबाद पार कर महाराष्ट्र के अकोला पहुँची तो 2024 में पीएम पद की उम्मीदवारी को लेकर पत्रकार वार्ता में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उनका उत्तर था : हम अभी इस बारे में नहीं सोच रहे हैं । हमारा काम अभी भारत जोड़ो यात्रा है। इस सवाल को लेकर चिंता ज़ाहिर करना प्रारंभ हो जाना कि चाहिए कि अपनी महत्वाकांक्षी यात्रा की समाप्ति के बाद राहुल गांधी कांग्रेस और देश को किस तरह का नेतृत्व और दिशा प्रदान करने वाले हैं ! वे देश की जनता को निराश तो नहीं करने वाले हैं ? राहुल गांधी द्वारा अचानक से उठा लिए जा सकने वाले कदमों को लेकर कांग्रेस और देश में हमेशा धुकधुकी बनी रहती है। इसमें यह भी शामिल है कि छुट्टियाँ मनाने के लिए वे किसी विदेश यात्रा पर तो नहीं निकल जाएँगे ? इस बात से संदेह दूर हो जाना चाहिए कि 'भारत जोड़ो यात्रा' के ज़रिए राहुल ने 137-वर्षीय पुरानी कांग्रेस को अब अपने अस्तित्व के लिए पूरी तरह से अपने ऊपर निर्भर कर दिया है। वे कांग्रेस के नरेन्द्र मोदी बन गए हैं। आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि 26 अक्टूबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर लेने के बाद से खड़गे ने कोई भी साहसपूर्ण निर्णय नहीं लिया है। क्या निर्णयों के लिए खड़गे ,राहुल की दिल्ली वापसी की प्रतीक्षा कर रहे है ? महाराष्ट्र के एक प्रतिष्ठित नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के अपने राज्य में प्रवेश के दौरान राहुल गांधी से मुलाक़ात के बाद एक महत्वपूर्ण खुलासा किया था। बहुत लोगों ने उस पर ध्यान नहीं दिया। चव्हाण ने कहा था कि राहुल का इरादा मोदी सरकार के ख़िलाफ़ एक मज़बूत 'जन आंदोलन' खड़ा करने का है। चव्हाण ने यह भी कहा था राहुल नहीं चाहते है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' कांग्रेस आधारित आंदोलन हो। सवाल यह है कि क्या चव्हाण द्वारा किया गया खुलासा सही है ? उस पर भरोसा किया जा सकता है ? ऐसा तो नहीं होगा कि अपनी किसी अगली पत्रकार वार्ता में राहुल इस संबंध में पूछे जाने वाले प्रश्न का भी उसी तरह से जवाब पेश कर दें जैसा उन्होंने अकोला में अपनी पीएम पद की उम्मीदवारी को लेकर दिया था ?



http://shravangarg1717.blogspot.com

# केरल हाई कोर्ट का निर्णय : मुस्लिम पर्सनल लॉ के बीच पॉक्सो एक्ट



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

केरल हाई कोर्ट के निर्णय ने एक बार फिर यह विचार करने पर विवश किया है कि "मुस्लिम पर्सनल लॉ" को कितना स्वीकारें? क्योंकि इससे पहले जो दो अदालतों (पंजाब-हरियाणा और दिल्ली ) के निर्णय आए, उन्होंने देश में नई बहस को जन्म दिया था। किंतु कहना होगा कि अभी के फैसले ने संविधान के उस दायरे को ठीक से स्पष्ट कर दिया है, जिसका लाभ उठाकर कई मुस्लिम अपने यहां नाबालिग से संबंध स्थापित कर पर्सनल लॉ बोर्ड की आड़ ले बच निकलते थे। यह मुद्दा इसलिए भी अहम है क्योंकि मुस्लिम पर्सनल लॉ के बहाने एक समुदाय विशेष की नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने वालों को निकाह के नाम पर छूट मिल जाती है, जबकि "पॉक्सो एक्ट 2012" में 18 साल से कम उम्र की लड़कियों से शारीरिक संबंध बनाना कानूनन अपराध है। इसके अतिरिक्त "बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006" कहता है, 18 साल से कम उम्र में शादी विधि विरोधी होने से अपराध है। दूसरी ओर पर्सनल लॉ मुस्लिम बच्चियों की शादी 15 साल की उम्र में कर देने को सही ठहराता है। यहां असल मुद्दा यही है कि कौन सही ? क्या 1937 ब्रिटिश राज में शरीयत अधिनियम पारित होने के बाद अस्तित्व में आया यह मुस्लिम लॉ बोर्ड और उसके नियम जोकि भारतीय मुसलमानों में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार से संबंधित मामलों में विशेष छूट देते हैं वे ? या वह जो संविधानिक कानून सभी के लिए समान हों इसकी वकालत करते हैं ? अध्ययन के आधार पर कहें तो मुस्लिम पर्सनल लॉ जिसका आधार (कुरान और शरीयत) है, उसकी कई धाराएं इसलिए असंवैधानिक हैं क्योंकि वह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 15 (धर्म के आधार पर भेदभाव का प्रतिषेध) और अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के उल्लंघनकर्ता के रूप में दिखाई देती हैं, यह बहुविवाह और निकाह-हलाला की प्रथा को मान्यता प्रदान करती हैं। सभी को याद होगा कि 1985 में यह 'मुस्लिम पर्सनल लॉ' उस समय बहुत विवादों में रहा जब शाहबानो केस हुआ । 62 वर्षीय शाह बानो अपने लिए क्या मांग रही थी? सिर्फ अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी मांग को सही बताया था, किंतु इस फैसले का मुस्लिम समुदाय ने विरोध किया। फैसले को कुरान के खिलाफ बताया गया । सत्ता में कांग्रेस सरकार थी। सरकार ने तत्कालीन समय में 'मुस्लिम स्त्री (विवाह विच्छेद पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 1986' पास कर दिया । जोकि गुजारा भत्ता सिर्फ इद्दत की अवधि यानी तलाक के 90 दिनों बाद तक देने की बात करता था, इसके बाद पत्नि के जीवन का क्या ? उस पर यह चुप्पी साधे है। इस एक केस के बाद जब काशीपुर की शायरा बानो ने "तीन तलाक" को चुनौती दी, उस समय भी मुस्लिम पर्सनल लॉ चर्चा में रहा। इस केस में 15 साल तक शादी में रहने के बाद शौहर ने तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया था। शायरा ने 2016 में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कह सकते हैं कि शायरा बानो पहली मुस्लिम महिला हैं, जिन्होंने तीन तलाक, बहुविवाह और निकाह हलाला पर रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी । निश्चित ही इस हिम्मत के लिए वे धन्यवाद की पात्र हैं। किंतु यहां मुद्दा मुस्लिम पर्सनल लॉ का है। विषय यह है कि भारत में आखिर मुस्लिम पर्सनल लॉ की आवश्यकता क्यों होनी चाहिए ? क्या कुछ लोगों को इसके बहाने अपनी मनमानी करते रहने की छूट दिया जाना उचित है? भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 भारत के सभी नागरिकों को कानून का समान संरक्षण देता है, लेकिन जब बात व्यक्तिगत मुद्दों ( शादी, तलाक, विरासत, बच्चों की हिरासत) की आती है तो मुसलमानों के ये मुद्दे मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत आ जाते हैं। यहीं से दूसरे अन्य कानूनों की धज्जियां उड़ना शुरू हो जाती हैं। इसलिए ही वर्ष 2016 मार्च महिने में केरल हाई कोर्ट के जज जस्टिस बी केमल पाशा को इसके विरोध में खुलकर सामने आना पड़ा था। उन्होंने कहा- मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत मुस्लिम महिलाओं को समानता का अधिकार नहीं दिया जाता। कोई ये न भूले कि मुस्लिम पर्सनल लॉ शरीयत, कुरान के प्रावधानों के साथ ही पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं और प्रथाओं को मानता है। अब स्त्रियों के बारे में कुरान क्या कहता है, यह भी समझ लीजिए । निसा-उकुम हरसुल्लकुम फअतु...। (कुरान मजीद पारा 2 सुरा बकर रुकू 28 आयत 223) तुम्हारी बीबियां तुम्हारी खेतियां हैं । अपनी खेती में जिस तरह चाहो (उस तरह) जाओ । यह अल्लाह का हुक्म है, इस बात को तफसीरे कबीर जिल्द 2, हुज्जतस्सलिसा, सफा 234,मिश्र छापा में और अधिक विस्तार से स्पष्ट किया गया है । औरत के प्रति यह मानसिकता ! इसे पढ़कर कोई भी बता सकता है कि महिलाओं को सिर्फ काम पूर्ति का साधन माना गया है। यह भी एक तथ्य है कि इस्लाम दो मुस्लिम औरत की गवाही को एक पुरुष के बराबर होना मानता है । इस्लाम में स्त्री एक वस्तु के समान है जिसे बदला जा सकता है। पैगम्बर की एक प्रसिद्ध परंपरा भी है जो कि "कातिब अल वकीदी" से संबंधित है । हद तो यह है कि पत्नी की पिटाई का अधिकार तक शौहर को दिया गया है। सऊदी अरब की सरकारी वैबसाइट islamhouse.com के फतवे पृष्ठ 26 पर देख सकते हैं, पति को चार बातों के होने पर पत्नी की पिटाई का अधिकार है । पहला शृंगार को परित्याग करना जबकि उसका शौहर शृंगार का इच्छुक हो। दूसरा जब वह बिस्तर पर बुलाये और स्त्री उस के पास न आए...। औरत ऊंट पर सवारी कर रही हो और उसका पति इच्छा प्रकट करे तो उसे मना नहीं करना चाहिए । ( इब्न ऐ माजाह खण्ड 1 अध्याय 592 पृष्ठ 520 ) पुनः यदि एक पुरुष का मन संभोग करने के लिए उत्सुक हो तो पत्नी को तत्काल प्रस्तुत हो जाना चाहिए भले ही वह उस समय सामुदायिक चूल्हे पर रोटी सेंक रही हो । ( तिरमजी खण्ड 1, पृष्ठ 428 ) तीसरा नमाज़ छोड़ देना। चौथा उस की अनुमति के बिना घर से बाहर निकलना।

# नारी शोषण,अत्याचार के विरुद्ध शिक्षा,साक्षरता के गंभीर प्रयास



संजीव ठाकुर

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है। भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता है1 जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक है1 अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता है1 इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगा1 शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं1 शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है1 जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है1 साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है1 साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है1 शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है1 ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है1 सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है1 ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए1 शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है1 वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है1 महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है 1 परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है1 पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है1 पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है1 ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है1 अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है।

# ये न 'लव' है और न ही 'जिहाद'



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

थोक वोट कबाड़ने के लिए हमारे राजनीतिक दल आजकल ऐसे-ऐसे पैंतरे अपना रहे हैं और बेसिर-पैर की दलीलें दे रहे हैं कि कई बार मुझे आश्चर्य होता है कि वे देश को किस दिशा में ले जा रहे हैं। आजकल कुछ प्रदेशों में विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनावों हो रहे हैं। गुजरातियों और मुसलमानों के थोक वोट पटाने के लिए यदि कांग्रेस वीर सावरकर को बदनाम कर रही है तो आफताब-श्रद्धा कांड को एक पार्टी के कुछ नेता 'लव जिहाद' का नाम दे रहे हैं ताकि वे अपने धर्म और संप्रदाय के वोट पटा सकें। वास्तव में आफताब ने श्रद्धा की जो बर्बरतापूर्ण हत्या की है, उसकी जितना निंदा की जाए, वह कम है। आफताब को तुरंत इतनी कड़ी सजा इस तरीके से दी जानी चाहिए कि हर भावी हत्यारे के रोंगटे खड़े हो जाएं लेकिन उसे 'लव जिहाद' कहने की तो कोई तुक नहीं है। आफताब और श्रद्धा के बीच न 'लव' था और न ही 'जिहाद'। दोनों के बीच प्रेम होना तो अपने आप में बड़ी बात है, अगर उनमें थोड़ी भी आत्मीयता होती तो उनके पिछले तीन साल में क्या बार-बार इतने जानलेवा झगड़े होते? जब सचमुच का प्रेम होता है तो प्रेमी और प्रेमिका एक-दूसरे के लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर देते हैं। और जहां तक जिहाद का सवाल है, जिहादे-अकबर का अर्थ होता है- अपने काम, क्रोध, मद, लोभ और वासनाओं पर विजय पाना। यह, जो दोनों के बीच सहवास संबंध हुआ (लिविंग टुगेदर), वह जिहाद का एकदम उल्टा है। यदि जिहादे-असगर का अर्थ आप को यह लगता है कि धर्म-परिवर्तन के लिए मुसलमान लोग हिंदू लड़कियों को अपने चक्कर में फंसा लेते हैं तो इसमें ज्यादा दोष किसका है? क्या वह व्यक्ति मूर्ख नहीं है जो ऐसे चक्कर में फंस जाता है? ऐसे मूर्खों की हानि पर कोई अफसोस क्यों व्यक्त करे? लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि सारी अंतरधार्मिक शादियां 'लव' के नाम पर 'जिहाद' ही होती हैं। मैं भारत और विदेशों में ऐसे दर्जनों परिवारों को निकट से जानता हूं, जिनमें पति और पत्नी विभिन्न धर्मों के हैं लेकिन उनमें कोई विवाद नहीं होता। या तो वे लोग सभी धर्मों को पाखंड मानते हैं या फिर वे अपने आप को इनसे ऊपर उठा लेते हैं। जो लोग धर्मनिष्ट होते हैं, वे अपने-अपने धर्म को सहज भाव से मानते हैं लेकिन आजकल पश्चिमी राष्ट्रों की नकल पर हमारे यहां भी 'लिव इन रिलेशनशिप' (सहवास) का रिवाज चल पड़ा है। याने शादी किए बिना साथ-साथ रहना। श्रद्धा और आफताब का मामला भी वैसा ही था। ऐसे मामलों में 'लव-जिहाद' के नाम पर वासना की भूमिका ज्यादा तगड़ी होती है। ऐसा संबंध व्यभिचार और दुराचार को बढ़ाता है।

# आज के दिन इन मंत्रों के साथ करें भगवान गणेश की पूजा

## बप्पा की कृपा से बनेंगे सभी बिगड़े काम



रिद्धि सिद्धि के दाता और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा के लिए बुधवार का दिन सबसे शुभ होता है। इस दिन किए गए पूजा-पाठ और व्रत से वे शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों को आशीर्वाद देते हैं। भगवान गणेश सभी देवों में सबसे पहले पूजे जाते हैं, इसलिए उन्हें प्रथम पूजनीय भी कहा जाता है। शुभ-मांगलिक कार्यों में भी सर्वप्रथम भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। भगवान गणेश की पूजा से न सिर्फ बिगड़े कार्य बनते हैं बल्कि कुंडली में स्थित कई सारे दोष भी दूर होते हैं। बुधवार के दिन आप भगवान गणेश की पूजा के दौरान यदि कुछ विशेष मंत्रों का जाप करेंगे तो इससे सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होगी और ग्रह दोषों का प्रभाव भी कम होगा। इन मंत्रों के जाप से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होंगे और आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। जानें बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा के लिए किन मंत्रों का करें जाप।

### 'ॐ गं गणपतये नमः'

'गजानंद एकाक्षर मंत्र' भगवान गणेश के सबसे सरल और प्रभावी मंत्रों में एक है। इस मंत्र के उच्चारण मात्र से ही भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। बुधवार के दिन पूजा के दौरान आप इस मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करें। इससे आपके हर कार्य सफल होंगे और सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी।

### 'ॐ वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभः। निर्विघ्नं कुरू मे देव, सर्व कार्येषु सर्वदा।।'

भगवान गणेश की सभी पूजा में इस मंत्र का जाप जरूर करें। इससे बप्पा प्रसन्न होते हैं और आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

### 'ॐ एकदन्ताय विहे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्तिः प्रचोदयात।'

**श्री गणेश गायत्री मंत्र को फलदायी माना जाता है। बुधवार की पूजा में इस मंत्र का 108 बार जाप करने से व्यक्ति का भाग्य चमकता है और सभी कार्य अनुकूल सिद्ध होते हैं। साथ ही भगवान गणेश की विशेष कृपा भी प्राप्त होती है।**

### 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे'

**कुंडली में बुध ग्रह से संबंधित दोष को दूर करने करे लिए इस मंत्र का जाप प्रभावी माना गया है।**

### 'ॐ नमो गणपतये कुबेर येकद्रिको फट् स्वाहा।'

**गणेश कुबेर मंत्र आप प्रतिदिन या बुधवार की पूजा में एक माला (108 बार) जाप करें। इससे आर्थिक समस्या दूर होती है और कर्ज से भी मुक्ति मिलती है।**

# क्या है जन्म और मृत्यु से जुड़े सूतक और पातक में अंतर



**जानें इसके नियमों के बारे में**

**नवजात शिशु के जन्म के बाद घर पर सूतक लगता है तो वहीं परिजन की मृत्यु के बाद परिवार में पातक लगता है। सूतक और पातक दोनों में ही कुछ नियमों का पालन करना होता है और इसमें धार्मिक कार्य वर्जित होते हैं।**

सूतक और पातक दोनों में ही धार्मिक कार्य होते हैं वर्जित।
घर पर किसी की मृत्यु के बाद 13 दिनों के लिए लगता है पातक।
नवजात शिशु के जन्म के बाद परिवार के लोगों में लगता है सूतक।

हिंदू सनातन धर्म से जुड़ी परंपराओं में जीवन जीने के कई सिद्धांतों और नियमों के बारे में बताया गया है। इन्हीं में एक है घर में किसी की मृत्यु हो जाने और घर में किसी नवजात के जन्म होने से जुड़े नियम। जन्म और मृत्यु के दौरान सूतक और पातक जैसे नियमों का पालन किया जाता है। दरअसल, शास्त्रों में किसी परिजन की मृत्यु हो जाने पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पूरे 13 दिनों तक पातक होता है। ठीक इसी प्रकार घर में किसी नवजात के जन्म होने पर सूतक होता है। हालांकि, अलग-अलग जगह इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता हैं।

### क्या है सूतक?

घर में नए सदस्य के आगमन अर्थात शिशु के जन्म होने के बाद कुछ दिनों के लिए सूतक होता है। इस दौरान घर पर कोई धार्मिक कार्य जैसे पूजा-पाठ करना, मंदिर जाना, किसी धार्मिक स्थानों पर जाना आदि वर्जित माने जाते हैं। शास्त्रों में घर पर नवजात के जन्म की इस अवधि को सूतक कहा गया है। हालांकि, अलग-अलग क्षेत्रों में जन्म के पश्चात होने वाले सूतक को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जैसे महाराष्ट्र में इसे वृद्धि, राजस्थान में सांवड़ और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार आदि उत्तरी राज्यों में सूतक के नाम से जाना जाता है।

### पातक क्या है?

जिस तरह शिशु के जन्म के पश्चात घरवालों को सूतक लगता है, उसी तरह घर पर किसी परिजन की मृत्यु हो जाने पर पूरे 13 दिनों तक पातक होता है। इस अवधि में धर्म-कर्म जैसे कार्य करना वर्जित होता है। साथ ही इस दौरान किसी बाहरी व्यक्ति के घर आना-जाना या किसी समारोह में शामिल होना भी वर्जित होता है। इसे ही पातक कहा जाता है।

### सूतक और पातक में अंतर

जन्म और मृत्यु दोनों में वर्जित किए जाने वाले धार्मिक कार्यों को कई लोग केवल सूतक के नाम से ही जानते हैं, इसलिए सूतक और पातक को लेकर कुछ लोग असमंजस की स्थिति में रहते हैं। हालांकि, सूतक और पातक शब्द में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है। दोनों में ही पूजा-पाठ जैसे धार्मिक कार्य वर्जित होते हैं। गरुड़ पुराण में परिजन की मृत्यु पश्चात लगने वाले सूतक को 'पातक' कहा गया है। वहीं, घर पर किसी नवजात के जन्म के बाद सूतक लग जाता है। पातक के नियमों की अवधि 13 दिनों तक होती है, लेकिन शास्त्रों में सूतक की अवधि अलग-अलग बताई गई है। जैसे ब्राह्मणों में 10 दिन, वैश्य के लिए 20 दिन और क्षत्रिय के लिए 15 दिन और शूद्र के लिए 30 दिन की अवधि होती है।

# घर और मंदिर की मूर्ति का आकार क्या होना चाहिए

## जानें क्या कहता है भविष्य पुराण

**हिंदू धर्म मूर्ति पूजा में विश्वास करने वाला धर्म है। पुराणों में मूर्ति की बनावट व आकार का विधान है।**



हिंदू धर्म में मूर्ति पूजा का विशेष महत्व है। घर व मंदिरों में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कर उनका पूजन किया जाता है, पर कम ही लोग जानते हैं कि घर और मंदिर की देव प्रतिमा के निर्माण व आकार का शास्त्रों में अलग से विधान बताया गया है। जिसके अनुसार बनी मूर्ति का पूजन ही शुभ फलदायी माना गया है। आज हम आपको पुराणों में बताई मूर्ति के उसी आकार व निर्माण की विधि बताने जा रहे हैं।

### घर व मंदिर के अनुसार मूर्ति का आकार

भविष्य पुराण में लिखा है कि घर में आठ अंगुल से बड़ी मूर्ति नहीं होनी चाहिए। इसी तरह मंदिर में द्वार की ऊंचाई को आठ भागों में बांटकर उसके तीन भाग के माप में पिण्डिका व दो भाग के माप में देव प्रतिमा बनाने का विधान है। 84 अंगुल यानी साढ़े तीन हाथ की प्रतिमा वृद्धि करने वाली होती है। मूर्ति के निर्माण के समय उसके मुख की लंबाई 12 अंगुल तथा उसके 3 भाग के प्रमाण में चिबुक, ललाट और नाक होना चाहिए। नाक के बराबर ही कान और गर्दन बनाने चाहिए। नेत्र दो अंगुल विशाल हों।

उसके तीसरे भाग में आंख की तारिका व उसके तीसरे भाग में सुंदर दृष्टि होनी चाहिए। ललाट, मस्तक और गर्दन बराबर माप की हों। सिर का विस्तार 32 अंगुल हो तथा नासिका, मुख, गर्दन व हृदय एक सीध में होने चाहिए। मूर्ति की जितनी ऊंचाई हो, उसके आधे में कटी प्रदेश बनाना चाहिए। दोनों हाथ, जांघ व पेट परस्पर समान हो। टखने चार अंगुल ऊंचे, तीन अंगुल के अंगूठे वाले पैर का आकार छह अंगुल का हो। तर्जनी अंगूठे के बराबर व अन्य अंगुलियां छोटी हों। पैर की लंबाई 14 अंगुल में बनानी चाहिए। मूर्ति के हर अंग सुडौल होने चाहिए। सिर पर मुकुट व शरीर पर सुदंर आभूषण भी होने चाहिए।

### भगवान की मूर्ति की धातु

भविष्य पुराण व मत्स्य पुराण में भगवान की मूर्ति की शुभ धातु का उल्लेख किया गया है। भविष्य पुराण के अनुसार मूर्ति पत्थर, काठ, मिट्टी, रत्न, ताम्र या अन्य धातु की बनाई जा सकती है। इसी तरह मत्स्य पुराण के अनुसार स्वर्ण, चांदी, तांबा, पत्थर, देवदारु, लोहा, सीसा, पीतल और कांसा मिश्रित तथा शुभ काष्ठों की बनी हुई देव प्रतिमा भी शुभ मानी गई है।

### देवी- देवताओं की मूर्ति का आदर्श माप

भविष्यपुराण में अलग- अलग देवी-देवताओं की मूर्ति का आदर्श माप भी बताया गया है। जिसके अनुसार भगवान विष्णु व भगवती दुर्गा की मूर्ति साढ़े चार हाथ की होनी चाहिए। सूर्य की साढ़े तीन, भगवान शिव, नृसिंह व हयग्रीव की ढाई, वासुदेव, लक्ष्मी व सरस्वती की डेढ़ हाथ की प्रतिमा होनी चाहिए। मूर्ति की स्थापना तीर्थ, पर्वत, तालाब के पास या नगर के मध्य भाग में ब्राह्मणों के समूह वाले स्थान पर करनी चाहिए।

# सात मातृ देवियां कौन-कौन सी हैं, सप्तमातृका का महत्व

**जब सभी देव असुरों के संहार में असफल हो गए थे, तब मां शक्ति ने 7 प्रमुख रूपों में अवतार लेकर सबकी रक्षा की थीं। ग्रंथों में सप्तमातृका का महत्व बताया गया है।**

**ब्राह्मणी देवी का शरीर सोने के समान चमकता है। वैष्णवी देवी सुंदर हैं और वह पीले वस्त्र पहनती हैं। चामुंडा देवी अंजीर के पेड़ के नीचे निवास करती हैं।**



राक्षसों और असुरों का सर्वनाश करने के लिए देवी मां ने विभिन्न रूप धारण किए। मातृका का संबंध भी मां शक्तियों से ही हैं। मातृका का अर्थ है माताओं का समूह। सप्तमातृका का अर्थ है 7 माताएं। ग्रथ पुराणों में इन 7 देवियों का उल्लेख मिलता है। जब सभी देव असुरों के संहार में असफल हो गए थे, तब मां शक्ति ने 7 प्रमुख रूपों में अवतार लेकर सबकी रक्षा की थी।

### सप्तमातृका ब्राह्मणी

ब्राह्मणी देवी के चार मुख होते हैं। ब्राह्मणी देवी का शरीर सोने के समान चमकता है। माता के दाहिने हाथ में सुला, पीछे के बाएं हाथ में अक्षमाला होती है। वहीं, सामने दाहिना हाथ अभय मुद्रा और सामने बायां हाथ वरद मुद्रा में रहता है। ब्राह्मणी देवी लाल कमल पर विराजती हैं और सिर पर मुकुट धारण करती हैं। वैष्णवी देवी सुंदर हैं और वह पीले वस्त्र पहनती हैं। माता के दाहिने और बाएं हाथ में चक्र व शंख रहता है। भगवान विष्णु की तरह ही वैष्णवी देवी सभी आभूषण धारण करती हैं। वैष्णवी देवी का वाहन गरुड़ है। वैष्णवी देवी की चार भुजाएं होती हैं, जिसमें वह शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करती हैं।

### सप्तमातृका इंद्राणी

इंद्राणी देवी का रंग लाल होता है। इनकी 3 आंखें और चार भुजाएं होती हैं। देवी अपने सिर पर कीर्ति मुकुट धारण करती हैं। इंद्राणी देवी का वाहन हाथी होता है और कल्प वृक्ष उनका निवास होता है। इंद्राणी माता देवी भी आभूषणों से सुसज्जित रहती हैं।

### सप्तमातृका चामुंडा



चामुंडा देवी शेर की खाल पहनती हैं और अंजीर के पेड़ के नीचे निवास करती हैं। माता का रूप विकराल होता हैं। चामुंडा देवी की तीन आंखें और रंग लाल होता है और 10 भुजाएं होती हैं। ये माता मुसल, कवच, बाण, अंकुश, खड़ग, खेटका, धनुष डंडा जैसे अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित रहती हैं।

### सप्तमातृका महेश्वरी

महेश्वरी देवी की 6 भुजाएं होती हैं। इनका वाहन बैल होता है। महेश्वरी देवी के पांच चेहरे व तीन आंखें होती हैं। ये माता सिर पर जाट मुकुट धारण करती हैं। 4 भुजाओं में वे सूत्र, डमरु, सुला और घंटा धारण करती हैं।

### सप्तमातृका कुमारी

कुमारी देवी का रंग पीला होता है।
इनकी चार भुजाएं होती हैं और इनका वाहन भीम होता है।
कुमारी देवी का निवास अंजीर का वृक्ष होता है।
कुमारी देवी गले में लाल फूलों की माला धारण करती हैं, जो शूरता और साहस का प्रतीक है।

### सप्तमातृका वाराही

वाराही देवी का रंग काला होता है और सिर पर मुकुट होता है।
ये माता मूंगे से बने आभूषण भी धारण करती हैं और कल्पक वृक्ष के नीचे निवास करती हैं।
इनका वाहन और प्रतीक हाथी है।
वाराही देवी की 6 भुजाएं होती हैं, जिनमें से 4 में अस्त्र शस्त्र रखती हैं।

# छलका मलाइका अरोड़ा का दर्द, सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर इस तरह करती हैं रिएक्ट

**मलाइका अरोड़ा इंडस्ट्री की** सबसे खूबसूरत और बोल्ड हसीनाओं में एक हैं. अर्जुन कपूर की गर्लफ्रेंड सोशल मीडिया पट काफी एक्टिव हैं. सोशल मीडिया पर उन्हें जीतने लोग पसंद करते हैं, उतने ही लोग उनको ट्रोल भी करते हैं. चाल और बोल्ड ड्रेसिंग सेंस से लेकर अरबाज खान से उनके डिवोर्स और अर्जुन कपूर से उनके रिलेशनशिप तक, मलाइका को हर बात के लिए ट्रोल किया जाता है. अपने शो को प्रमोट करते हुए एक्ट्रेस ने बताया है कि वो इस ट्रोलिंग से कितना हताश हो जाती हैं, इसका उनके आनसिक स्वास्थ्य पर कैसा असर होता है और इससे वो किस तरह डील करती हैं...



मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया. इस इंटरव्यू में उनसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें एक मुद्दा सोशल मीडिया ट्रोलिंग का भी था. मलाइका से जब पूछा गया कि वो इस जबरदस्त ट्रोलिंग सेकिस तरह डील करती हैं तो उन्होंने खुलकर अपने मन की बात को सबके सामने रखा.

मलाइका अरोड़ा ने कहा कि अब तो उन्हें ट्रोलिंग इतना अफेक्ट नहीं करती है लेकिन उनके आस-पास के लोग यानी उनके रिश्तेदार और दोस्त काफी हताश हो जाते हैं. मलाइका बताती हैं कि शुरू में वो इस ट्रोलिंग से बहुत परेशान हो जाती थीं क्योंकि यह सब उनके लिए बहुत नया था. मलाइका को ये ट्रोलिंग चौंका देती थी, भावुक कर देती थी और उनके कॉन्फिडेन्स को भी कम कर देती थी.

**ट्रोलिंग ने मलाइका को सिखाया यह जरूरी सबक**

मलाइका ने कहा कि फिर समय के साथ उनको यह समझ आ गया कि हम किसी भी शख्स की सोच को बदल नहीं सकते और ऐसे में सोशल मीडिया पर कोई भी कुछ भी कहे, तो उसका बुरा मानना बेकार है. ऐसे में, मलाइका ने सोच लिया कि न ही उनके पास समय है और न ही वो पेशेंस कि वो किसी रैंडम इंसान की सोच को बदल सकें. जो लोग उनके करीब हैं, वो उन्हें जानते हैं और इतना उनके लिए काफी है।

# विक्की-कियारा की केमिस्ट्री पर कटरीना व सिद्धार्थ का आया रिएक्शन





विक्की कौशल और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अब हाल ही में विक्की कौशल की वाइफ कटरीना कैफ और कियारा आडवाणी के रुमर्ड ब्वायफ्रेंड सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फिल्म की तारीफ की है। वाइफ के रिएक्शन पर विक्की ने भी उनकी पोस्ट को दिल वाले इमोजी के साथ री-शेयर किया है। बता दें कि गोविंदा नाम मेरा में विक्की कौशल और कियारा आडवाणी के अलावा भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 16 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

कटरीना कैफ ने अपने पति विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा का ट्रेलर देखने के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- यह काफी मजेदार लग रहा है। वाइफ के कांप्लीमेंट को पाकर विक्की ने भी पोस्ट को री-शेयर करते हुए अंग्रेजी में लिखा -माय। विक्की ने इस कंमेट के साथ दिल वाली इमोजी भी लगाई।

**कियारा के रुमर्ड ब्वायफ्रेंड सिद्धार्थ मल्होत्रा का भी रिएक्शन आया**

इसके अलावा कियारा आडवाणी के रुमर्ड ब्वायफ्रेंड सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- बहुत ही मजेदार कास्ट है और बहुत ही दिलचस्प कहानी है। यह एक मजेदार राइड लग रही है और मैं इस फिल्म को देखने का इंतजार कर रहा हूं। इस पोस्ट में उन्होंने भूमि पेडनेकर, कियारा आडवाणी और विक्की कौशल को टैग किया।

# सनी लियोनी के शो में उर्फी को हुआ प्यार! बोलीं- 'मैंने तो हां कर दी, अब तुम्हारी बारी'



सनी लियोन के शो स्प्लिट्सविला के सीजन 14 में उर्फी जावेद अपनी अदाओं का जलवा बिखेर रही हैं। बोल्ड अदाओं के साथ-साथ उर्फी समझदारी के साथ गेम भी खेल रही हैं। शो में आगे बढ़ने के लिए अब उर्फी ने लव एंगल का सहारा लिया है। जी हां, उर्फी जावेद इस शो के कंटेस्टेंट पर अपना दिल हार बैठी हैं। उर्फी जावेद ने अपने प्यार को लेकर शो में खुलासा भी किया है। वहीं दूसरी तरफ उर्फी को शो के प्रतिभागी कशिश ठाकुर अच्छे लगने लगे हैं। अब उर्फी जावेद 'रोडीज एक्सट्रीम' के विजेता कशिश ठाकुर को इंप्रेस करने की कोशिश कर रही हैं।

**उर्फी को है चॉकलेटी बॉय की तलाश**

उर्फी जावेद ने इस शो में गेम के दौरान लड़कों से अपनी जिंदगी की कई निजी बातें साझा कीं। उर्फी जावेद ने बताया कि उन्हें सीधे-साधे लड़के की तलाश है, जो चॉकलेटी बॉय हो। शायद वह लड़का उन्हें इस शो में मिल गया है। अपने प्यार का इजहार करते हुए उर्फी ने शो के कंटेस्टेंट कशिश ठाकुर से कहा, आपकी स्माइल बहुत प्यारी है। आप मुझे अच्छे लगते हैं।

**प्यार को लेकर क्या बोलीं उर्फी**

इतना ही नहीं उर्फी ने अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए कहा, मुझे बहुत जल्दी प्यार हो जाता है और पहले हो भी चुका है। वहीं दूसरी तरफ कशिश ठाकुर कहते हैं कि उनके साथ ऐसा नहीं है। उन्हें एकदम से प्यार नहीं होता। उन्हें प्यार होने में थोड़ा समय लगता है।

**उर्फी ने किया मां को मनाने का वादा**

शो के दौरान कई बार कशिश ठाकुर और उर्फी जावेद को एक साथ रोमांटिक पल बिताते हुए भी देखा गया है। उर्फी ने प्यार को लेकर कहा, मैंने हां कर दी है। अब तुम्हारी बारी है। मैं आऊंगी और तुम्हारी मां को मनाऊंगी। मुझे पता है कि मैं बहुत मिलनसार, खुले विचार वाली और विवादास्पद सेलिब्रिटी हूं, लेकिन यह कोई नहीं जनता कि असली उर्फी कौन है।

# टी-सीरीज ने अनजान लोगों के खिलाफ कराई कंप्लेंट : कहा- भूषण कुमार की छवि खराब करने की कर रहे हैं साजिश

भूषण कुमार की कंपनी टी-सीरीज ने हाल ही में कुछ अंजान लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और फ्रॉजरी की कंप्लेंट दर्ज कराई है। शिकायत में टी-सीरीज का दावा है कि कुछ लोग कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर भूषण कुमार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले में टी-सीरीज ने बेनाम आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

**मुंबई पुलिस कर रही है मामले की जांच**



ईटाइम्स की खबर की मानें तो टी-सीरीज ने कंप्लेन में दावा किया है कि उन्हें विदेशी नंबर +32460258213 से कॉल आते थे। जिसमें आरोपी भूषण कुमार बनकर लोगों से झूठी और गलत बातें करता था। हालांकि जो लोग भूषण कुमार को अच्छी तरह से जानते थे, उन्होंने तुरंत उस बहरुपिया को भगा दिया और यह बात भूषण कुमार को बताई। जैसे ही ये जानकारी टी-सीरीज के पास पहुंची, कंपनी ने तुरंत आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज कराई। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही हैं। हालांकि, अभी तक आरोपियों के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिली है।

टी सीरीज का कहना है कि कुछ लोग भूषण कुमार का नाम खराब करना चाह रहे हैं। ऐसा काम करने वाले लोगों से सही तरह से निपटा जाएगा। टी-सीरीज ने यह साफ कर दिया है कि इन सभी घटनाओं में भूषण कुमार की कोई भी भूमिका नहीं है। लोगों को सतर्क करते हुए टी-सीरीज ने कहा कि अगर कोई भी आपसे इस तरीके से संपर्क में आए तो उसके साथ बातचीत या फिर रुपयों के लेनदेन से जुड़ी चीजों में डील न करें। ऐसा करके आरोपी का मकसद भूषण कुमार की इमेज खराब करना चाहता है।

# सबा के साथ लिव-इन में रहने पर ऋतिक ने कहा- इस बात में कोई भी सच्चाई नहीं



बीते दिनों खबरें आ रही थी कि एक्टर ऋतिक रोशन और उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद जल्द ही अपने रिलेशनशिप को एक स्टेप आगे लेकर जाने वाले हैं। दोनों एक साथ लिव इन में रहने का मन बना रहे हैं। इतना ही नहीं अफवाह थी कि कपल जिस अपार्टमेंट में शिफ्ट होने वाले हैं, उसकी कीमत 100 करोड़ रुपए है। हालांकि, अब ऋतिक ने लिव इन में शिफ्ट होने की खबरों को खारिच कर दिया है।

सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करते हुए ऋतिक ने लिखा- 'इस खबर में कोई भी सच्चाई नहीं है। एक पब्लिक फिगर होने की वजह से मैं समझता हूं कि लोग मेरे बारे में जानना चाहते हैं, लेकिन ये तब सही रहेगा, जब हम गलत खबरों से खुद को दूर रखें। ये एक जिम्मेदारी वाला काम है।' इस पोस्ट के साथ ही ऋतिक से लिव इन में शिफ्ट होने की खबरों से इनकार कर दिया है।

कुछ समय पहले यह खबर आई थी कि ऋतिक ने जुहू-वर्सोवा लिंक रोड के पास दो अपार्टमेंट खरीदे हैं। इन दोनों लग्जरी अपार्टमेंट की कीमत 97.50 करोड़ बताई जा रही थी। ये भी अफवाह थी कि सबा और ऋतिक का इस नए घर से अरेबियन सागर का शानदार व्यू देखने को मिलेगा। इस अपार्टमेंट की 15वीं और 16वीं मंजिल पर ऋतिक ने दो डुप्लेक्स खरीदा है। लेकिन अब ऋतिक ने यह साफ कर दिया है कि उनका ऐसा कोई भी प्लान नहीं है

बता दें कि ऋतिक और सबा दोनों ही अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। जहां सबा रॉकेट बॉय्ज 2 की शूटिंग कर रहे हैं, वहीं ऋतिक फाइटर की शूटिंग के लिए असम में हैं। यह भारत की पहली एरियल फिल्म है, फैंस जिसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

सबा- ऋतिक लंबे समय से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं। इससे पहले उन्होंने इंटीरियर डिजाइनर सुजैन खान से 2000 में शादी की थी। 2014 में दोनों अलग हो गए। ऋतिक और सुजैन के दो बच्चे भी हैं। जहां ऋतिक सबा के साथ हैं, वहीं अब सुजैन भी अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं।

# साक्षी द्विवेदी ने स्टाइलिश लुक, किलर पोज से उड़ाया दिन का चैन, रातों की नींद



स्पलिट्सविला 14 की शुरुआत हो गई है और इस बार हसीनाओं की बोल्डनेस हर किसी के होश उड़ा रही है. इस बीच शो की सबसे हॉट एंड बोल्ड कंटेस्टेंट साक्षी द्विवेदी का अंदाज देख आपके भी दिन का चैन और रातों की नींद उड़ जाएगी.

स्पलिट्सविला सीजन 14 का आगाज हो चुका है और एक बार फिर अपने कंटेस्टेंट को लेकर ये सुर्खियां बंटोर रहा है. शो में उर्फी जावेद की एंट्री ने पहले ही सारी लाइमलाइट बंटोर ली थी और अब शो की हसीनाएं अपने बोल्ड अंदाज से चर्चा में हैं. खासतौर से साक्षी द्विवेद अपने लुक्स और तेवरों को लेकर हेडलाइंस में बनी हैं.

साक्षी द्विवेदी को स्पलिट्सविला 14 की सबसे हॉट एंड बोल्ड कंटेस्टेंट बताया जा रहा है और इसका सबूत है उनका इंस्टाग्राम जहां हसीना अपनी तस्वीरें शेयर कर फैंस के दिन का चैन और रातों की नींद उड़ा रही हैं. अदा और अंदाज दोनों ही कमाल है साक्षी का. साक्षी द्विवेदी काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस हैं और अपने बिकिनी लुक्स से हर किसी को खूब को अपना दीवाना बना देती हैं. समंदर किनारे पहुंचकर हसीना और और हसीन लगने लगती हैं. यही वजह है कि शो में हर कोई उनका दीवाना नजर आ रहा हैं। स्टाइल की दीवानी साक्षी टैटू की भी शौकीन हैं उन्होंने अपने हाथ पर टैटू बनवाया है जिसे वो अक्सर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आती हैं. इंस्टाग्राम पर अपनी इन्हीं तस्वीरों को शेयर कर साक्षी दिलों में हलचल सी मचा देती हैं. यही वजह है कि पोस्ट होते ही उनकी हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा जाती हैं. अपने हुस्न, स्टाइल और अदाओं को लेकर ही नहीं बल्कि साक्षी शो में अपने तेवरों को लेकर भी खासी चर्चा में हैं. शो के पहले हफ्ते में ही वो उर्फी जावेद से भिड़ती हुई दिखी थीं. वहीं उर्फी ने भी अपने ही अंदाज से उनकी बोलती बंद कर दी.

# उर्वशी रौतेला ने भगवान के सामने जोड़े हाथ, पूछा भगवान से क्या मांगू? यूजर बोले 'ऋषभ पंत का हाथ'



बॉलीवुड की एक्ट्रेस और मॉडल उर्वशी रौतेला आए दिन चर्चा में बनी रहती हैं और खास बात ये है कि एक्ट्रेस आए दिन क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं. उर्वशी ने एक इंटरव्यू में जब से आरपी नाम का इस्तेमाल किया है तभी से लगातार फैंस इस कपल को जमकर ट्रोल करते हैं और खूब मजे लेते हैं. वहीं क्रिकेटर ऋषभ पंत लगता है सोशल मीडिया यूजर्स उर्वशी रौतेला को ऋषभ पंत के साथ देखना चाहते हैं, तभी तो एक्ट्रेस ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें वो कुछ दुआ मांगती हुई नजर आ रही हैं और फैंस अब बता रहे हैं कि आखिर एक्ट्रेस को क्या मांगना चाहिए. इस तस्वीर में उर्वशी रौतेला हरिद्वार में नजर आ रही हैं. इस प्यारी सी तस्वीर में उर्वशी भगवान के सामने हाथ जोड़े खड़ी हैं. उर्वशी ने इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए बस दर्शकों से यह पूछा कि- क्या भगवान से कुछ मांगना चाहिए? क्या मांगें...? बस फिर क्या था इस पोस्ट के वायरल होते ही फैंस लगातार एक्ट्रेस को ट्रोल कर रहे हैं और सेक्शन में लगातार कमेंट कर रहे हैं. इस पोस्ट के वायरल होते ही फैंस और यूजर ने लिखा कि हम समझ गए कि आप ऋषभ पंत के फॉर्म में वापिस आने की कामना कर रही हैं. वहीं दूसरे यूजर ने लिका कि मिस्टर आरपी का हाथ मांग लीजिए. वहीं एक यूजर लिखता है कि लगता है मैडम को न्यूजीलैंड का वीजा नहीं मिला. इस पोस्ट पर तमाम ऐसे ही कमैंट्स देखने को मिले जिसमें ऋषभ पंत का ही नाम दोहराया जा रहा था. उर्वशी इस फोटो में बेहद सिंपल लुक में नजर आईं. उर्वशी ने पीले रंग का सूट पहना हुआ था, जिसके साथ काले रंग का दुपट्टा लिया था।








# आज ही छोड़ दें ये आदतें, वरना कम उम्र में ही कमजोर हो जाएंगे पैर



हम गंभीर बीमारियों से डरते हैं इसीलिए इनसे बचाव करते हैं. कुछ छोटी-छोटी बीमारियां भी जीना मुश्किल कर देती हैं. हम हार्ट और लिवर जैसे अंगों का तो ख्याल रखते हैं, लेकिन पैरों की सेहत का ख्याल रखना भूल जाते हैं. ये लापरवाही पैरों की सेहत पर भारी पड़ सकती है. हमारी कुछ आदतें पैरों की सेहत पर बुरा असर डाल सकती हैं. इससे कम उम्र में ही पैर कमजोर हो सकते हैं. ये परेशानी देखते ही देखते बढ़ जाएगी और आपको पता भी नहीं चलेगा. इसलिए अगर आप पैरों को हेल्दी रखना चाहते हैं तो अपनी आदतों में बदलाव करना शुरू कर दीजिए.

## ज्यादा बैठना

ज्यादातर लोग चाहें ऑफिस हो या फिर घर बैठे ही रहते हैं. एक तो आजकल गैजेट्स के इस्तेमाल की वजह से ज्यादातर काम बैठकर ही करना पड़ता है. लंबे वक्त तक बैठना आपकी पीठ नहीं बल्किन पैरों के लिए भी नुकसानदायक है. लंबे वक्त तक बैठने से ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है. इसकी वजह से ब्लड क्लोटिंग की परेशानी भी हो सकती है. ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने के लिए बैठने के बीच में ब्रेक लेते रहें.

## पैर क्रॉस करके बैठना

पैर क्रॉस करके बैठना आम आदत है. खासकर लड़कियां पैर क्रॉस करके बैठना ही पसंद करती हैं. इससे आपकी नसों पर ज्याद दवाब पड़ सकता है. लैग क्रॉस करके बैठने से वैरिकोज वेन्स की परेशानी हो सकती है. याद रखें लंबे वक्त तक पैर क्रॉस करना नुकसानदायक है, कम वक्त के लिए इस तरह से बैठ सकते हैं.

## ज्यादा एक्सरसाइज

एक्सरसाइज हेल्थ के लिए फायदेमंद है, लेकिन ज्यादा एक्सरसाइज की वजह से पैरों की सेहत खराब हो सकती है. एक्सरसाइज से पैरों की मसल्स और जॉइंट्स प्रभावित होते हैं. इससे लंबे वक्त तक पैरों में दर्द की परेशानी हो सकती है.

## स्मोकिंग करना

स्मोकिंग हेल्थ के लिए नुकसानदायी है. आपने स्मोकिंग की वजह से फेफड़ों को नुकसान पहुंचने के बारे में सुना होगा, लेकिन इससे हमारे पैरों पर भी बुरा असर होता है. सिगरेट में निकोटिन मौजूद होता है जो ब्लड फ्लो को प्रभावित करता है. इससे पैरों की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं।



# सर्दियों में आप भी करते हैं हेयर ड्रायर का इस्तेमाल, तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

**सर्दियों के मौसम** में बाल धोने के बाद सुखाना एक बड़ी समस्या है. महिलाओं को ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ाता है.ऐसे में गीले बालों को सुखाने के लिए ज्यादातर लोग हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन क्या अगर आप गलत तरीके से बालों को सुखाते हैं तो इससे आपके बालों को नुकसान भी पहुंच सकता है. वैसे तो हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल बालों को लिए काफी नुकसानदायक होता है. लेकिन फिर भी अगरआप हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं तो आपको कुछ सावधानियां रखनी चाहिए. चलिए हम यहां आपको बताएंगे कि बालों को सुखाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?



**हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते समय इन बातों का रखें ध्यान- दूर से करें इस्तेमाल**

हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते समय बालों से ड्रायर को 9 इंच दूर रखने की कोशिश करें. इससे आपके बाल भी आसानी से सूख जाएंगे और बालों को ड्राइनेस या हेयर फॉल का खतरा भी नहीं रहता है.

**हेयर सीरम लगाएं**

बालों को ड्रायर की हीट से बचाने के लिए हेयर सीरम ट्राई कप सकते हैं. जी हां ड्रायर यूज करने से पहले बालों में नेरिशमेंट सीरम लगाने से बाल डैमेज नहीं होते हैं. वहीं बालों की सॉफ्टनेस भी बरकराप रहती है.

**कंडीशनर का करें इस्तेमाल**

बालों को सुखाने के लिए ड्रायर का इस्तेमाल करने से पहले बालों में कंडीशनर अप्लाई करना न भूलें. ऐसे में हेयर वॉश के बाद कंडीशनर लगाकर आप बालों को ड्रायप से सुखा सकते हैं. ऐसा करने से बाल रूखे और फ्रिजी नहीं लगेंगे.

**बालों के टाइप का ध्यान रखें**

हेयर ड्रायर का चुनाव बालों के टाइप को ध्यान में रखकर ही करें. ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आपके बाल कर्ली हैं तो ड्रायर से बाल सुखाने में थोड़ा समय लग सकता है. इसलिए टेम्प्रेचर को सेट करना जरूरी होता है।

# लड़कों की इन खूबियों पर तुरंत फिदा हो जाती हैं लड़कियां

**अक्सर कहा जाता** है कि किसी पर भी अपनी छाप छोड़ने के लिए व्यक्तित्व काफी मायने रखता है, लेकिन आपको यह भी जानना जरूरी है कि फर्स्ट इम्प्रेशन भी काफी अहम है. इसके लिए लुक्स पर ही सबसे पहले ध्यान जाता है और इसको देखकर ही मेल-फीमेल एक-दूसरे की तरफ अट्रैक्ट होते हैं. तो चलिए आपको बताते हैं कि पुरुषों की किन चीजों के प्रति महिलाएं सबसे पहले आकर्षित होती हैं. इतना ही नहीं साइंस ने भी इन दावों पर मुहर लगाई है.





**ट्रिम्ड बीयर्ड वाले लड़के**

आजकल ट्रिम्ड बीयर्ड का चलन बढ़ता जा रहा है, क्योंकि लड़कियां ऐसे लड़कों के प्रति काफी आकर्षित होती हैं. यानी जिन लड़कों की दाढ़ी ना ज्यादा बड़ी हो और ना ही बहुत ज्यादा छोटी हो, ऐसे लड़कों के प्रति लड़कियां सबसे ज्यादा आकर्षित होती हैं. न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी की एक स्टडी में यह बात साबित हो चुकी है कि ट्रिम्ड बीयर्ड वाले पुरुष महिलाओं को ज्यादा आकर्षित करते हैं.

**ज्यादा उम्र वाले पुरुष**

लड़कियां अक्सर मैच्योर यानी अपनी उम्र से बड़े पुरुषों को पसंद करती हैं. साल 2010 में आई स्टडी में भी इस बात पर मुहर लगी थी कि ज्यादातर महिलाएं ज्यादा उम्र यानी मैच्योर दिखने वाले पुरुषों की तरफ ज्यादा आकर्षित होती हैं. इसके साथ ही स्टडी में इस बात का भी खुलासा हुआ था कि आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिलाएं उम्र में बड़े के अलावा जिंदगी में स्थिर पुरुषों को पसंद करती हैं.

**फिजिकली फिट लड़के**

फिजिकली फिट लड़के हमेशा से ही लड़कियों की पहली पसंद होते हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की स्टडी में भी इस बात का खुलासा हो चुका है. स्टडी के अनुसार, फिजिकली फिट पुरुष महिलाओं को ज्यादा पसंद आते हैं. हालांकि, बहुत हेवी मसल्स वाले पुरुषों के साथ महिलाए ज्यादा लंबा रिलेशन नहीं देखती हैं.

**परफ्यूम लगाने वाले पुरुष**

अच्छी खुशबू अक्सर लोगों को आकर्षित करती हैं और लड़कियों को ऐसे लड़के पसंद आते हैं, जो हमेशा महकते हैं. जनरल ऑफ कॉस्मेटिक साइंस में प्रकाशित स्टडी में भी इस बात को बताया गया था कि डीयो या परफ्यूम लगाने वाले पुरुष खुद को कॉन्फिडेंट पेश करने के साथ ही महिलाओं को भी आकर्षित करते हैं.

**हाइजीन का ख्याल रखने वाले पुरुष**

लड़कियों को लुक्स के साथ ही हाइजीन का ख्याल रखने वाले पुरुष भी खूब भाते हैं. कई स्टडी में इस बात को बताया जा चुका है कि अच्छे लुक और ड्रेसिंग सेंस के अलावा हाइजीन का ख्याल रखने वाले लड़के लड़कियों को अपनी तरफ ज्यादा आकर्षित करते हैं।

# नहीं पड़ेगी रूम फ्रेशनर की जरूरत इन पौधों से हर वक्त महकेंगे घर-आंगन

**कई पौधे ऐसे होते हैं** जो केवल देखने में ही सुंदर नहीं लगते बल्कि खुशबू भी फैलाते हैं. आजकल सभी लोग घरों में खुशबू के लिए रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल करते हैं. आज हम आपको ऐसे पौधों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके घर को खुशबू से महका देंगे. इन खुशबूदार पौधों को लगाने के बाद आपको किसी परफ्यूम या रूम फ्रेशनर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. सबसे खास बात यह है कि यह पौधे घर के बाहर ही नहीं, बल्कि अंदर भी लगाए जा सकते हैं. यानी कि खुशबूदार पौधों को लगाकर आप अपनी बालकनी ही नहीं, बल्कि कमरे और ड्राइंग रूम को भी सजा सकते हैं आइए जानते हैं खुशबूदार पौधों के बारे में.



**पैशन फ्लावर**

पैशन फ्लावर का पौधा देखने में बहुत ही खूबसूरत लगता है. इसकी खुशबू भी बहुत शानदार होती है. घर के हॉल या डायनिंग एरिया में पैशन फ्लावर प्लांट लगाने से पूरा घर खुशबू से महकता रहेगा.

**होया प्लांट**

होया प्लांट की खुशबू में स्वीटनेस होती है. इस खुशबूदार पौधे में फूलों के गुच्छे लगते हैं, जिन्हें देखकर हर कोई मोहित हो जाता है. होया प्लांट खुशबू तो फैलाता है साथ में इसकी खूबसूरती घर की शोभा में चार चांद लगा देगी.

**रोजमेरी प्लांट**

रोजमेरी की खुशबू बहुत आकर्षक होती है. सुई की तरह पतली पत्तियों वाला ये पौधा देखने में काफी खूबसूरत लगता है. घर में रोजमेरी का पौधा लगाकर घर को महका सकते हैं. इसे बालकनी या ड्राइंग रूम में रख सकते हैं.

**लिली प्लांट**

लिली के फूल तो हर किसी को पसंद होते हैं. लिली की खुशबू भी शानदार होती है. इसकी खुशबू नींबू की तरह लगती है. लिली लगाने से घर में फ्रेशनेस बनी रहेगी. लिली के फूल लगाने से किसी तरह के गुलदस्ते या रूम फ्रेशनर की जरूरत नहीं पड़ेगी.

**जैस्मिन प्लांट**

जैस्मिन की खुशबू तो दूर से ही लोगों को खींच लेती है. जैस्मिन फ्लेवर में कई रूम फ्रेशनर भी आते हैं. जैस्मिन को किसी गमले में लगाकर अपनी बालकनी में रख दें, जहां थोड़ी सी धूप आती हो. बालकनी की शोभा बढ़ जाएगी और इसकी खुशबू पूरे घर को महकाएगी.

# क्या आपके भी जूते से आती है बदबू इन आसान तरीकों से पाएं छुटकारा

**पैरों में पसीना** आने के बाद कई लोगों के पैरों और जूतों से बदबू आने लगती है, जो आम बात है. लेकिन, इसकी वजह से कई बार लोगों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है और जूतों से बदबू आती है तो हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप जूते की बदबू दूर कर सकते हैं.



**पैरों और जूतों से क्यों आती है बदबू?**

लंबे समय तक जूते पहनने की वजह से पैरों में पसीने होते हैं और इस वजह से जूतों और मोजों में लगातार नमी बनी रहती है. लंबे समय तक नमी बनी रहने की वजह से पैरों, मोजों और जूतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और इस वजह से बदबू आने लगती है. तो चलिए अप बताते हैं कि आप किस तरह पैरों और जूते की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं.

**पसीना सोखने वाले मोजे पहनें**

जूते और पैरों की बदबू के पीछे सबसे बड़ी वजह पसीना है और इसको कम करने के लिए पसीना सोखने वाले मोजे पहनना बेस्ट ऑप्शन है. इससे पसीने तो होंगे, लेकिन पैरों में लंबे समय तक नमी नहीं रहेगी. मार्केट में आसानी से पसीना सोखने वाले मोजे मिल जाएंगे.

**जूतों और इनसोल को नियमित तौर पर धोएं**

जूतों में बदबू की समस्या बैक्टीरिया की वजह से होती है. इससे बचने के लिए जूतों और इनसोल को नियमित तौर पर धोना चाहिए. इसके अलावा इन्हें धोने के बाद अच्छे से सुखाना भी जरूरी है, नहीं तो धोने के बाद भी नमी बनी रहेगी और दोबारा बैक्टीरिया पैदा हो जाएंगे.

**वॉशेबल इनसोल का करें इस्तेमाल**

जूते को हर हफ्ते धोना पॉसिबल नहीं हो पाता है, इसलिए जूते में वॉशेबल इनसोल यानी जूते के अंदर वाला सोल का इस्तेमाल करे. वॉशेबल इनसोल को 4-5 बार पहनने के बाद धोएं. इससे जूतों की बदबू से बहुत हद तक राहत मिलेगी और जूते फ्रेश बने रहेंगे.

**डियोड्रेंट का कर सकते हैं इस्तेमाल**

पैरों और जूतों की बदबू नमी के बाद पैदा होने वाले बैक्टीरिया की वजह से आती है. इसलिए, पैरों को सूखा रखने की कोशिश करें, क्योंकि पैर सूखे रहेंगे तो बैक्टीरिया नहीं होंगे और बदबू नहीं आएगी. अगर इसके बाद भी बदबू आती है तो पैरों में डियोड्रेंट का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो बैक्टीरिया को पनपने से रोकेगा.

# सर्दियों में गले की चुभन से हैं परेशान? ये हो सकते हैं बड़े कारण, इस तरह से करें बचाव

**सर्दियों में कई** लोगों को गले के अंदर चुभन महसूस होती है. इस दौरान आपको बार-बार गला साफ करना पड़ता है. लेकिन फिर भी काफी ज्यादा चुभन महसूस होती है. गले मे चुभन होने के कई कारण हो सकते हैं. लेकिन इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करनी करना चाहिए.ऐसा इसिलए क्योंकि इसके पीछे बड़े कारण हो सकते हैं. चलिए हम यहां आपको बताएंगे कि सर्दियों में गले में चुभन होने के क्या कारण हो सकते हैं?

**गले में चुभन के हो सकते हैं ये कारण-**

## सर्दी जुकाम

सर्दी जुकाम की परेशानी गले में चुभन महसूस होने के मुख्य कारण में से एक है. ऐसा इसलिए क्योंकि जुकाम एक वायरल इन्फेक्शन है जो की ऊपरी श्वसन तंत्र में लक्षण पैदा करता है. ऐसे में अगर आपको जुकाम हो गया है तो गले में चुभन होना आम बात है.वहीं कभी-कभी जुकाम होने से पहले भी गले में चुभन महसूस होती है. इसलिए ऐसे में इसे नजरअंदाज न करें.



## एलर्जी

एलर्जी से परेशान लोगो को भी गले में चुभन की शिकायत की परेशानी हो सकती है. वहीं किसी भी इंसान को गले में चुभन तब भी होती है जब बॉडी में बाहरी पदार्थों से बचाव के लिए एंडीबॉडीज बनाने में असमर्थ होता है. इसलिए अगर आपके गले में जुभन जैसी शिकायत हो तो उसे नजरअंदाज न करें बल्कि डॉक्टर से संपर्क करें.

## गले में सूजन

गले में सूजन होने पर चुभन की परेशानी हो सकती है. इसकी वजह से गले में फेरिंक्स में सूजन आ जाती है. इसलिए अगर आपके गले में भी चुभन की समस्या होती है तो आप इसकी पीछे की वजह गले में सूजन भी हो सकती है.

## गले का कैंसर

गले का कैंसर होने पर भी चुभन जैसा महसूस हो सकता है. अगर आप शराब अधिक मात्रा में पीते हैं तो गले के कैंसर का जौखिम अधिक रहता है.



# पंजाब के लोगों की मौज: जो करेगा मछली पालन सरकार उसे देगी 40% सब्सिडी

पटियाला, 22 नवंबर (एजेंसियां)। मत्स्य, पशुपालन और डेयरी विकास मंत्री के अनुसार, सरकार मछली पालन अपनाने के लिए 40% सब्सिडी की पेशकश कर रही है और किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। 21 नवंबर को मनाए जाने वाले विश्व मत्स्य दिवस पर मछली और झींगा किसानों को बधाई देते हुए, मंत्री भुल्लर ने दोहराया कि पंजाब सरकार मछली पालन को एक पेशे के रूप में अपनाने के लिए आवश्यक सभी सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार मछली पकड़ने के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रही है और उन्होंने कहा कि मछली पालन के लिए बुनियादी ढांचे के विकास और राज्य में मछली उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब में कुल 43,691 एकड़ में मछली पालन से 1,89,647 टन मछली पैदा होती है। पंजाब में, झींगा की खेती उस भूमि पर की जाती है जिसमें जलभराव और खारे पानी का अनुभव होता है, और यह किसानों की आय बढ़ाने में फायदेमंद रही है। उन्होंने दावा किया कि फिलहाल झींगा पालन के लिए कुल 1,200 एकड़ जमीन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में इस समय 15 सरकारी मछली बीज फार्म चल रहे हैं और जिला फाजिल्का के गांव किलियांवाली में एक नया सरकारी मछली बीज फार्म विकसित किया जा रहा है।

# केन्स का शेयर 17% उछला:सेंसेक्स 274 अंक बढ़कर 61,418 पर बंद हुआ, निफ्टी 84 अंक चढ़ा

मुंबई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 274 अंक चढ़कर 61,418 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 85 अंकों की तेजी रही, ये 18,244 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 26 शेयरों में तेजी रही, जबकि सिर्फ 4 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

**केन्स का शेयर 17.54% चढ़ा**

केन्स टेक्नोलॉजी की लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 32.54% चढ़कर 778 रुपए के लेवल पर हुई थी। वहीं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर शेयर 32% ऊपर 775 रुपए के लेवल पर लिस्ट हुआ था। हालांकि, केन्स का शेयर आज एनएसई पर 17.54% (102.95 रुपए) चढ़कर 689.95 रुपए पर बंद हुआ। वहीं बीएसई पर इसका शेयर 17.56% (103.10 रुपए) चढ़कर 690.10 रुपए पर बंद हुआ है। केन्स का इश्यू प्राइस 587 रुपए था। 10 नवंबर से 14 नवंबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुले 857.82 करोड़ रुपए के इस आईपीओ को 34.22 गुना बोलियां मिलीं थीं।

**इंडसइंड बैंक टॉप गेनर**



इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी लाइफ, अल्ट्राटेक सीमेंट, अपोलो हॉस्पिटल, टाइटन, एम एंड एम, डिविस लैब, यूपीएल, इंफोसिस समेत 36 शेयर्स निफ्टी के टॉप गेनर रहे। बीपीसीएल, नेस्ले इंडिया, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, ओएनजीसी, आयशर मोटर्स, कोल इंडिया, एचडीएफसी बैंक समेत 14 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स रहे।

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में तेजी देखने को मिली। पीएसयू बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.66% की तेजी रही। बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, मेटल, फार्मा, प्राइवेट बैंक, एफएमसीजी और मीडिया सेक्टर में भी तेजी दिखाई दी। सिर्फ रियल्टी सेक्टर में गिरावट देखने को मिली।

**जेरोधा ऐप डाउन**

ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जेरोधा के कई यूजर्स को मंगलवार की सुबह अपने ऐप काइट पर ट्रेडिंग करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे ऑर्डर नहीं प्लेस कर पा रहे हैं, या उनके ऑर्डर कैंसिल हो रहे हैं। downdetector.com के अनुसार, 71% यूजर्स ने ट्रेडिंग में परेशानी रिपोर्ट की, वहीं 16% ने वेबसाइट से संबंधित समस्याओं का सामना किया और 13% ने मोबाइल ब्रोकरेज के साथ कठिनाई का सामना किया। ट्विटर पर भी कई यूजर्स ने परेशानी रिपोर्ट की।

**सोमवार को सेंसेक्स 518 अंक टूटा था**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 518 अंक या 0.84% की गिरावट के साथ 61,144 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 153 अंक या 0.84% टूटकर 18,154 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 में से 22 स्टॉक में गिरावट रही। सेंसेक्स पर टेक महिंद्रा सबसे ज्यादा 2.19% टूटा था। एक्सिस बैंक और एयरटेल में करीब 1.5% की तेजी रही।

# अब आधार कार्ड बताएगा आपका बैंक बैलेंस

## बिना किसी ऐप को डाउनलोड कर बस डायल करें ये नंबर

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। आधार कार्ड भारत में रहने वाले हजारों लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है। इसकी शुरूआत के बाद से, कार्ड नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज बन गया है और इसमें किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी, फोटो, संपर्क विवरण और यहां तक कि आईरिस स्कैन जैसी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है। आधार कार्ड लोगों के बैंक खातों, वाहनों, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भी जुड़ा हुआ है। जैसा कि कहा गया है, बैंक खाते खोलने के लिए आधार कार्ड महत्वपूर्ण हैं, बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि कोई भी अपने आधार कार्ड की मदद से अपने बैंक बैलेंस की जांच कर सकता है, खासकर बिना किसी इंटरनेट कनेक्शन के। यह सेवा न केवल उपयोगकर्ता के अनुकूल है बल्कि उन लोगों के लिए भी संभव है जिनके पास स्मार्टफोन या इंटरनेट तक पहुंच नहीं है। हालांकि, आपके आधार कार्ड की मदद से बैंक विवरण की जांच करने के लिए, आपका बैंक खाता यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) द्वारा प्रदान किए गए 12 अंकों के विशिष्ट नंबर से जुड़ा होना चाहिए।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**

शनि १० | ९ | बुध | सूर्य ८ | शुक्र | चं केतु ७ | ६ | ११ | ५ | गुरु १२ | राहु १ | मंगल २ | ३ | ४

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में | वृश्चिक. | 05-59 | बजे |
| चंद्र- | तुला | में | धनु--- | 08-13 | बजे |
| मंगल | वृष | में | मकर- | 10-18 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | में | कुंभ - | 12-09 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मीन... | 13-47 | बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | में | मेष-- | 15-23 | बजे |
| शनि- | मकर | में | वृष-- | 17-08 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मिथुन.. | 19-09 | बजे |
| केतु- | तुला | में | कर्क.... | 21-20 | बजे |
| | | | सिंह.... | 23-33 | बजे |
| | | | कन्या.. | 01-43 | बजे |
| | | | तुला | 03-49 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी **- 06 -53** तक उपरान्त अमावस
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष , बुधवार **Nov 23**
नक्षत्र - विशाखा-**21 - 36** - तक उपरान्त अनुराधा
योग - शोभन - **15 - 38** - तक उप- अतिगण्ड
करण- शकुनि- **06 - 53** - तक उप- चतुष्पाद
विशेष:- देव पितृकार्ये अमावस्या
व्रत -त्योहार - शुक्र तारा उदितं-२१-२०

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 12:02 से 13:26 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ. | 06:28 - 07:50 | शुभ | उत्पात | 17:38 - 19:14 | अशुभ |
| अमृत. | 07:50 - 09:14 | शुभ | शुभ | 19:14 - 20:51 | शुभ |
| काल. | 09:14 - 10:38 | अशुभ | अमृत | 20:51 - 22:27 | शुभ |
| शुभ. | 10:38 - 12:02 | शुभ | चंचल | 22:27 - 00:03 | शुभ |
| रोग | 12:02 - 13:26 | अशुभ | रोग | 00:03 - 01:39 | अशुभ |
| उत्पात | 13:26 - 14:50 | अशुभ | काल. | 01:39 - 03:15 | अशुभ |
| चंचल | 14:50 - 16:14 | शुभ | लाभ | 03:15 - 04:51 | शुभ |
| लाभ | 16:14 - 17:35 | शुभ | उत्पात | 04:51 - 06:28 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — दूसरों के विश्वास का सम्मान करें और नम्र बने रहें। आप सफलता हासिल करने की राह पर बढ़ रहे हैं लेकिन हमेशा अंतिम समय पर सावधानी नही रखते। जीवन अप्रत्याशित होता ही है,इसीलिए इन परेशानियों की अधिक चिंता ना करें। जीवन के पथ पर उत्साह और जोश से आगे बढ़ते रहें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आप आसानी से आगे होने वाली बातों का अनुमान लगा लेते हैं। आपकी संचार क्षमता भी प्रभावशाली और नजरिया खुला है,इसीलिए जो आप चाहते हैं उसके लिए बहुत मेहनत करें। हमेशा गलतियाँ ढूँढने की फिराक में रहने वाले आक्रामक लोगों के साथ उलझने से बचें।दिन उत्तम है।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आप पिछले कई दिन से बेचैन और नाखुश सा अनुभव कर रहें हैं लेकिन आज आपका रुख इस समस्या को और अधिक गंभीरता से लेने का है। आपको यह जानना है कि इस समस्या की जड़ क्या है आज का दिन इस काम के लिए सबसे बेहतर है। लम्बे समय से उपेक्षित कुछ कामो की योजना बनाने के लिए भी अच्छा दिन है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — दिन की शुरुआत उलझन से होगी। आज कोई आध्यात्मिक प्रवृति वाला व्यक्ति आपके बचाव में आयेगा,आपका मार्गदर्शन करेगा। आप उसकी नेक सलाह मान सकते हैं। आज किसी तीर्थ की यात्रा भी कर सकते हैं। दोपहर बाद दिन अच्छा गुजरेगा,दोस्तों के साथ समय बीतेगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आप फिलहाल अपने जीवन की केन्द्रीय समस्या को सुलझाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। ऐसा भी संभव है कि आप इसे सुलझाने के लिए अपनी सामजिक और वित्तीय जिम्मेदारियों से भी छुट्टी ले लें। हालाँकि आपको यह भी समझना है कि आपके जल्दी मचने से इस समस्या का स्थायी समाधान नही निकलेगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आप अन्दर से डरे हुए से हैं।यह जान लें कि इन मुद्दों से घबराने की जरूरत नही है। इन वर्तमान समस्याओं के कई कारण हैं और इनके लिए दुसरे जिम्मेदार हैं,आप नहीं। ये छोटी बातें जल्दी ही सुलझ जायेंगी। अपने आपको राहत देने के लिए किसी मनोरंजक कार्यकलाप की योजना बनाएं।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आपकी निजी और व्यवसायिक जिन्दगी के बीच एक असंतुलन है।इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि आप अपने प्रतिदिन के काम की योजना बनाएं,जो हर दिन की जरुरत के हिसाब से अलग हो। चिंता ना करें,आपके परिजन हाल फिलहाल आपके उनके प्रति कम ध्यान के बावजूद आपके समर्पण को पहचान पाएंगे।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आपको आज कोई अप्रत्याशित अनुभव हो सकता है।ऐसा नही है कि आप इससे परेशान ही होंगे लेकिन इससे आपके मन में हलचल जरूर मच जायेगी। इससे आपके दृष्टिकोण में ख़ासा बदलाव भी आ सकता है।अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से घबराएं लेकिन यह समय अपने स्थान पर सही है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे। आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करने के लिए भी उतावले हैं। परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा। शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी। दिन बाधारहित गुजरेगा। यात्रा कर सकते हैं ,सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — संबंधों में उलझन ,दोहरे अर्थों वाली बातचीत तथा गलतफहमियां आज पूरे दिन आप पर हावी रहेंगी।लेकिन इससे किसी नुक्सान की बजाय मनोरंजन की उम्मीद ज्यादा है।इसीलिए इनके बारे में चिंता करने की बजाय अपने मूड को हल्का फुल्का रखें और हो रही घटनायों का आनंद उठायें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — अगर आप आज रसोईघर में बनने वाले खाने के बारे में सोच रहे हैं तो बिलकुल सही सोच रहे हैं।आज आपको कोई विशेष पकवान खाने को मिल सकता है।अपनी सेहत का ध्यान रखें और साफ़ सफाई बनाये रखें।आपके मित्र के को हुई ग़लतफ़हमी आज दूर हो सकती है।अप्रत्याशित श्रोतों से आय होने की भी संभावना है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है। आज आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप जो भी करोगे ,सब कुछ अच्छा ही होगा।अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है।सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें ,खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# ट्विटर-फेसबुक-अमेजन के बाद गूगल में भी छंटनी! अल्फाबेट 10 हजार कर्मचारियों को निकालेगी

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। तमाम टेक कंपनियों की तरह अब गूगल की पितृ कंपनी अल्फाबेट ने भी 10 हजार कर्मचारियों की छंटनी की योजना बनाई है। इसके तहत कमजोर प्रदर्शन वाले कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। इसके पहले मेटा, अमेजन, ट्विटर समेत कई टेक कंपनियां छंटनी शुरू कर चुकी हैं। अब तक गूगल ने छंटनी की मंशा प्रकट नहीं की थी, लेकिन अल्फाबेट के जरिए वह भी ऐसी अन्य कंपनियों में शुमार हो गई है। निकाले जाने वाले 10 हजार कर्मचारी अल्फाबेट के कुल स्टाफ के 6 फीसदी होंगे। जानकारी के अनुसार गूगल ने कर्मचारियों की नई रैंकिंग व परफार्मेंस योजना बनाई है। इस नए सिस्टम से गूगल के प्रबंधकों को नए साल से हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने में मदद मिलेगी। इस योजना के तहत गूगल के प्रबंधक कर्मचारियों की ग्रेडिंग कर उन्हें बोनस व अन्य अनुदान भी रोक सकेंगे। पूर्व में आई रिपोर्ट में कहा गया था कि कंपनी स्टाफ को जॉब कट की दशा में नई भूमिका के लिए आवेदन करने के लिए 60 दिन का वक्त देगी। नए सिस्टम के तहत प्रबंधकों को अपने स्टाफ के 6 फीसदी या मोटे तौर पर 10 हजार उन कर्मचारियों की पहचान करने को कहा गया है, जिनका प्रदर्शन कमजोर है। अनुमान के



अनुसार अल्फाबेट के कुल कर्मचारी 1.87 लाख है। अमेरिकी सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल अल्फाबेट ने अपने कर्मचारी को औसत रूप से करीब 2,95,884 डॉलर वेतन भत्तों के रूप में प्रदान किए थे। जॉब कट की खबरों के बीच कहा गया है कि अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई कंपनी की क्षमता में 20 फीसदी इजाफा चाहते हैं। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो अल्फाबेट को तीसरी तिमाही में 13.9 अरब डॉलर का मुनाफा हुआ है। यह पिछले साल के मुकाबले 27 फीसदी कम है। दरअसल, टेक कंपनियों ने अर्थव्यवस्था के कमजोर हालात व अपनी स्थिति को देखते हुए बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू की है। इसकी शुरुआत ट्विटर, मेटा, अमेजन, सेल्सफोर्स जैसी कंपनियों ने की, जो अब गूगल तक पहुंच गई है। टेक कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन में गिरावट व नए साल की योजनाओं व बजट को देखते हुए भी जॉब कट किया जा रहा है।

# एयर इंडिया बड़े विमानों के लिए करेगी प्रवासी पायलटों की नियुक्ति

## बड़े यात्री विमानों के साथ नॉनस्टॉप सेवाएँ शुरू कर रही एयरलाइन



नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयर इंडिया अपने बोइंग 777 विमानों के लिए प्रवासी पायलटों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरलाइन बड़े आकार वाले बोइंग 777 के लिए करीब 100 पायलटों को नियुक्त करने पर विचार कर रही है। इसके लिए एयर इंडिया ने एयरलाइनों को प्रवासी उड़ान चालक दल मुहैया कराने वाली एजेंसियों से सम्पर्क किया है।आपको बता दें कि घाटे में चल रही एयर इंडिया जनवरी 2022 में टाटा ग्रुप के खरीदने से पहले लगभग सात दशकों तक सरकारी स्वामित्व में थी। उस दौरान लागत बचाने के लिए प्रवासी पायलटों को काम पर रखना बंद कर दिया था। अब एयर इंडिया को अपने बेड़े के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय परिचालन के विस्तार की योजना के बीच पायलटों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।भारत में काम करने वाले पायलटों की तुलना में प्रवासी पायलटों की लागत ज्यादा होती है। इसलिए सरकार के स्वामित्व के दौरान खर्च बचाने के लिए इनकी नियुक्ति बंद कर दी थी। प्रवासी पायलटों पर भारतीय पायलटों की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक खर्च आता है। सूत्रों का कहना है कि एयर इंडिया पहले से ही पायलटों की कमी का सामना कर रही थी और अगले चार महीनों में 5 बोइंग 777 विमानों को शामिल करने की हालिया घोषणा और अमेरिका के लिए नई उड़ानों ने इस कमी को और बढ़ा दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एयर इंडिया प्रवासी पायलटों को भर्ती करने के लिए तैयार है। सूत्रों ने कहा कि ऐसा भी अनुमान है कि एयरलाइन 6-10 बड़े विमानों को शामिल करने पर विचार कर रही है। जिसके लिए अच्छी संख्या में पायलटों की जरूरत होगी। हालांकि इस मुद्दे पर एयर इंडिया की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। एयरलाइन को भेजे गए सवालों का भी कोई जवाब अभी तक मिला है।हाल ही में, मुंबई स्थित एक एक्सपैट पायलट हायरिंग एजेंसी ने एक्सपैट पायलटों की नौकरियों के लिए एक विज्ञापन निकाला। यह नियुक्ति एयर इंडिया में बोइंग 777 लाइन कैप्टन के लिए हैं और उन्हें एक साल के अनुबंध पर रखा जाना है। विज्ञापन के अनुसार उन्हें $11,500 प्रति माह वेतन और 70 घंटे से ज्यादा की उड़ान के साथ-साथ हर घंटे के लिए $133।30 का अतिरिक्त भुगतान ऑफर किया गया है।

# एलन मस्क ने 2022 में रोज गंवाए 2500 करोड़ रुपये, अब तक 8 लाख करोड़ रुपये का हुआ नुकसान

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। ब्लूमबर्ग वेल्थ इंडेक्स ने बताया है कि 2022 की शुरुआत में जहां एलन मस्क के पास कुल 340 अरब डॉलर की संपत्ति थी, वहीं अब तक करीब 101 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। यह गिरावट टेस्ला और ट्विटर के शेयरों की कीमत घटने की वजह से आई है। साल 2022 में उनकी संपत्ति में करीब 37 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।अरबपतियों की इस सूची के मुताबिक, एलन मस्क के पास 22 नवंबर, 2022 को कुल 170 अरब डॉलर की संपत्ति बची है। हालांकि, उन्हें टक्कर देने वाले अन्य अरबपतियों की




संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे सबसे अमीर शख्स का उनका रिकॉर्ड अब भी बना हुआ है। एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने टेल लाइट में कुछ खराबी की वजह से पिछले दिनों 3।21 लाख वाहनों को वापस मंगाया था। इसके अलावा पिछले सप्ताह भी अमेरिका में 30 हजार से ज्यादा गाड़ियां वापस मंगाई गई हैं। इन खबरों की वजह से कंपनी के शेयरों का मूल्य 3 फीसदी नीचे आ गया और शेयर के भाव दो साल के निचले स्तर पर पहुंच गए। टेस्ला ने महज 17 महीने में ही अपनी आधी बाजार पूंजी गंवा दी है। कंपनी 2022 में पूरे साल संघर्ष करती रही है। मस्क के पास टेस्ला के 15 फीसदी शेयर हैं। इसके अलावा ट्विटर में तो मस्क की 79 फीसदी हिस्सेदारी है। ऐसे में इन दोनों कंपनियों के शेयरों में गिरावट आने पर मस्क की वेल्थ भी तेजी से घटी है। मस्क ने ट्विटर को खरीदने के बाद से ही ताबड़तोड़ छंटनी जारी रखी है।

# फिर सोना उछला, चांदी चमकी, दिल्ली-मुंबई-लखनऊ-इंदौर तक ये है रेट

मुंबई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। शादी-व्याह के लग्न के मौसम में सोने और चांदी की कीमत में पिछले कई दिनों से तेजी जारी है। सोमवार को पीली धातू की कीमत में गिरावट के बाद मंगलवार को एकबार फिर से सोना और चांदी ने रफ्तार पकड़ ली। आज सोना 59 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर से महंगा हुआ है तो चांदी की कीमत में 849 रुपये प्रति किलो की बड़ी उछाल देखी जा रही है। इस तेजी के बाद सोना 52500 रुपये प्रति किलो और चांदी 61300 रुपये के करीब बिक रही है। हालांकि इस तेजी के बावजूद आपके पास लग्न के सीजन में सस्ता सोना और चांदी सस्ते में खरीदने का बढ़ियां मौका है। सोना अभी भी अपने ऑलटाइम हाई से करीब 3700 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी 18600 रुपये प्रति किलो की दर से सस्ता भी बिक रही है। दरअसल सर्राफा बाजार के जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों सोने के साथ-साथ चांदी की कीमत में और तेजी आएगी और दोनों नया रिकॉर्ड बना सकता है। इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोशिएशन की बेवसाइट के अनुसार इस कारोबारी हफ्ते के दूसरे दिन आज मंगलवार को सोना 59 रुपये




प्रति दस ग्राम की दर से उछल कर 52465 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर खुला। जबकि पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सोना 547 रुपये प्रति किलो की दर से सस्ता होकर 52406 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं आज चांदी 849 रुपये प्रति किलो की दर से महंगी होकर 61291 रुपये प्रति किलो के स्तर पर खुली। जबकि पिछले कारोबारी दिन सोमवार को चांदी 878 रुपये सस्ती होकर 60442 रुपये प्रति किलो के स्तर पर बंद हुई थी। इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोशिएशन की तरह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सोना और चांदी आज तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। एमसीएक्स पर आज सोना 116 रुपये की दर से महंगा होकर 52,408 रुपये के स्तर पर है। जबकि चांदी 455 रुपये की तेजी के साथ 61,090 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रही है।फिलहाल सोना अपने ऑलटाइम हाई से करीब 3735 रुपये प्रति 10 ग्राम रुपये सस्ता बिक रहा है। सोने ने अपना ऑलटाइम हाई अगस्त 2020 में बनाया था। उस वक्त सोना 56,200 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर तक चला गया था। वहीं चांदी अपने उच्चतम स्तर से करीब 18689 रुपये प्रति किलो की दर से सस्ता मिल रहा था। चांदी का अबतक का उच्चतम स्तर 79980 रुपये प्रति किलो है। ऐसे में जो लोग सोना या फिर चांदी खरीदने का मन बना रहे हैं, उनके लिए खरीदारी का यह अच्छा मौका साबित हो सकता है। इस तरह आज 24 कैरेट सोना का ताजा भाव 52465 रुपये प्रति 10 ग्राम, 23 कैरेट वाला सोना 52255 रुपये प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट वाला सोना 48058 रुपये प्रति 10 ग्राम, 18 कैरेट वाला सोना 39349 रुपये प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट वाला सोना लगभग 30692 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। भारतीय सर्राफा बाजार की तरह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी आज सोना और चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रहा है।

# किसानों को नहीं चुकाना पड़ेगा बिजली बिल! बारिश से आहत किसानों को अब सरकार ने दी राहत

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। इस साल सितंबर-अक्टूबर में हुई भारी बारिश से प्रभावित किसानों के लिए राहत भरी खबर है। ऐसे किसानों को बिजली बिल जमा करने से छूट दी जा रही है। महाराष्ट्र सरकार ने अपने किसानों को यह राहत दी है और कहा है कि जिन किसानों को भारी बारिश की वजह से नुकसान हुआ है, उन्हें बिजली बिल जमा करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। इस फैसले से महाराष्ट्र के लाखों किसानों को फायदा होगा। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीश ने कहा, राज्य की बिजली इकाइयों से जुड़ी एजेंसियां ऐसे किसानों पर बिल जमा करने के लिए दबाव नहीं डालेंगी, जिन्हें बारिश की वजह से काफी नुकसान पहुंचा है। इन किसानों को दो महीने का बिजली बिल नहीं जमा करना पड़ेगा। इसका मतलब है कि महाराष्ट्र में भारी बारिश से प्रभावित लाखों किसान सितंबर और अक्टूबर महीने का बिजली बिल नहीं जमा करेंगी। हालांकि,



उन्होंने यह भी कहा कि जो किसान बिजली बिल चुकाने में सक्षम होंगे, उन्हें इसका भुगतान करना होगा। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री देवेंद्र फडणवीश ने कहा, मैंने राज्य की बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों को आदेश दिया है कि किसानों को बिजली बिल जमा करने के लिए दबाव नहीं डाला जाए। खासकर ऐसे किसानों पर जिनकी फसल भारी बारिश की वजह से बर्बाद हो गई है। साथ ही अधिकारियों से कहा गया है कि किसानों से सिर्फ इसी सीजन का बिजली बिल ही वसूला जाए। फडणवीश ने कहा कि जिन किसानों का बिजली बिल लंबे समय से बकाया है और उनके कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई चल रही, उन्हें सिर्फ इसी सीजन का बिल जमा करने से ही बड़ी राहत मिल जाएगी और उनका कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। हालांकि, जो किसान अपने बिजली बिल का भुगतान करने में सक्षम हैं, उन्हें जरूर चुकाना चाहिए। महाराष्ट्र की बिजली वितरण कंपनी के अनुसार, सिर्फ पश्चिमी महाराष्ट्र के किसानों पर ही 8,000 करोड़ से ज्यादा का बिजली बिल बकाया है। कंपनी ने यह भी कहा है कि अगर किसान अपने बिल का भुगतान करते हैं तो उन्हें 50 फीसदी की छूट दी जाएगी और सिर्फ 4 हजार करोड़ का ही भुगतान करना होगा। हालांकि, उप मुख्यमंत्री फडणवीश के नए आदेश के बाद किसानों को और राहत मिल गई है।

# जैविक और दत्तक संतान में कोई फर्क नहीं

## अनुकंपा नियुक्ति के मामले में अहम फैसला



बेंगलुरु, 22 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि इस मामले में दत्तक व जैविक संतान में कोई फर्क नहीं है। गोद लिए बच्चे को भी जैविक बच्चे की तरह ही अधिकार है। उनके अभिभावकों के मामले में अनुकंपा आधार पर नियुक्ति को लेकर इसमें कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि यदि इस तरह भेदभाव किया गया तो फिर गोद लेने का कोई उद्देश्य नहीं रह जाएगा। इस बारे में हाईकोर्ट ने कर्नाटर सरकार के अभियोजन विभाग की दलीलें खारिज कर दी। जस्टिस सूरज गोविंदराज और जस्टिस जी। बासवराज ने यह आदेश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी अभियोजन विभाग और सहायक लोक अभियोजक द्वारा दत्तक पुत्र और जैविक पुत्र के बीच किए गए अंतर का इस केस में कोई असर नहीं होगा। विभाग ने मौजूदा नियमों का हवाला देकर कहा था कि इनमें दत्तक पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है।
हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले में कहा कि एक बेटा, बेटा है और लड़की लड़की है, भले वह दत्तक हो या जैविक। यदि इनमें भेदभाव किया गया तो दत्तक लेने का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। इनमें भेदभाव संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा।

**क्या है मामला**

दरअसल, कर्नाटक के विनायक एम मुत्तत्ती सहायक लोक अभियोजक, जेएमएफसी, बनहट्टी के कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। उन्होंने 2011 में एक लड़के को गोद लिया था। इसके बाद मुत्तत्ती की मार्च 2018 में मृत्यु हो गई। उसी वर्ष उनके दत्तक पुत्र गिरीश ने एक आवेदन दायर कर अनुकंपा आधार पर नौकरी मांगी। विभाग ने द्वारा आवेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया कि आवेदक दत्तक पुत्र है। दत्तक पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति देने का नियम नहीं है।
इसके बाद गिरीश ने कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस पर 2021 में एकल पीठ ने गिरीश की याचिका खारिज कर दी थी, क्योंकि नियमों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए गोद लिए गए बेटे के आवेदन पर विचार करने का प्रावधान नहीं है। एकल पीठ के फैसले को गिरीश ने डबल बैंच के समक्ष चुनौती दी थी। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का मकसद कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के कारण परिवार के सामने आने वाली वित्तीय कठिनाई को दूर करना है।
इस केस में मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी और पुत्र और दत्तक पुत्र तथा एक पुत्री छोड़ गया है, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त और शारीरिक रूप से विकलांग हैं। चूंकि जैविक पुत्र की मृत्यु हो गई है, इसलिए दत्तक पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति का हक है। हाईकोर्ट ने विभाग के तर्क को खारिज करते हुए दत्तक पुत्र के आवेदन को उपयुक्त माना।

## कोलंबिया के आवासीय इलाके में गिरा विमान, सवार सभी आठ लोगों की मौत

बोगोटा, 22 नवंबर (एजेंसियां)। कोलंबिया में सोमवार को एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त होकर विमान आवासीय इलाके में जा गिरा। विमान में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई। विमान हादसा कोलंबिया के दूसरे सबसे बड़े शहर मेडेलिन में हुआ। इस विमान ने सोमवार सुबह ओलाया हेरेरा हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। एक मकान पर गिरने के पहले पायलट ने निकटस्थ एटीसी को इंजन में खराबी की सूचना दी थी। कुछ ही देर में यह क्रैश हो गया। घटना स्थल से काले धुएं के घने गुबार उठते देखे गए। मृतकों में छह यात्री व दो चालक दल के सदस्य हैं। मेयर डैनियल क्विंटो के अनुसार हादसा बेलेन रोसेल्स सेक्टर में हुआ। यह दो इंजन वाला पाइपर विमान था, जो मेडेलिन से पिजारो जा रहा था। विमान ने खतरे की सूचना दी, लेकिन वह हवाई अड्डे पर नहीं लौट सका।

# पानीपत पुलिस ने किया बदमाशों का एनकाउंटर

### सरेंडर को कहा तो फायरिंग, 8 गोलियां चली, 2 घायल, टैक्सी वाले की हत्या कर भागे थे



पानीपत, 22 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पानीपत जिले की पुलिस और ट्रैक्सी ड्राइवर के हत्यारोपियों के बीच सोमवार रात को मुठभेड़ हुई। कई राउंड फायर के बाद पानीपत सीआईए-2 ने दोनों घायलों समेत 3 बदमाशों को काबू कर लिया। यह वही बदमाश हैं जिन्होंने कुछ दिन पहले पानीपत के टैक्सी ड्राइवर मोहित सोनी को सोनीपत में मार कर फेंक दिया था। मुठभेड़ में दोनों तरफ से 8 गोलियां चलीं। 4 गोलियां पुलिस और 4 बदमाशों ने चलाईं। पुलिस की चलाई गोलियां बदमाशों के पैरों में लगीं। जिसमें अशोक निवासी लाहोरी और सचिन निवासी भिवानी घायल हो गया। तीसरा बदमाश दयानंद निवासी कैथल है। घायल बदमाशों को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां कड़ी सुरक्षा में दोनों का इलाज चल रहा है। हत्यारोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में तहसील कैंप के ड्राइवर मोहित सोनी का अपहरण करने, लूटपाट करके हत्या करने की वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हत्यारोपियों को पकड़ने के लिए सनौली एरिया के गांव शमशाबाद में दबिश दी। मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए बदमाशों की पहचान अशोक लोहारी व सचिन निवासी विजय नगर, रोहतक के रूप में हुई है। इन दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। दोनों सिविल अस्पताल में उपचाराधीन हैं, जबकि तीसरा आरोपी फिलहाल सनौली थाना की जेल में बंद है। सीआईए 2 प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी एक टीम गश्त के दौरान सनौली थाना के क्षेत्र गांव तमशाबाद में तैनात थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली की लूटपाट कर हत्या करने के आरोपी फिर से वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने ललकारा कि पुलिस आ गई है। इसी बीच उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायर में पहले हवाई फायर कर बदमाशों को सरेंडर करने की चेतावनी दी, मगर बदमाश पुलिस की और ताबड़तोड़ गोलियां बरसाते रहे। जिस दौरान अपने बचाव में पुलिस ने बदमाशों के पैरों में गोली मारी और उन्हें मौके पर काबू कर लिया। पुलिस ने दो बदमाशों को गोली मार व एक बदमाश को सुरक्षित काबू किया है। आरोपियों से आगामी पूछताछ जारी है

# 'मतदान की उम्र 18 से घटाकर 16 करने पर विचार'

## न्यूजीलैंड की सरकार जल्द ला सकती है कानून



वेलिंगटन, 22 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड मतदान की उम्र 18 से घटाकर 16 करने पर विचार कर रहा है और प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने संसद में एक कानून लाने का वादा किया है। 16 साल के बच्चों को मतदान का अधिकार देने पर विचार करने का निर्णय सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले के बाद लिया गया था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि 18 साल की मौजूदा उम्र भेदभावपूर्ण है और युवाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है।

**सरकार के पास संख्याबल नहीं होने से लटक सकता है कानून**

पीएम जैसिंडा अर्डर्न ने व्यक्तिगत रूप से इस बदलाव का समर्थन किया है। जैसिंडा अर्डर्न ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से मतदान की आयु में कमी का समर्थन करती हूं, लेकिन मेरी सरकार के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है। इस प्रकृति के चुनावी कानून में किसी भी बदलाव के लिए 75 प्रतिशत संसदीय समर्थन की आवश्यकता होती है।

**इन देशों में 18 साल से कम उम्र के लोग करते हैं वोटिंग**

न्यूजीलैंड की अदालत ने तर्क दिया कि युवा लोगों को जलवायु संकट जैसे मुद्दों पर मतदान करने में सक्षम होना चाहिए, जो कि उनके और उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। ब्राजील, ऑस्ट्रिया और क्यूबा जैसे कुछ ही देश 18 साल से कम उम्र के लोगों को वोट देने की अनुमति देते हैं।

## थाइलैंड में पुलिस परिसर में बम धमाका, एक की मौत, 10 के घायल होने की खबर



बैंकॉक, 22 नवंबर (एजेंसियां)। थाईलैंड में मंगलवार को एक बम धमाका हुआ। जानकारी के मुताबिक, दक्षिणी थाईलैंड में एक पुलिस परिसर के अंदर बम विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस दौरान 10 लोगों के घायल होने की खबर है। हताहतों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है।

# अंकिता हत्याकांड: सीबीआई जांच की मांग लेकर धरने पर बैठे अंकिता के परिजन

ऋषिकेश, 22 नवंबर (एजेंसियां)। अंकिता भंडारी के माता-पिता आज मंगलवार को ऋषिकेश में कोयलघाटी स्थित युवा न्याय संघर्ष समिति की ओर से आयोजित धरने में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार से मामले की सीबीआई जांच की मांग की। वहीं, बेटी को याद कर अंकिता के मां के आंसू छलक पड़े। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए युवा न्याय संघर्ष समिति की ओर से 41 दिन से कोयलघाटी में धरना दिया जा रहा है। समिति के सदस्य क्रमिक अनशन और आमरण अनशन कर रहे हैं। अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी सोमवार शाम को भी धरनास्थल पहुंचे थे। वहीं, आज



वे पूरा दिन धरने में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें एसआईटी की जांच पर भरोसा नहीं है। वह इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कहा कि मामले की सीबीआई जांच शुरू नहीं होने तक वह संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना के अगले ही दिन घटनास्थल के सबूत नष्ट कर दिए गए थे। घटनास्थल के पास फैक्टरी के जिस कमरे में अन्य आरोपी रहते थे उसमें भी आग लगा दी गई। उन्होंने कहा की घटना से संबंधित सारे साक्ष्यों को नष्ट कर दिया गया है। एसआईटी इस मामले में जांच कर रही है। जब साक्ष्य ही खत्म हो गए तो आरोपियों को कठोर सजा कहां से मिलेगी। कहा कि घटना के 10 दिन बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनसे मिलने के लिए उनके गांव में आए थे, उन्होंने ने भी आरोपियों को जल्द सजा दिलाने और इस केस का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने का आश्वास दिया था। लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ।बता दें कि पौड़ी जिले के यमकेश्वर में वनंत्रा रिजॉर्ट में अंकिता भंडारी (19) रिसेप्शनिस्ट के रूप में कार्य करती थी। 18 सितंबर की रात वह अचानक लापता हो गई तो उसकी तलाश शुरू हुई। अंकिता की गुमशुदगी के मामले में 23 सितंबर को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने हत्या की बात स्वीकारी। आरोपियों की निशानदेही पर ही अंकिता का शव 24 सितंबर को एक नहर से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने पुलकित आर्य सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

## संसद में बजट वोट से पहले सरकार ने अपने कई मंत्रियों को किया निलंबित

### पार्टी अनुशासन तोड़ने का आरोप

कोलंबो, 22 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका सरकार में कम से कम दो फ्रंट-लाइन मंत्रियों को पार्टी अनुशासन के उल्लंघन के लिए श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) द्वारा निलंबित कर दिया गया है। पार्टी महासचिव दयासिरी जयशेखर ने संवाददाताओं से कहा कि जब तक वे स्पष्टीकरण नहीं देते, उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा उड्डयन मंत्री निमल सिरीपाला डी सिल्वा और कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा के साथ राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की सरकार में तीन अन्य कनिष्ठ मंत्रियों को एसएलएफपी की केंद्रीय समिति ने कल रात बैठक कर बर्खास्त कर दिया।
इन सभी पर पार्टी अनुशासन तोड़ने का आरोप लगा है। निलंबन बजट 2023 के संसदीय अनुमोदन वोट से पहले आया है। हालांकि, पार्टी के निलंबन का मतलब यह नहीं है कि दो मंत्रियों



को विक्रमसिंघे के मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया है। विक्रमसिंघे, जो वित्त मंत्री भी हैं, ने द्वीप राष्ट्र में विदेशी मुद्रा की कमी के कारण मौजूदा आर्थिक संकट को दूर करने के अपने उपायों के तहत सरकारी राजस्व बढ़ाने के लिए कर सुधारों का प्रस्ताव दिया है।
आर्थिक संकट के कारण देश भर में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके कारण तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को इस्तीफा देना पड़ा। विक्रमसिंघे, जिन्होंने संकट के बीच में सत्ता संभाली थी, ने देश को विकास की पटरी पर वापस लाने के लिए आर्थिक सुधारों का वादा किया था। राज्य के कुछ व्यापारिक उपक्रमों के निजीकरण के उनके प्रस्तावों ने सांसदों के बीच नाराजगी पैदा कर दी है।

# चंडीगढ़ पर सियासत गरम: पंजाब भाजपा भी विरोध में

## अकाली दल ने गवर्नर और कांग्रेस ने पीएम से की अपील

चंडीगढ़, 22 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा के लिए चंडीगढ़ में अलग जमीन तलाशने का मुद्दा गरमा गया है। खास बात यह है कि पंजाब के सियासी दल इस मसले पर एक हो गए हैं। रोचक तो यह है कि पंजाब भाजपा भी हरियाणा में भाजपा नीत सरकार के खिलाफ हो गई है। मामले में पंजाब की मान सरकार समेत सभी विपक्षी दल चंडीगढ़ पर पंजाब का हक जता रहे हैं। पंजाब की मान सरकार के बाद अब भाजपा की पंजाब इकाई और हरियाणा की भाजपा सरकार आमने-सामने आ खड़ी हुई हैं।

**चंडीगढ़ पर पंजाब का हक : अश्वनी शर्मा**

पंजाब भाजपा के प्रधान अश्वनी शर्मा ने कहा है कि चंडीगढ़ पर पंजाब का हक है। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा को विधानसभा के लिए अलग जमीन की जरूरत है तो उसे चंडीगढ़ के अलावा किसी अन्य जगह जमीन तलाशनी



चाहिए, न कि चंडीगढ़ में।

**नई विधानसभा के लिए एक इंच भी जमीन नहीं देंगे : कंग**

आम आदमी पार्टी ने चंडीगढ़ मामले पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि चंडीगढ़ पर केवल पंजाब का अधिकार है, इसलिए हरियाणा को किसी भी कीमत पर चंडीगढ़ में अपनी अलग विधानसभा बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने ट्वीट जारी करते हुए कहा कि चंडीगढ़ पंजाब का अभिन्न हिस्सा है और हमेशा रहेगा। हरियाणा को नई विधानसभा के लिए एक इंच भी जमीन नहीं दी जाएगी। हरियाणा को पंचकूला, करनाल या किसी अन्य जगह पर अपनी विधानसभा बनानी चाहिए। चंडीगढ़ पर केवल पंजाब का अधिकार है।

**कांग्रेस भी उतरी विरोध में**

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी बीते दिनों वीडियो जारी कर केंद्र सरकार पर पंजाब को तंग करने के मकसद से जानबूझ कर चाल चलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मामले में अंत तक लड़ाई लड़ेगी। राजा वड़िंग ने कहा कि अलग विधानसभा की मांग हरियाणा सरकार ने नहीं की, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा जानबूझ कर करवाई गई है।

**शिअद ने बुलाई बैठक**

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता बिक्रम मजीठिया ने पंजाब गवर्नर से अपील करते हुए कहा कि वह हरियाणा सरकार की विधानसभा के स्पीकर द्वारा चंडीगढ़ में अलग विधानसभा बनाने की अपील को खारिज कर दें, क्योंकि यह हरियाणा का संवैधानिक अधिकार नहीं है। वहीं, शिअद के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के लिए अलग जमीन देने के मामले में 24 नवंबर को चंडीगढ़ स्थित पार्टी के मुख्य कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई है। इस संबंध में प्रवक्ता डॉ। दलजीत सिंह चीमा ने ट्वीट कर जानकारी दी है।

**प्रताप बाजवा ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर गिनाईं कानूनी वजह**

चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के लिए जमीन की अदला-बदली के प्रस्ताव पर पंजाब में सियासत गरम है। इस मामले को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह हरियाणा के प्रस्ताव को स्वीकार न करें।

## चीन में हेनान प्रांत के कारखाने में लगी भीषण आग, 38 लोगों की मौत



बीजिंग, 22 नवंबर (एजेंसियां)। चीन से मंगलवार सुबह एक बड़ी खबर आई। बताया जा रहा है कि सेंट्रल चीन के हेनान प्रांत में एक कारखाने में आग लग गई। हादसे में करीब 38 लोगों की मौत हो गई। घटना अन्यांग शहर के कारखाने में हुई। घटना में दो अन्य लोग घायल हुए हैं और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। आन्यांग शहर का हाई-टेक जोन है। जानकारी के मुताबिक, आग स्थानीय समय के अनुसार सोमवार शाम करीब 4 बजे लगी। आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को कई घंटों तक भारी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 200 से ज्यादा राहतकर्मी और 60 के करीब दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिशों में जुटे रहे। घटना के बाद इलाके में कई घंटों तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। रिपोर्ट की मानें तो दमकल टीमों ने 63 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया था। स्थानीय समयानुसार आग पर रात 8 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। रात 11 बजे पूरी तरह से आग को बुझा दिया गया। डॉक्टरों का कहना है कि भर्ती कराए गए लोगों का हालत फिलहाल ठीक है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। इससे पहले मार्च 2019 में शंघाई से 260 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यानचेंग में एक रासायनिक कारखाने में विस्फोट हुआ था। हादसे में 78 लोग मारे गए थे और कई घर तबाह हुए थे। 2015 में उत्तरी बंदरगाह शहर तिआंजिन में एक रासायनिक गोदाम में हुए भीषण विस्फोट में 170 से अधिक लोग मारे गए थे, जबकि 700 अन्य घायल हुए थे।

# भारत में अमेरिकी राजदूत के मनोनयन में सीनेट का रोड़ा, व्हाइट हाउस ने कही यह बात



वॉशिंगटन, 22 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति लंबे समय से अटकी पड़ी है। बाइडन प्रशासन ने लॉय एंजिल्स के मेयर एरिक गार्सेटी को राजदूत मनोनीत किया है, लेकिन अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। भारत में अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति में विलंब के बारे में सवाल पूछने पर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने दोनों देशों का रिश्ता बहुत महत्वपूर्ण है। बाइडन प्रशासन गार्सेटी के मनोनयन की सीनेट से पुष्टि कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पियरे ने यह बात उत्तरी कैरोलिना के चेरी पॉइंट के रास्ते में एयर फोर्स वन की उड़ान के दौरान यह टिप्पणी की। यह पूछने पर कि क्या व्हाइट हाउस गार्सेटी के नाम पर सीनेट की अंतिम मुहर के लिए प्रयास करेगा? अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा कि निश्चित रूप से। भारत के साथ हमारी बहुत महत्वपूर्ण साझेदारी है। यह आपने बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन व पीएम नरेंद्र मोदी की मुलाकात में देखा होगा। जहां, तक मेयर गार्सेटी की भारतीय राजदूत के रूप में पुष्टि का सवाल है, तो यह प्रक्रिया चल रही है। हम सीनेट से लगातार इस पर बात कर रहे हैं और इसे मंजूरी के प्रयास कर रहे हैं। यह हमारी प्राथमिकता में है। इससे ज्यादा हमारी रणनीति साझा नहीं की जा सकती।

**सीनेट से मंजूरी में हो चुकी काफी देरी**

अमेरिका मेयर गार्सेटी की नियुक्ति को मंजूरी दिलाने के लिए सतत प्रयास कर रहा है। हालांकि, इसमें काफी देरी हो चुकी है। इसी साल जनवरी में सीनेट की विदेश मामलों की समिति ने गार्सेटी को भारत में अमेरिकी राजदूत बनाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया था। हालांकि, इस नियुक्ति को सीनेट में बहुमत से मंजूरी दिलाना जरूरी है। सीनेट की एक रिपोर्ट जारी होने के बाद गार्सेटी के मनोयन में रोड़ा आ गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि गार्सेटी ने कथित तौर पर अपने एक शीर्ष सहयोगी द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न की अनदेखी की थी। इस बीच, गत रविवार को अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को 'वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील होने का दावा किया था। इंडिया हाउस वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के रिश्तों को लेकर 2022 एक अत्यधिक सफल वर्ष है।

# दुनिया में हर 11 मिनट में एक महिला की हो रही हत्या

## श्रद्धा हत्याकांड के बीच यूएन प्रमुख बोले



नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के खौफनाक श्रद्धा और मथुरा के आयुषी यादव हत्याकांड के बीच यूएन प्रमुख एंटोनियो गुतेरस ने चौंकाने वाली जानकारी साझा की है। उनके अनुसार दुनिया में हर 11 मिनट में एक महिला या लड़की की हत्या की जा रही है। उन्हें उनके प्रेमी, पति, अन्य पार्टनर या परिवार वाले मौत की नींद सुला रहे हैं। यूएन प्रमुख ने इन हत्याओं को दुनिया में मानवाधिकारों का सबसे व्यापक उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने दुनियाभर की सरकारों से इसके खिलाफ राष्ट्रीय कार्य योजनाएं बनाने आह्वान किया, ताकि इस संकट से निपटा जा सके। यूएन प्रमुख ने यह रिपोर्ट 25 नवंबर को मनाए जाने वाले 'महिलाओं खिलाफ हिंसा निवारण दिवस' के पूर्व दी। दुनिया भर में महिला हिंसा के खिलाफ यह अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। गुतेरेस ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा दुनिया में मानवाधिकारों का सबसे व्यापक हनन है। हर 11 मिनट में, एक महिला या लड़की को एक अंतरंग साथी या परिवार के सदस्य द्वारा मार दिया जाता है। हम जानते हैं कि कोविड-19 महामारी से लेकर आर्थिक कारण तथा अशांति जैसे कारण भी महिलाओं के शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार का कारण बनते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख की यह टिप्पणी हाल ही में दिल्ली में हुए श्रद्धा वाकर हत्याकांड और मथुरा में आयुषी यादव हत्याकांड के बीच आई है। इन हत्याओं ने भारतीय समाज को झकझोर कर रख दिया है।गुतेरेस ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को बड़े पैमाने पर ऑनलाइन हिंसा का सामना करना पड़ता है। इसमें भ्रामक व अभद्र भाषा से लेकर यौन उत्पीड़न, फोटो का दुरुपयोग शामिल है। उन्होंने कहा कि हिंसा और दुर्व्यवहार की महिलाओं को भारी कीमत चुकानी पड़ती है। यह जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी के अधिकार को बाधित करता है। उन्हें उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता से वंचित करता है। इससे आर्थिक सुधार और सतत विकास में खलल पड़ता है। यूएन प्रमुख ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को इतिहास की किताबों में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब परिवर्तनकारी कार्रवाई का समय है, ताकि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त किया जा सके। यूएन प्रमुख ने दुनियाभर की सरकारों से 2026 तक महिला अधिकार संगठनों और महिलाओं के हित में आंदोलनों के लिए वित्त पोषण 50 फीसदी बढ़ाने का भी आह्वान किया। उन्होंने महिला अधिकारों के समर्थन में आवाज उठाने का आग्रह किया। इसके साथ ही गर्व से एलान किया 'हम सभी नारीवादी हैं।'

# सेना की नौकरी के लिए खुद को मार दिया

## डेथ सर्टिफिकेट बनवाया, नए आधार से नई पहचान हासिल की और सिलेक्ट भी हुआ

किशनगढ़, 22 नवंबर (एजेंसियां)। एक युवक ओवरएज होने के कारण सेना में भर्ती नहीं हो पाया तो खुद को मरा हुआ घोषित कर दिया। डेथ सर्टिफिकेट तक बनवा लिया। इसके बाद आधार कार्ड में नाम बदलवा लिया और उम्र भी कम दिखा दी। आधार कार्ड में अपडेट के लिए उसने दसवीं की परीक्षा भी दोबारा दी।

युवक जालसाजी करके सेना में भर्ती होने में कामयाब भी हो गया। सेना में ट्रेनिंग के बाद महीने के 45 से 50 हजार रुपए का वेतन मिलता, लेकिन उससे पहले ही रक्षा मंत्रालय के महानिदेशालय को मिली एक चिट्ठी ने उसका पूरा राज खोल दिया। सेना ने तुरंत उसे बर्खास्त कर दिया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किसी फिल्म की स्क्रिप्ट की तरह लगने वाली ये कहानी है अजमेर जिले में किशनगढ़ पास बांदरसिंदरी थाना इलाके की काकनियावास स्थित देसवाली ढाणी की। गांव का मोइनुद्दीन पुत्र मोहम्मद नूर ने पहले अपना डेथ सर्टिफिकेट बनाया और मोहिन सिसोदिया के नाम से सेना में भर्ती हो गया। इस जालसाजी में उसके परिवार के साथ ग्राम पंचायत और निजी स्कूल की भूमिका भी सामने आ रही है।

46 साल का नूर मोहम्मद गांव में खेती करता है। परिवार में पत्नी फातिमा, बड़ा बेटा मोइनुद्दीन, छोटा बेटा आसिफ और एक बेटी सलमा बानो है। जिसकी शादी हो चुकी है। मोइनुद्दीन का जन्म 6 नवंबर 1998 को हुआ और आसिफ का जन्म 5 जुलाई 2001 को हुआ। मोइनुद्दीन ने 2013 में दसवीं पास की। 2018 में सेना भर्ती हुई और उसके छोटे भाई आसिफ का उसमें चयन हो गया। मोइनुद्दीन भी सेना में जाना चाहता था, लेकिन वह ओवरएज हो रहा था।




इसके बाद मोहनुद्दीन ने साजिश रची। खुद को मरा हुआ बताया और अपना मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया। डेथ सर्टिफिकेट में लिखा था- मोइनुद्दीन की 18 अगस्त 2019 को मौत हो चुकी है। इसके बाद मोइनुद्दीन ने मोहिन सिसोदिया के नाम से 2019 में दसवीं की परीक्षा दी।

पास होने के बाद मोहनुद्दीन को मोहिन सिसोदिया के नाम से बोर्ड मार्कशीट मिल गई। इस पर पिता का नाम नूर मोहम्मद, माता का नाम फातिमा बानो ही रहा, लेकिन डेथ ऑफ बर्थ 6 नवंबर 1998 से बदलकर हो गई 6 नवंबर 2001। यानी मोइनुद्दीन उम्र में अपने छोटे भाई से भी छोटा हो गया।

**ऐसे किया फर्जीवाड़ा : पहले डेथ सर्टिफिकेट बनवाया**

मोइनुद्दीन को सेना में जाने के लिए अपनी उम्र कागजों में कम दिखानी थी। इसके लिए जरूरी था कि उसकी दसवीं की मार्कशीट और आधार कार्ड पर नई जन्म तारीख हो, लेकिन यह संभव नहीं था। ऐसे में पहले उसने खुद का डेथ सर्टीफिकेट बनवाया। जिसके लिए उसके पिता मोहम्मद नूर ने पंचायत से मिलीभगत की। 2019 में सरपंच ने मोइनुद्दीन की मौत की पुष्टि कर अनुशंषा कर दी।

इसके बाद आवेदन ग्रामसचिव ने वेरिफाई किया और फिर तहसीलदार ने। कहीं कोई जांच नहीं हुई और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हो गया। जिस पर मौत की तारीख लिखी गई 18 अगस्त 2019। इस तरह आसानी से मोइनुद्दीन का मृत्यु प्रमाण पत्र बन गया।

**छोटा बेटा बनकर दी दसवीं की परीक्षा**

इसके बाद मोइनुद्दीन ने पास के ही नलू गांव के एक स्कूल बाल कृष्णा भारती में मोहिन सिसोदिया नाम से एडमिशन लिया। वहां यह नौंवी का स्टूडेंट बना। इसी स्कूल से 2019 में दसवीं की परीक्षा दी। फार्म में उसने अपना नाम मोहिन सिसोदिया लिखा और जन्म तिथि लिखी 6 नवम्बर 2001। वर्ष 2020-21 में इसी स्कूल से बारहवीं उतीर्ण की।




मोइनुद्दीन नाम ने साल 2013 में पहली बार 10वीं की परीक्षा पास की, इसके बाद फर्जी तरीके से जन्मतिथि बदलकर साल 2019 में फिर से 10वीं पास की

अब उसके पास मोहिन सिसोदिया के नाम से बोर्ड की दो-दो कक्षाओं की मार्कशीट हो गई और जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में दसवीं की मार्कशीट पर नई तारीख भी आ गई। इन्हीं मार्कशीट के आधार पर उसने पहले राशन कार्ड में और बाद में आधार कार्ड में अपने नाम और जन्म तारीख में बदलाव किया।

**आधार कार्ड के नंबर नहीं बदले**

मोइनुद्दीन ने बड़ी चालाकी से अपना मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया। इसके बाद नए नाम और जन्मतिथि से दसवीं व बारहवीं की मार्कशीट भी ले ली। अब उसे मोहिन सिसोदिया के नाम से आधार कार्ड की जरूरत थी। जिस पर उसकी नई डेट ऑफ बर्थ होती, लेकिन वह नया आधार कार्ड नहीं बनवा सकता था, क्योंकि पुराने आधार कार्ड के रिकॉर्ड में उसका बायोलोजिकल रिकॉर्ड था। यदि वह फिंगर प्रिंट देता तो तुरंत पकड़ में आ जाता।




इसलिए उसने दसवीं की नई मार्कशीट के आधार पर ऑनलाइन ही पुराने आधार कार्ड में नाम और जन्मतिथि बदल ली। जिसके बाद आधार कार्ड में भी उसका नाम मोइनुद्दीन से मोहिन सिसोदिया और जन्मतिथि 6 नवंबर 1998 से 6 नवंबर 2001 हो गई, लेकिन आधार कार्ड का नंबर एक ही रहा, जो 364404673716 है।

युवक ने जनआधार कार्ड में भी अपना नाम और उम्र बदलवा ली, इसके बाद जनआधार कार्ड में वह अपने छोटे भाई से छोटा हो गया।

**आखिर क्यों किया इतना फर्जीवाड़ा**

मोइनुद्दीन का छोटा भाई आसिफ 2018 में सेना में सैनिक की पोस्ट पर चयनित हुआ था। उसका वेतन अच्छा था। जिसे देख बड़े भाई मोइनुद्दीन ने भी सेना में जाने की सोची, लेकिन उस वक्त भर्ती रैली नहीं हुई और फिर कोरोनाकाल आ गया। सेना भर्ती के लिए आवेदक की उम्र साढ़े 17 साल से 22 साल के बीच होनी चाहिए थी। मोइनुद्दीन का जन्म 1998 में हुआ था। परिवार जानता था कि वह ओवरएज हो रहा है।

इसीलिए मोइनुद्दीन ने पहले कागजों में खुद को मृत बताया और फिर नए नाम से दसवीं की परीक्षा देकर वह मोहिन बना और जन्मतिथि भी बदलकर आसिफ का छोटा भाई बन गया। इसी बीच अजमेर में आर्मी रैली भर्ती 11 जुलाई 2022 से 2 अगस्त 2022 तक हुई थी। इसमें आवेदन 24 मई 2022 से 27 जून 2022 तक लिए गए। मोइनुद्दीन यदि कागजों में हेराफेरी नहीं करता तो इस भर्ती के समय उसकी उम्र 24 साल होती और वह अयोग्य हो जाता।




नए नाम के लिए मोनुइद्दीन ने अपने आधार कार्ड में नाम और जन्म की तिथि को बदलवाया, जिसमें उसने उम्र कम करने के लिए साल 2001 में अपना जन्म दिखाया।

**रिलेशनशिप कोटे से चयन, छोटे भाई की भूमिका संदिग्ध**

इस पूरे मामले में मोइनुद्दीन के भाई छोटे भाई आसिफ की भूमिका भी संदिग्ध है। वह पहले से ही सेना में भर्ती हो चुका था। अब अपने बड़े भाई को भी वह यह नौकरी दिलाना चाहता था। सेना में भर्ती के लिए रिलेशनशिप श्रेणी में पांच प्राथमिकताएं है। इनमें तीसरी प्राथमिकता के तहत सेवारत सैनिक अपने एक सगे भाई के लिए सिफारिश कर सकता है।

यदि वह सेना के मापदंड पूरे करता है तो उसका चयन हो जाता है। उसने इसी कोटे का फायदा उठाया और मोइनुद्दीन से मोहिन बने अपने बड़े भाई को छोटा भाई बताकर आर्मी रिलेशनशिप कोटे के लिए सिफारिश कर दी। आसिफ वर्ष 2018 में सेना की राजपूताना राइफल्स में चयनित हुआ था। वह अभी जयपुर स्थित बटालियन नंबर 24 में कार्यरत है।

**सेना ने बर्खास्त किया, पुलिस जांच कर रही**

यह पूरा मामला सेना को मिली एक चिट्ठी के आधार पर खुला। जिसमें साली गांव के गफूर खान ने पूरी जानकारी सेना के अधिकारियों को दी। शिकायत के बाद इसकी जांच हुई तो पूरा मामला खुल गया। जिसके बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया। सेना की ओर से भेजे गए दस्तावेजों के आधार पर मोइनुद्दीन उर्फ मोहिन सिसोदिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। यह जांच अराई थानाधिकारी गुमान सिंह कर रहे हैं।

**सजा मिलनी चाहिए**

इस मामले में मोइनुद्दीन ने अपने छोटे भाई आसिफ, पिता मोहम्मद नूर और मां फातिमा के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेजों के सहारे सेना में नौकरी हासिल की है। फर्जी दस्तावेज तैयार करने में और भी लोगों की मिलीभगत भी है। जिनकी जांच होनी चाहिए।

**पिता ने कर दिया बात करने से ही इनकार**

इस संबंध में आरोपित के पिता मोहम्मद नूर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने इस मामले में किसी भी तरह का बयान देने से इनकार कर दिया। बात को घुमाने का प्रयास करते रहे और अंत में आवाज नहीं आने का कहकर फोन काट दिया।

# सिंगर को ब्रेन हेमरेज, गम में बुआ की मौत

## मोनिका खुरसैल के इलाज के लिए मदद की दरकार, आर्थिक तंगी से जूझ रहा परिवार

रायपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ी गीतों से हर कार्यक्रम में लोगों की वाहवाही बटोरने वाली यंग सिंगर मोनिका की हालत गंभीर है। बिलासपुर की रहने वाली मोनिका को रायपुर लाया गया है। शहर के पचपेड़ी नाका स्थित प्राइवेट अस्पताल में इसका इलाज चल रहा है। ब्रेन हेमरेज की वजह से मोनिका की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

मोनिका खुरसैल ने कई छत्तीसगढ़ी गाने गाए हैं। रायपुर बिलासपुर में स्टेज शोज किए हैं। सोशल मीडिया पर कई फेमस छत्तीसगढ़ी एक्टर्स के साथ इनके कोलैब वीडियो हैं। मगर अब जब जिंदगी मुश्किल में है तो साथ देने वाला कोई नहीं है। खराब माली हालत से गुजर रहे मोनिका के परिवार को सरकार और सामाजिक संस्थाओं से मदद की आस है।

**परिवार मुश्किल में**

सामाजिक कार्यकर्ता प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मोनिका यंग टैलेंटेड सिंगर रही हैं। उसे ब्रेन हेमरेज हुआ है। अस्पताल के आईसीयू में हर दिन इलाज का खर्च करीब 1 लाख रुपए आ रहा है। परिवार अपना सब कुछ लगा चुका है। कर्ज भी लिया है, मगर अब परेशानी बढ़ती जा रही है। मोनिका ने मेरी ख़ुशी, अरपा पैरी के धार, बाबा साहेब, होली गीत डारन दे, जैसे गाने गए जो काफी पसंद किए हैं। आज मोनिका ज़िंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।



**मां जैसी बुआ गम में चल बसी**

अस्पताल में जहां मोनिका अपनी जिंदगी के लिए मौत से लड़ रही है उसकी ये हालत परिवार झेल नहीं पा रहा है। मोनिका की मां नहीं है। बुआ ने ही मां की तरह पाला, मोनिका अपनी बुआ को ही मां कहती थीं। मोनिका की बिगड़ती हालत वो देख न सकीं तीन दिन पहले ही उनका निधन हो गया। बीते 8 नवंबर को मोनिका की दादी का देहांत हो गया। प्रिया शुक्ला ने बताया कि मोनिका के परिवार के लिए ये समय बेहद मुश्किलों भरा है।

**परिवार को आर्थिक मदद की आस**

मोनिका के पिता प्रमोद पेशे से वकील हैं, सभी घर वालों ने बेटी को बचाने भरपूर प्रयास किया है। अब परिजनों को उम्मीद है कि उन्हें सरकार से मदद मिल जाए। कुछ मंत्रियों और विधायकों तक बता पहुंचाई भी मगर अब तक कोई ठोस मदद नहीं मिली है। मोनिका की मदद की अपील सामाजिक कार्यकर्ता लोगों से प्रदेश के अन्य कलाकारों से कर रहे हैं। सिंगर मोनिका को दुआ और दवा दोनों की जरूरत है। मोनिका के भाई अविनाश के अकाउंट क्यू आर कोड के जरिए उसे मदद भेजी जा सकती है। कुछ लोगों ने मदद का हाथ बढ़ाया है, आर्थिक मदद के लिए इस क्यू आर कोड को स्कैन कर मदद की जा सकती है।

**सरकार ने की थी हर्ष की मदद**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 7 दिन पहले मासूम हर्ष के इलाज के लिए हर मुमकिन मदद का ऐलान किया था। सीएम ने इसके लिए कलेक्टर को निर्देश जारी कर दिए थे। हर्ष को रायपुर के सरकारी मॉडल अस्पताल में भर्ती किया गया था। 13 महीने का हर्ष इलाज के अभाव में परिजनों के साथ रायपुर एम्स के बाहर फुटपाथ पर रहने को मजबूर था। कवर्धा से आए 13 महीने के बच्चे को पांच महीने से मां फुटपंप से सांसें दे रही थी। बच्चे को ब्रेन ट्यूमर है और वो नाक से सांस नहीं ले सकता। अब कैंसर ने इसे घेर रखा है। इलाज के लिए माता-पिता ने घर और जमीन बेच दी और अब एम्स के बाहर ही फुटपाथ पर रहकर बच्चे का इलाज करा रहे हैं। जिसके बाद जिम्मेदारों तक बात पहुंची। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में मदद के निर्देश दिए थे। राज्य शासन की तरफ से आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए बताया गया कि हर्ष और उसके परिवार को हर सम्भव सहायता के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन के बाद कीमोथेरेपी के लिए हर्ष को ज़िला प्रशासन की ओर से हर सम्भव मदद दी जाएगी। मीडिया के जरिए हर्ष की बीमारी और उसके माता-पिता की बदहाल स्थिति की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर को निर्देशित किया था। इसके बाद कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी और नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी को परिजनों से मिलने भेजा। दोनों अधिकारियों ने हर्ष के पिता बालकराम डहरे से पूरे मामले की जानकारी ली और कलेक्टर को पूरी जानकारी दी। इसके बाद कलेक्टर ने तत्काल हर्ष और उसके माता-पिता को हर सम्भव मदद देने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

# ऑयल मिल में लगी भीषण आग

### दूर से दिखाई दे रहा काले धुंए का गुबार, तीन फायरब्रिगेड मौके पर

बिलासपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित एक ऑयल मिल में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई है। आग की लपटें इतनी तेज हैं कि ऊपर तक दिख रही हैं। वहीं काले धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा है। सूचना मिलने पर फायरब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर हैं। हादसा सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, सिरगिट्टी स्थित शिवांगी ऑयल मिल में मंगलवार दोपहर अचानक से आग लग गई। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल फायरकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं।

# 10वीं की स्टूडेंट का अपहरण फिर रेप

## इंस्टाग्राम पर युवक ने की दोस्ती, बाइक में घुमाने के बहाने ले जाकर किया दुष्कर्म

बिलासपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 16 साल की स्टूडेंट को अगवा कर रेप करने का मामला सामने आया है। छात्रा से युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की थी। इसके बाद दोनों आपस में बातचीत करने लगे थे। सोमवार की सुबह छात्रा स्कूल जाने निकली थी।

स्कूल जा रही लड़की से मिलने के लिए आरोपी आया और अपनी बाइक में बैठाकर चाचा के घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार 16 साल की लड़की तखतपुर में अपनी बुआ के घर में रहकर दसवीं कक्षा में पढ़ रही थी। रोज की तरह वह सोमवार की सुबह करीब सात बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। इसके बाद वह दोपहर तक घर नहीं लौटी, तब परेशान परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला। घबराए परिजनों ने स्कूल और उसकी सहेलियों से भी जानकारी जुटाई। तब भी वह नहीं मिली।

बेटी के लापता होने से परेशान घरवाले और रिश्तेदार लड़की की तलाश कर रहे थे, तभी दोपहर बाद शाम होने से पहले ही तखतपुर क्षेत्र के राजपुर निवासी आरोपी ने पीड़ित को अपनी बाइक से लेकर आया और उसे छोड़कर भाग निकला।

लड़की को घर आते देखकर परिजनों ने राहत की सांस ली। उसने पूछताछ में पूरी घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी ने उसे अपनी बाइक से अपने गांव ले गया, जहां अपने चाचा के घर में उसने उसके साथ गलत काम किया। मामला सामने आने पर परिजन लड़की को लेकर थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# अब नक्सलियों की खैर नहीं

## सीआरपीएफ ने झारखंड और छत्तीसगढ़ में तीन 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित किए

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलियों के गढ़ों पर कार्रवाई करने के मकसद से छत्तीसगढ़ और झारखंड के दूरस्थ नक्सली हिंसा प्रभावित इलाकों में तीन नए 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित किए हैं। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों में एक-एक एफओबी और झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक एफओबी बनाया गया है। सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने बताया कि ये एफओबी आसपास के क्षेत्रों में समन्वित अभियान शुरू करने के लिए सुरक्षा बलों के लिए एक आधार के रूप में काम करेंगे और नक्सली आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने में भी मदद करेंगे।



छत्तीसगढ़ में एफओबी सुकमा में चिंतागुफा थानाक्षेत्र के दुब्बकोंटा में और बीजापुर के उसूर थानाक्षेत्र में नम्बी में स्थित है। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों इलाके नक्सलियों का गढ़ हुआ करते थे। आंतरिक क्षेत्रों में इन एफओबी की स्थापना से सुरक्षा बलों को मदद मिलेगी क्योंकि ये नक्सलियों के खिलाफ उनके ठिकानों के करीब आक्रामक अभियानों को अंजाम देने के लिए 'लॉन्च पैड' के रूप में काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि इन दूर-दराज इलाकों में सुरक्षा बलों की मौजूदगी न केवल नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला को कमजोर करेगी बल्कि उन्हें इन क्षेत्रों से बाहर करेगी और क्षेत्र में विकास गतिविधियों को बढ़ावा देगी। सितंबर तक अद्यतन किए सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2018 की तुलना में वामपंथी उग्रवादी हिंसा की घटनाओं में 39 प्रतिशत की कमी आई है।

# बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

## चक्रधरपुर में फेंका था बम

चाईबासा, 22 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के चक्रधरपुर में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों के नाम गुलजार हुसैन (25) और मतिउर रहमान (27) हैं।

12 नवंबर को चक्रधरपुर कस्बे के भारत भवन चौक पर बजरंग दल के कार्यकर्ता कमलदेव गिरि (35) पर बम फेंका गया था। इससे गिरि की मौत हो गई थी। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि हत्या की वारदात गिरि व सतीश प्रधान के बीच क्षेत्र में वर्चस्व की लंबी लड़ाई का नतीजा थी। पश्चिम सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि मामले में प्रधान मुख्य आरोपी है। उसकी गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है।

**हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित**

झारखंड पुलिस ने हत्या की जांच के लिए 13 सदस्यीय विशेष जांच दल गठित किया है। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की पड़ता के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरि पर हमला उस वक्त किया गया जब वे रेलवे स्टेशन से अपने घर लौट रहे थे। हमले में प्रधान और उसके सात अन्य सहयोगी शामिल थे। एसपी शेखर ने बताया कि बाकी आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

**हत्या के बाद फैला था तनाव**

पुलिस ने गिरि की हत्या को लेकर भादंवि की धारा 302, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक सामग्री कानून के तहत केस दर्ज किया है। हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया था। जिला प्रशासन को इलाके में धारा 144 लगाना पड़ी थी। गिरि पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने देसी बम फेंका था। इसके बाद इलाज के दौरान उनकी अस्पताल में मौत हो गई थी। इसके दूसरे दिन रविवार को जब गिरि के समर्थक शव श्मशान ले जा रहे थे, तभी दो समूहों के बीच झड़प हो गई थी। पुलिस ने आंसू गैस व बल प्रयोग कर हालात पर काबू किया था।

# नक्सलियों का आज बंद, वाहनों के थमे पहिये, अंदरूनी इलाकों में सन्नाटा

कांकेर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर इलाकों में नक्सलियों ने मंगलवार को बंद बुलाया है। इस बंद का असर कांकेर के साथ-साथ कोंडगांव और नारायणपुर में देखने को मिल रहा है। अंदरूनी इलाकों में सन्नाटा पसरा हुआ है। दुकानें बंद हैं। नक्सलियों के डर से यात्री बसों के पहिये थमे हुए हैं। खदानों से भी वाहन बाहर नहीं निकल रहे हैं। इस बीच देर रात फिर नक्सलियों ने तीन जगह मोबाइल टावर में आग लगा दी है। फिलहाल नक्सलियों के इस बंद को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

## झामुमो ने बताया 'फ्लॉप शो'

रांची, 22 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा की झारखंड इकाई ने राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के खिलाफ सोमवार को रांची से अपनी राज्यव्यापी 'आक्रोश' रैली की शुरुआत की। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शहर के मोराबादी मैदान में एकत्र हुए और बाद में उन्होंने "हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ" का नारे लगाते हुए जिला कलेक्ट्रेट की ओर मार्च किया। आंदोलन का नेतृत्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने किया। उनके साथ रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, हटिया से विधायक नवीन जायसवाल और रांची के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय भी शामिल थे।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रकाश ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन- झामुमो, कांग्रेस और राजद 'अली बाबा चालीस चोर' की एक टीम है। सोरेन के शासन में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। बालू, पत्थर, कोयला और लोहे सहित अन्य खदानों और खनिजों की लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार महिला, आदिवासी और दलित विरोधी है। पिछले 34 महीनों में राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध कई गुना बढ़ गया है। बेरोजगारी अपने चरम पर है। सोमवार से शुरू हुई भाजपा की 'आक्रोश' रैली 25 नवंबर तक चलेगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार की भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 25 नवंबर तक प्रदेश के सभी 24 जिलों के मुख्यालयों पर इस तरह का प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध खनन मामले की जांच के संबंध में 17 नवंबर को साढ़े नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। वहीं, झामुमो महासचिव और पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा की रैली को "फ्लॉप शो" करार दिया। उन्होंने कहा कि रैली को जनता का समर्थन नहीं मिला।



# जुबेर खान ने किया मेवात में गौशाला बनाने का ऐलान

## बीजेपी नेता बोले-कहीं ये गौकशी का षड्यंत्र तो नहीं

**हाइलाइट्स**

> मेवात विकास बोर्ड के चैयरमेन हैं जुबेर खान

> जुबेर का आरोपी बीजेपी ने इलाके को बदनाम कर दिया

> बीजेपी नेता बोले जुबेर अगर गौभक्त हैं चारागाहों को अवैध कब्जों से मुक्त करवाएं



जयपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान और हरियाणा के बॉर्डर पर स्थित मेवात इलाका इन दिनों फिर चर्चा में हैं. इस बार यहां क्राइम, लव जिहाद या फिर लैंड जिहाद को लेकर नहीं बल्कि एक गौशाला को लेकर बवाल मचा है. मेवात विकास बोर्ड के चैयरमेन जुबेर खान ने गौ तस्करी की घटनाओं से आहत होकर यहां गौशाला बनाने का ऐलान किया है. उसे लेकर अब सियासत गरमा रही है. बीजेपी ने इस मसले पर कहा है कि कहीं ये गौकशी का षडयंत्र तो नहीं है. इसके लिए बाकायदा मेवात विकास बोर्ड से पचास लाख रुपये की राशि जारी भी करा चुके हैं।

दरअसल मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने करोड़ों की लागत से रामगढ़ में गौशाला के निर्माण का ऐलान किया है. सरकार से जल्द जमीन भी आवंटित होने की उम्मीद भी है. जुबेर खान का आरोप है कि मेवात को गौ तस्करी के नाम पर बीजेपी ने बदनाम किया है. बीजेपी गायों के कल्याण के लिए कुछ नहीं कर रही है. उनसे गायों का दर्द देखा नहीं जा रहा इसलिए उन्होंने गौ शाला निर्माण का फैसला किया है.

**जुबेर बोले बीजेपी इलाके को बदमाम करती है**

जुबेर ने दावा किया कि मेव सबसे ज्यादा गाये पालते हैं. मेवात में साम्प्रदायिक भाईचारा है और यहां के लोग गंगा जमुनी तहजीब में यकीन करते हैं. वो ये भी कहते हैं कि मेवात में हिंदू से मुस्लिम के यहां और मुस्लिम से हिंदूओं के यहां आपस में भात मायरे भरे जाते हैं.

लेकिन उन्हें अफसोस तब होता है जब बीजेपी के लोग मेवात को कभी मिनी पाकिस्तान कहकर बदनाम करते है तो कभी लव जिहाद और लैंड जिहाद के नाम पर।

**जुबेर का दावा मेव सबसे ज्यादा गाय पालते हैं**

उन्होंने कहा कि यहां जमीन जायदाद को लेकर आपस में होने वाले झगड़ों को बीजेपी लैंड जिहाद का नाम दे देती है. वयस्क युवा जब घर छोड़कर भाग जाते हैं तो इसे बीजेपी लव जिहाद कहकर इलाके को बदनाम करती है. उन्होंने यहां तक दावा किया कि सबसे ज्यादा गाय मेव पालते हैं और तस्करी हरियाणा के बदमाश करते हैं जहां बीजेपी का राज है. उन्होंने आरोप लगाया कि गौशालाओं के नाम पर लोग चंदा जमा कर उसे खा रहे हैं. गौशाालाओं में चारे का संकट है।

**मदन दिलावर ने कसा ये तंज**

दूसरी तरफ बीजेपी ने जुबेर के प्रयासों पर तंज कसा है. राजस्थान बीजेपी के फायर ब्रांड नेता मदन दिलावर ने इस मसले पर कहा कि जुबेर सच्चे मायने में अगर गौ भक्त हैं तो मेवात के चरागाहों की जमीनों पर हुए कब्जों को मुक्त कराएं. उन्होंने आशंका जताई कि गौशाला की आड़ में कहीं ये गौकशी कराने का षडयंत्र तो नहीं है. वहीं बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि सच्चे मायने में गौशाला खुलती है तो इस कदम का स्वागत होना चाहिए।

### शादी में हिंदू धर्म के खिलाफ शपथ

# कहा-किसी भी हिंदू देवी-देवता को नहीं मानेंगे, विरोध में बंद का आह्वान

भरतपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के भरतपुर में दो दिन पहले एक सामूहिक विवाह समरोह में हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ जमकर माहौल बनाया गया। सरेआम दूल्हा-दुल्हनों को हिंदू धर्म के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इस शादी में कैबिनेट मंत्री भी शरिकत करने पहुंचे थे।

लेकिन शाम को हिंदू धर्म के विरोध में जो कुछ हुआ उसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हालांकि इस पूरे मामले को लेकर न मंत्री कुछ बोल रहे हैं न स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी।

`किन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर हिंदू संगठनों ने खुलकर आवाज उठाई है।

यह पूरा मामला भरतपुर जिले के कुम्हेर कस्बे का है। यहां संत रविदास सेवा विकास समिति के तत्वाधान में दलित समुदाय की तरफ से सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। विवाह सम्मेलन के दौरान परिणय सूत्र में बंधे सभी जोड़ों और लोगों को बौद्ध धर्म में परिवर्तित करवाया गया।

**किसी भी हिंदू देवी देवता को नहीं मानेंगे**

इस विवाह सम्मेलन में सभी दूल्हा - दुल्हनों को हाथ उठाकर प्रतिज्ञा दिलाई गई। इसमें कहा गया कि 'आज से हम किसी भी हिंदू देवी देवता की पूजा नहीं करेंगे और ना ही ब्राह्मणों के हाथों से क्रियाकलाप कराएंगे। ब्रह्मा विष्णु महेश, श्री राम श्री कृष्ण सहित किसी भी हिंदू देवी देवता को नहीं मानेंगे, बल्कि आज से भगवान बुद्ध की पूजा करेंगे।'

**'20 नवंबर से मैं शपथ लेता हूं...'**

सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी नवविवाहित जोड़ों को यह शपथ दिलाई गई। इसमें कहा गया कि '20 नवंबर 2022 से मैं शपथ लेता हूं कि मैं ब्रह्मा, विष्णु, महेश को कभी ईश्वर नहीं मानूंगा और ना ही मैं इनकी पूजा करूंगा। मैं राम और कृष्ण को ईश्वर नहीं मानूंगा तथा उनकी पूजा नहीं करूंगा।

मैं हिंदू धर्म के किसी भी देवी देवता को नहीं मानूंगा और ना ही उनकी पूजा करूंगा। मैं ऐसा कभी नहीं मानूंगा कि भगवान बुद्ध विष्णु के अवतार हैं। ऐसे प्रचार को मैं पागलपन समझता हूं। मैं ना कभी श्राद्ध करूंगा ना कभी पिंडदान करूंगा। मैं बौद्ध धर्म के विरोध में कभी कोई बात नहीं करूंगा। मैं इस सिद्धांत को मानूंगा कि सभी मनुष्य समान है। मैं भगवान बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग का पूरा पालन करूंगा।'

# मंत्रियों के अभद्र व्यवहार को लेकर राजस्थान आईएएस एसोसिएशन ने किया विरोध

जयपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में मंत्रियों के अभद्र व्यवहार के खिलाफ राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी खुलकर सामने आ गई है। राजस्थान आईएएस एसोसिएशन के सचिव डॉ. समित शर्मा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर अभद्र व्यवहार करने वाले मंत्रियों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है।

राजस्थान आईएएस एसोसिएशन के सचिव डॉ. समित शर्मा पत्र में लिखा है कि एसोसिएशन विनम्रतापूर्वक आपके संज्ञान में लाना चाहता है कि, हाल ही में, कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनमें कुछ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि/मंत्रियों को देखा जा रहा है सार्वजनिक रूप से या मीडिया के माध्यम से ड्यूटी पर व्यक्तिगत आईएएस अधिकारियों को निशाना बना रहे है। अभी हाल ही में बीकानेर में अपमानजनक घटना घटी है, जहां एक सार्वजनिक समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री रमेश मीना ने कलेक्टर के लिए टिप्पणी की और जब वह आधिकारिक क्षमता में अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे। इससे पहले कुछ दिन पहले इसी मंत्री ने अलवर कलेक्टर के साथ व्यवहार किया था,जो निंदनीय है और पूरी तरह से अस्वीकार्य है । ऐसी घटनाएं न केवल नौकरशाही का मनोबल गिराती हैं बल्कि सरकार की छवि भी खराब करती हैं । साथ ही और सुशासन और प्रशासनिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। आपको बता दे कि कैबिनेट मंत्री रमेश मीणा से पहले कैबिनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियवास भी ब्यूरोक्रेसी की एसीआर भरने को लेकर विवादों में आए थे। अब ग्रामीण विकास मंत्री रमेश मीणा आए दिन जिलों में कलेक्टरों और अफसरों से उलझ कर मीडिया में अपनी सुर्खियां बटोर रहे है।

वहीं कैबिनेट मंत्री रमेश मीना ने कहा है कि वहां राजीविका का कार्यक्रम चल रहा था। हम मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी से संबंधित कलेक्टर से बात कर रहे थे। उन (ज़िला कलेक्टर) को शायद कुछ काम होगा या तो वह कभी फोन पर तो कभी चैटिंग कर रहे थे। तब हमने कहा कि अगर बात करनी है तो बाहर चले जाइये ।

### चारे से भरा ट्रक पलटा तीन लोगों की मौत

बीकानेर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। बीकानेर के मैनसर गांव के तीन लड़के नागौर के कंवलीसर गांव से लौट रहे थे कि रास्ते में चारे से भरा एक ट्रक इनकी बाइक पर ही पलट गया। हादसे में तीनों दोस्तों की मौत हो गई। इनका शव अब नागौर के अस्पताल में रखा गया है। सोमवार देर रात हुए इस हादसे के बाद अब पोस्टमार्टम हो रहा है। घटना के बाद से जसरासर थाना क्षेत्र के मैनसर गांव में शोक की लहर है। सोमवार रात इस हादसे के बाद से मृतकों की पहचान नहीं हो रही थी। मंगलवार सुबह तक मृतकों की पहचान हो सकी। मृतक मैनसर के दिनेश, तुलसीराम और मामराज तीनों दोस्त थे। इसमें दिनेश मुम्बई में लकड़ी का काम करता था और कुछ दिन पहले ही बीकानेर आया था। वो अपने दोस्त तुलसीराम और मामराज के साथ ही बाइक पर किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे।

# जयपुर में कांग्रेस नेता की बेटी किडनैप

## फोन किया-पापा, लड़के पीछा कर रहे, जल्दी आ जाओ, एयरपोर्ट रोड पर मिली स्कूटी

जयपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर में कांग्रेस नेता गोपाल केसावत की बेटी के किडनैपिंग का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वारदात के समय बेटी ने केसावत को फोन भी किया। कहा, 'कुछ लड़के पीछा कर रहे हैं। पापा, जल्दी आ जाओ।'

केसावत ने सोमवार देर रात प्रताप नगर थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बेटी को अपहरण करने का मामला दर्ज कराया है। उधर, सीएसटी और पुलिस टीमें अभिलाषा केसावत (21) की तलाश में जुट गई हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अभिलाषा स्कूटी से सब्जी लेने के लिए एनआरआई सर्किल तक गई थी। वापस नहीं लौटी तो परिवार ने ढूंढना शुरू किया। जब कुछ पता नहीं लगा तो रात को थाने में मामला दर्ज कराया। इस बीच मंगलवार सुबह स्कूटी एयरपोर्ट रोड पर लावारिस खड़ी हुई मिली है।



प्रतापनगर सीआई भजन लाल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है। वारदात स्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। वहीं, केसावत ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजयपाल लांबा को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द बेटी को ढूंढने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर किसी वीवीआईपी की बेटी या डॉग होता तो उसका सीसीटीवी मिल जाता। 15 घंटे में हमें फुटेज या लोकेशन तक ट्रैस करके नहीं बताया गया है। अधिकारियों से मांग है कि बेटी को सकुशल लेकर आए। कुछ संदिग्ध लोगों के नाम भी मैंने इंचार्ज को बताए हैं। दो-तीन महीने पहले मेरी गाड़ी के भी शीशे तोड़े गए थे। मैंने पहले भी सुरक्षा मांगी थी।

**केसावत ने कहा-बेटी ने बताया था, कुछ लोग पीछा कर रहे हैं**

गोपाल केसावत ने पुलिस को बताया, 'अभिलाषा सोमवार शाम को 5:30 बजे घर से निकली थी। इसके बाद 6:05 पर उसने मुझे फोन कर कहा- 'पापा, मेरे पीछे लड़के पड़ गए, तुरंत गाड़ी लेकर आओ।' इस पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मैं तुरंत गाड़ी लेकर एनआरआई सर्किल के पास पहुंचा। तब वहां पर न तो उनको बेटी मिली और न ही उसकी स्कूटी। बेटी को फोन लगाया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ आया। इसके बाद अपने रिश्तेदारों व परिचितों के साथ मिलकर आसपास का पूरा इलाका छान मारा, लेकिन कहीं पर भी बेटी का कोई सुराग नहीं मिला।' इसके बाद देर रात प्रतापनगर थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया गया।

# नशा मुक्ति केन्द्र में हो रहा था नशे का काला कारोबार

**हाइलाइट्स**

> नारकोटिक्स विभाग की बड़ी कार्रवाई

> श्रीगंगानगर के सादुलशहर में लिया एक्शन

> उम्मीद नशा मुक्ति केन्द्र पर विभाग ने मारा छापा

## 20 लाख की नशीली दवाइयां जब्त, 4 गिरफ्तार



श्रीगंगानगर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में नशा मुक्ति केन्द्र का एक हैरान कर देने वाला सच सामने आया है. यहां के श्रीगंगानगर जिले में एक नशा मुक्ति केन्द्र की आड़ में ही नशे का काला कारोबार किया जा रहा था. नारकोटिक्स विभाग कोटा, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा की प्रीवेंटिव टीम ने इस नशा मुक्ति केन्द्र पर छापामारी कर वहां से लाखों रुपए की नशीली दवाइयां जब्त की है. नारकोटिक्स विभाग ने टीम ने इस मामले में नशा मुक्ति केंद्र के तीन संचालकों और एक चिकित्सक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार नारकोटिक्स विभाग ने यह कार्रवाई श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर में की है. विभाग को मिले फीडबैक के आधार पर उसने सादुलपुर के 'उम्मीद नशा मुक्ति केंद्र' में सोमवार को छापामारी की कार्रवाई की. नारकोटिक्स विभाग की टीम ने वहां से नशे की करीब डेढ़ लाख टेबलेट जब्त की है. बाजार भाव के हिसाब उनकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है. नशा मुक्ति केन्द्र में नशे का इतना बड़ा कारोबार देखकर नारकोटिक्स विभाग की टीम भी हैरान रह गई।

नारकोटिक्स विभाग की प्रीवेंटिव टीम ने नशे की इस खेप का जब्त कर इस काले कारोबार के जिम्मेदार उम्मीद नशा मुक्ति केंद्र के तीन संचालकों और एक चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया. नारकोटिक्स विभाग के हत्थे चढ़े नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों में शामिल प्रदीप कुमार का पंजाब रहने वाला है. उसका दूसरा पार्टनर श्रवण कुमार श्रीगंगागनर के सादुलशहर का ही है. वहीं उनका तीसरा साथी अनिल बेनीवाल श्रीगंगानगर से सटे हनुमानगढ़ जिले का रहने वाला है. जबकि चिकित्सक विशाल आत्माराम सोनवने महाराष्ट्र के पुणे के रहने वाला है।

### विजय बैंसला : गुर्जर सीएम कब बनाएंगे राहुल गांधी

दौसा, 22 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की चेतावनी देकर सियासत की सुर्खियों में आए गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला अपने बयान पर अडिग हैं। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल करते हुए पूछा है कि हमने वोट एमएलए बनाने के लिए नहीं, सीएम बनाने के लिए दिए थे।

ऐसे में आप 3 तारीख को गुर्जर सीएम के साथ आए या फिर सवालों का जवाब लेकर आएं। दौसा जिले के पीपलखेड़ा स्थित एक होटल पर गुर्जर समाज के लोगों से चर्चा करने के बाद बैंसला ने कहा 2019 व 2020 का समझौता सरकार के पास पेंडिंग पड़ा हुआ है, जिसे राज्य सरकार नहीं कर रही है।

अब सरकार का टॉप शॉट तो राहुल गांधी ही हैं, ऐसे भी सरकार ने हमारा काम नहीं किया तो हम उनका रास्ता रोकेंगे।

# श्रद्धा हत्याकांड को 'दुर्घटना' बताने पर भाजपा का गहलोत पर हमला



जयपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भाजपा ने दिल्ली में अपने लिव-इन पार्टनर द्वारा श्रद्धा वाकर की नृशंस हत्या को एक दुर्घटना करार देने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोला है। गहलोत ने हत्याकांड के संदर्भ में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था, यह घटना एक दुर्घटना है। यह कोई नई बात नहीं है। सदियों से अंतरजातीय व अंतरधार्मिक शादियां होती रही हैं।

गहलोत ने कहा, 'आपने (भाजपा ने) एक समुदाय, एक धर्म को निशाना बनाया है और इसके आधार पर देश के अंदर आपकी राजनीति चल रही है। आपको इसका लाभ मिल रहा है। धर्म और जाति के नाम पर लोगों को इकट्ठा करना, भीड़ बनाना बहुत आसान है।' आग लगाना आसान है, आग बुझाना बहुत मुश्किल है। इमारत बनने में समय लगता है, लेकिन उसे गिराने में आधा घंटा ही लगता है। गहलोत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि उन्हें इस बात का खेद है कि इस तरह की भयानक घटना को एक सामान्य घटना भी कहा जा सकता है और इसके लिए कुतर्क भी दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा, यह घटना मानसिकता की लड़ाई है, यह विचारों की लड़ाई है कि किस तरह से सोची समझी साजिश के तहत लव जिहाद, धर्मांतरण किया जा रहा है और इससे सबसे ज्यादा अगर कोई प्रभावित हुआ है तो वह है राजस्थान। राज्य के गृह मंत्री इस तरह का बयान देते हैं, तो यह बहुत ही गैरजिम्मेदाराना है, मैं इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। पूनिया ने कहा, ऐसा लगता है कि श्रद्धा हत्याकांड की भावना का उन पर कोई असर नहीं है, इसके विपरीत मुख्यमंत्री इसे सामान्य घटना बताने की कोशिश कर रहे हैं। गहलोत के बयान की निंदा करते हुए राजसमंद की भाजपा सांसद दीया कुमारी ने कहा कि यह हिंदू धर्म पर हमला है। इससे महिलाओं के खिलाफ बढ़ते हिंसक अपराध को बढ़ावा मिलता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा ऐसी घटनाओं को जायज ठहराना निंदनीय है।

# प्रेमी युगल मर्डर केस : तांत्रिक ने रची थी खौफनाक साजिश

**नग्नवास्था में फेविक्विक से चिपका दिया था दोनों को**

उदयपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर में हुए प्रेमी युगल के मर्डर केस में सनसनीखेज खुलासा हुआ है. यह मामला न तो ऑनर किलिंग से जुड़ा हुआ है और न ही प्रेम प्रसंग की किसी रंजिश से. यह एक तांत्रिक की खौफनाक साजिश का परिणाम था. पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी तांत्रिक भालेश जोशी को गिरफ्तार कर लिया है. यह प्रेमी युगल तांत्रिक के संपर्क में था. तांत्रिक ने युवक की पत्नी को उसकी प्रेमिका और संबंधों के बारे में बता दिया था. इससे यह युगल तांत्रिक से नाराज हो गया था. उन्होंने तांत्रिक बदनाम करने धमकी दी थी. इसी से डरकर तांत्रिक ने योजनाबद्ध तरीके से दोनों को जंगल में ले जाकर उनको फेविक्विक से चिपकाकर चाकू से गोद डाला।

पुलिस के अनुसार उदयपुर के गोगुंदा थाना इलाके के उबेश्वर महादेव मंदिर के समीप जंगल में तीन दिन पहले 19 नंवबर को प्रेमी जोड़े के नग्न शव मिले थे. पुलिस ने इस मामले तांत्रिक भालेश जोश को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तांत्रिक से हुई पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. तांत्रिक भालेश जोशी ने प्रेमी युगल को उस समय मारा जब वे शारीरिक संबंध बना रहा थे. तांत्रिक ने बताया वे दोनों उसे बदनाम करने के लिये ब्लैकमेल कर रहे थे. इसलिए उसने यह कदम उठाया था।

# कड़ाके की ठंड का अलर्ट, 5 डिग्री के नीचे पारा

## पहाड़ों में बर्फबारी से तेजी से बदला मौसम; खेतों में जमी ओस की बूंदें



जयपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। गुलाबी ठंड के बाद अब राजस्थान में सर्दी के तेवर सख्त हो होने लगे हैं। हिमाचल से आने वाली सर्द हवाओं से जमीनी इलाकों का टेंपरेचर लगातार गिर रहा है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार नवंबर के आखिर तक तापमान में दो डिग्री की और गिरावट हो सकती है। विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के कई शहरों में चली सर्द हवाओं के कारण रेगिस्तानी इलाकों में भी रात में सर्दी महसूस होने लगी है। बीती रात उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, अजमेर समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई। सबसे ज्यादा सर्द शहर सीकर का फतेहपुर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।राज्य में मौसम की स्थिति देखें तो रात के साथ-साथ दिन में भी तापमान गिर रहा है। कल जालोर, डूंगरपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, उदयपुर, अलवर में अधिकतम तापमान भी करीब 1.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। वहीं, 25.3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ अलवर में सोमवार सबसे ठंडा दिन रहा। चूरू में बीती रात न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। चूरू के अलावा बीकानेर, कोटा, उदयपुर, सीकर और अजमेर में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। सीकर में पिछले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज हुई है।

# इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ सिग्नल इंजीनियरिंग एंड टेलीकम्युनिकेशंस 65वां वार्षिक दिवस कल

हैदराबाद, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता) इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ सिग्नल इंजीनियरिंग एंड टेलीकम्युनिकेशंस (इरिसेट), सिकंदराबाद में एक प्रमुख रेलवे केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान 24 नवंबर, 2022 को अपना 65वां वार्षिक दिवस मनाएगा। यह संस्थान संस्थान भारतीय रेलवे सिग्नल सेवा के अधिकारियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिकारियों का चयन इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा के माध्यम से और इंजीनियरों की भर्ती रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से की जाती है। यह भारत का एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान है जिसमें 11 प्रयोगशालाओं में एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के रेलवे सिग्नलिंग और दूरसंचार उपकरण हैं। प्रतिष्ठित व्यक्तित्व का मुख्य भाषण, शीर्ष प्रबंधन का संबोधन, वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति, मेधावी प्रशिक्षुओं को पुरस्कारों का वितरण, तकनीकी पत्रिका का विमोचन और उद्घाटन वार्षिक दिवस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। समारोह में भाग लेने वालों में संस्थान के संकाय और कर्मचारी, प्रशिक्षु, रेल मंत्रालय के गणमान्य व्यक्ति और उद्योग और क्षेत्रीय रेलवे और मीडिया के प्रतिनिधि




शामिल हैं। 65 वर्ष पुराना संस्थान सुरक्षा कर्तव्यों में कार्यरत पर्यवेक्षकों के लिए आवधिक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है। प्रत्येक पर्यवेक्षक को 4 वर्षों में एक बार पुनश्चर्या प्रशिक्षण से गुजरना अनिवार्य है। हर साल औसतन 125 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनकी पहुंच 4000 प्रशिक्षुओं तक है। संस्थान रेलवे सिग्नलिंग और दूरसंचार स्ट्रीम में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का भी ध्यान रखता है। उनमें से कुछ विदेशों से हैं।संस्थान में किसी भी समय 400 प्रशिक्षुओं को समायोजित करने और उन्हें व्यावहारिक व्यावहारिक कौशल के साथ प्रशिक्षित करने की सुविधा है। प्रशिक्षण पोस्ट-कोविड युग में मिश्रित मोड के माध्यम से आयोजित किया जाता है। संस्थान के पास तकनीकी नोट्स, प्रदर्शन वीडियो और रिकॉर्ड किए गए क्लासरूम और वेबिनार सत्रों के रूप में सीखने के समृद्ध संसाधन हैं। संस्थान में एक पुस्तकालय, दो सभागार, विरासत गैलरी और इनडोर और आउटडोर खेल सुविधाएं हैं। वाई-फाई सक्षम संस्थान 28 हेक्टेयर भूमि में फैला हुआ है। वर्ष 2022 में ऑनलाइन सत्रों की तुलना में परिसर में अधिक शारीरिक सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण का आयोजन देखा गया है। संस्थान ने लगभग 1500 नए इंजीनियर रंगरूटों को ऑनलाइन और ऑन-कैंपस मोड के माध्यम से 6 महीने के लिए प्रशिक्षण सत्रों के गतिशील शेड्यूलिंग के साथ प्रशिक्षित किया। संस्थान अपनी स्थापना के बाद से 1 लाख कर्मियों को प्रशिक्षित करने के मील के पत्थर तक पहुंच गया है। कवच-स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली और एलटीई (लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन) जैसी आधुनिक तकनीकों पर प्रशिक्षण ने केंद्र स्तर पर ले लिया है। मानव शक्ति के कौशल सेट को बढ़ाने और नीति निर्माताओं, अनुसंधान एजेंसियों, उद्योग और क्षेत्रीय रेलवे सहित विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल लाने के लिए नियमित क्षमता निर्माण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और वेब सत्र आयोजित किए जाते हैं। रेलवे सिग्नलिंग और कवच को बीटेक पाठ्यक्रम में दो विषयों के रूप में पेश करने के लिए एआईसीटीई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। 5 इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं और इस दिशा में अटल पोर्टल के माध्यम से एक संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कवच और एलटीई प्रौद्योगिकियों पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

## विधायक अवैध शिकार मामला : बीजेपी ने एसआईटी पर लगाया खबर लीक करने का आरोप

हैदराबाद, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विधायक शिकार मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को जारी लुकआउट नोटिस पर समाचार के प्रकाशन पर कड़ी आपत्ति जताते हुए, भाजपा के पूर्व एमएलसी एन. रामचंद्र राव ने फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रामचंद्र राव ने आरोप लगाया कि अदालत के आदेशों के बावजूद, विशेष जांच दल सत्ता पक्ष के करीबी मीडिया को जानकारी लीक कर रहा था। उन्होंने कहा कि हालांकि भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएल संतोष और एनडीए केरल संयोजक तुषार वेल्लापल्ली के खिलाफ कोई लुकआउट नोटिस जारी नहीं किया गया था, लेकिन खबर फैलाई जा रही है कि लुक आउट नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने एसआईटी प्रमुख से भाजपा नेताओं के खिलाफ फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# पल्ले प्रगति से गांवों का विकास दिखता है : कोप्पुला ईश्वर



पेद्दापल्ली, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कल्याण मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा शुरू किए गए पल्ले प्रगति कार्यक्रम के साथ सभी मोर्चों पर गांवों का विकास किया गया है। मंत्री ने मंगलवार को धर्माराम मंडल में विभिन्न विकास कार्यक्रमों की आधारशिला रखने के बाद कहा कि पल्ले प्रगति के शुभारंभ के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक बदलाव हुए हैं। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के अलावा, गांवों में हरियाली और स्वच्छता की स्थिति को बढ़ाने के उपाय भी किए गए। आसरा पेंशन, कल्याण लक्ष्मी, शादी मुबारक, रायथु बंधु, रायथू बीमा, दलित बंधु, केसीआर किट, 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति और अन्य जैसे अभिनव कार्यक्रमों की शुरुआत करके राज्य सरकार राष्ट्र के लिए एक आदर्श बन गई है। जब राज्य सरकार जनता के कल्याण के लिए काम कर रही थी, केंद्र अपनी नीतियों के साथ लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रहा था, उन्होंने कहा, रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इतनी असामान्य बढ़ोतरी पहले कभी नहीं देखी गई थी। यह सूचित करते हुए कि लोगों की क्रय क्षमता घट रही है, उन्होंने केंद्र सरकार को अपनी नीतियों में बदलाव करने की सलाह दी। मंत्री ने सयानापेट में स्कूल की इमारत, बोम्मरेड्डीपल्ली में सीसी सड़कों और सामुदायिक भवन की नींव रखी

# मिधानि में हिंदी कार्यशाला संपन्न



22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आज रक्षा मंत्रालय के उपक्रम मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) में मिधानि की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में कर्मचारियों के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। प्रथम सत्र के वक्ता डॉ. एस रविचंद्र राव, वरिष्ठ प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, सिकंदराबाद ने राजभाषा और संप्रेषण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान भारत संघ की भाषा नीति के इतिहास को रेखांकित करते हुए भाषा और संप्रेषण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यालय में प्रयुक्त होने वाले राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत आनेवाले दस्तावेजों में प्रयोग की जाने वाली भाषा का ज्ञान कराकर उनमें इस्तेमाल होने वाले सामान्य वाक्यांशों का अभ्यास करवाया। द्वितीय सत्र में आरसीआई के वैज्ञानिक ई, अमित कुमार गुप्ता ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कृत्रिम बुद्धिमता की आवश्यकता विषय पर हिंदी में मल्टि मीडिया के माध्यम से व्याख्यान दिया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के द्वारा प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमता का परिचय दिया। तृतीय सत्र में आरसीआई के के सहायक निदेशक (राजभाषा) डॉ. काज़िम अहमद ने कार्यालयीन कामकाज में प्रयुक्त प्रशासनिक शब्दावली पर व्याख्यान दिया। विभिन्न प्रशासनिक शब्दावली के निर्माण पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनकी उत्पत्ति की जानकारी दी। प्रशासनिक शब्दावली के अनुप्रोयग के विभिन्न संदर्भों से प्रतिभागियों का परिचय कराते हुए कार्यालय के कामकाज में प्रशासनिक शब्दावली के प्रयोग का अभ्यास कराया। चार सत्रों में संचालित कार्यशाला के चतुर्थ सत्र में उद्यम के उप प्रबंधक (हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार) डॉ. बी. बालाजी ने प्रतिभागियों से हिंदी कार्यशाला के आयोजन के महत्व पर चर्चा करते हुए हिंदी में कंप्यूटर पर काम करने की सुविधा की जानकारी दी। की-बोर्ड ले आऊट का ज्ञान कराते हुए सभी प्रतिभागियों से टंकण का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने कार्यालय के कामकाज में हिंदी में काम करने की संभावनाओं पर अपने विचार रखते हुए राजभाषा कार्यान्वयन के लिए कर्मचारियों के दायित्व को रेखांकित किया। राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम 1976 के क्रमशः धारा 3(3) और विविध नियमों पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को हिंदी में कार्यालयीन लेखन के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के सफल आयोजन में हिंदी विभाग की श्रीमती डी रत्नाकुमारी, कनिष्ठ कार्यपालत (एनयूएस) का सक्रिय सहयोग रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को कार्यालय का दैनिक कामकाज राजभाषा में करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## विधायक शिकार मामला : एसआईटी ने जांच के दूसरे दिन श्रीनिवास से सात घंटे तक पूछताछ की

हैदराबाद, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर के वकील बी. श्रीनिवास लगातार दूसरे दिन मंगलवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश हुए. बंजारा हिल्स की आईसीसीसी बिल्डिंग में टीम ने उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ की। एसआईटी ने उन्हें सीआरपीसी की धारा 41 के तहत नोटिस जारी कर पिछले महीने मोइनाबाद थाने में दर्ज विधायक अवैध शिकार मामले में पूछताछ के लिए उनके सामने पेश होने को कहा था। पुलिस ने पाया है कि श्रीनिवास ने 26 अक्टूबर को तिरुपति से हैदराबाद के लिए मामले के एक आरोपी सिम्हायाजी के लिए हवाई टिकट बुक किया था। शाम को पूछताछ से बाहर आने के बाद, श्रीनिवास ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उन्होंने सिंह्याजी के लिए फ्लाइट टिकट बुक किया था और इसमें कोई राजनीतिक कोण नहीं है। उन्होंने कहा, 'मेरा भाजपा से कोई संबंध नहीं है। मेरा विधायक शिकार मामले से कोई संबंध नहीं है। पहले, सिमजयाजी ने पूजा की थी और चूंकि मैं उन्हें जानता हूं और सम्मान से, मैंने उनके लिए टिकट बुक किया था। श्रीनिवास ने कहा कि वह जांच में एसआईटी टीम के साथ सहयोग कर रहे हैं। अधिवक्ता सोमवार को भी एसआईटी के समक्ष पेश हुए थे और उनसे सात घंटे तक पूछताछ की गई थी।

## चोरी के आरोप में रसोइया गिरफ्तार, 2.50 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति जब्त

हनमकोंडा, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेंट्रल क्राइम स्टेशन (सीसीएस) पुलिस ने हनमकोंडा पुलिस के साथ मिलकर मंगलवार को यहां एक महंगी बाइक और लैपटॉप चोरी करने के आरोप में उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2.50 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद हुई है. आरोपी शेख फैयाज (23) उत्तर प्रदेश राज्य के गाजीपुर जिले में नौकरी की पेशकश के बाद रसोइया के रूप में काम करने के लिए हैदराबाद से वारंगल आया था। वह आजीविका के लिए पिछले दस साल से हैदराबाद में रह रहा था। 23 अक्टूबर को, वह यहां पहुंचे और होटल के मालिक ने सुझाव दिया कि वह जिस होटल का प्रबंधन कर रहे हैं, उसमें वह एक रसोइया के रूप में काम करता है। आरोपी ने हनमकोंडा बस स्टेशन के पास एक कमरा किराए पर लिया था। उसने देखा कि एक ही कमरे में दो अन्य होटल कर्मचारी थे और उनके पास एक महंगा दोपहिया और एक लैपटॉप था। वारंगल के सीपी तरुण जोशी ने कहा कि उसी रात, अन्य दो रूममेट के सो जाने के बाद आरोपी बाइक और लैपटॉप लेकर फरार हो गया। सीपी ने कहा कि पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर, पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी और उसे मंगलवार को हनमकोंडा में गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा की किसान विरोधी नीतियां एक बार फिर पर्दाफाश : पल्ला

हैदराबाद, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रैतु बंधु समिति के अध्यक्ष पल्ला राजेश्वर रेड्डी ने मंगलवार को यहां कहा कि ऐसे समय में जब राज्य सरकार रैथु बंधु योजना को सफलतापूर्वक लागू कर रही थी, भाजपा सरकार किसानों से किश्तों की वापसी की मांग के अलावा, पीएम किसान कार्यक्रम को खत्म कर रही है।

तेलंगाना की रैतु बंधु योजना की नकल करते हुए, भाजपा सरकार ने राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए फरवरी 2019 में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना योजना शुरू की है। हालांकि, दो साल के भीतर ही किसानों के कल्याण के प्रति भाजपा सरकार का असली रंग सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या धीरे-धीरे 11.5 करोड़ से घटाकर 3.5 करोड़ की जा रही है। अपात्रता की आड़ में विभिन्न कारणों का हवाला देकर लाभार्थियों की संख्या में कटौती की जा रही है, जिसमें 10,000 रुपये और उससे अधिक की मासिक पेंशन पाने वाले सभी संस्थागत भूमिधारक, संवैधानिक पदों के पूर्व और वर्तमान धारक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील और अन्य जैसे पेशेवर,



सेवानिवृत्त पेंशनभोगी शामिल हैं।

इतना ही नहीं, सभी 'अपात्र' किसानों को पीएम किसान योजना के तहत प्राप्त किस्त वापस करने के लिए कहा जा रहा है। इसके लिए एक विशेष बैंक खाता बनाया गया है।

उसने दावा किया कि कई राज्यों में लाभार्थियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। महाराष्ट्र में यह 65.9 फीसदी, मध्य प्रदेश (99.9 फीसदी), बिहार (91.8 फीसदी), गुजरात (55 फीसदी), आंध्र प्रदेश (49.4 फीसदी), तमिलनाडु (50 फीसदी) और छत्तीसगढ़ (94.7 फीसदी) में गिरावट आई है। उत्तर प्रदेश में किसान अपनी किसान विरोधी नीतियों को खत्म करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पिछले छह महीनों में 1800 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार जहां पंपसेट में मीटर लगा रही है, वहीं तेलंगाना सरकार किसानों को मुफ्त बिजली दे रही है। यह मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की प्रतिबद्धता है, रेड्डी ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के विरोध को समर्थन दिया जाएगा।

## श्रीविठ्ठलेश्वर मंदिर में काकड़ा आरती का समापन आज

हैदराबाद, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री विठ्ठलेश्वर मंदिर सिकंदराबाद में कार्तिक मास काकड़ आरती का समापन महोत्सव कल 23 नवंबर को अन्नकूट महाप्रसाद के साथ आयोजित किया जाएगा। सुबह 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर के ट्रस्टी श्रीनिवास पोटाले एवं ईवो जी. सत्यनारायण, सहायक रमेश, तथा मंदिर के पुजारी पंढरीनाथ नरसिकर ने सभी भक्तों से कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।



जामबाग मंडल तकं आयोजित मतदाता नामांकन कार्यक्रम में भाग लेते हुए पार्षद राकेश जायसवाल। साथ में हैं बूथ समिति के सदस्य जगपति नायक, शिवा, रघु कांबले, के. रामकृष्ण, साई, तिरुपति, संदीप जैन और स्थानीय जनता।

# कलेक्टर ने की मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की अपील



कमरेड्डी, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर जितेश वी पाटिल ने कहा कि मतदान के अधिकार के लिए पात्र व्यक्ति कल बुधवार को गांवों में बने मतदान केंद्रों पर बूथ स्तर के अधिकारियों को आवेदन करें। कामारेड्डी कलेक्ट्रेट ने मंगलवार को जिला कलेक्टर मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर मंडल स्तर के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। उन्होंने इस मौके पर बात की। 2023, यह सुझाव दिया गया है कि 1 जनवरी तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा महिलाएं और युवा पुरुष आवेदन कर सकते हैं। बूथ स्तर के अधिकारियों को उपलब्ध रहने को कहा गया है। मतदाता पंजीकरण में योगदान देने के लिए राजनीतिक दलों ने बूथ स्तर के एजेंटों की नियुक्ति की है। फार्म 6, 7, 8 आवेदन बूथ स्तर के अधिकारियों के पास रखे जाएं। वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिला राजस्व अपर कलेक्टर चंद्रमोहन, कामारेड्डी, एला रेड्डी, बनसुवाड़ा आरडीओ श्रीनिवास रेड्डी, सीनू, राजा गौड़, एओ रविंदर, तहसीलदार और अधिकारियों ने

## सर्वभौमिक मानव अधिकार परिषद ने निलोफर सरकारी प्रस्तुति गृह में सेवा दी



हैदराबाद, 22 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सर्वभौमिक मानव अधिकार तेलगाना की प्रचार प्रसार संयोजक हेमा मालिनी तायल की प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया गया कि सर्वभौमिक मानव अधिकार तेलगाना, सोमवार 21 नवंबर को सरकारी प्रस्तुति गृह निलोफर दवाखाने में जा कर वहा मिठाई, फल, स्वेटर बिस्कुट और दूध करीब सौ मरीजों को भेंट किए इस सेवा में उपस्थित गण में सर्वभौमिक मानव अधिकार की अध्यक्ष श्रीमती माया अग्रवाल, हेमा मालिनी तायल, रितु गर्ग, भावना संघी, सीमा अग्रवाल, अरुणा अग्रवाल, बबिता अग्रवाल, सुधा कीमती ने मिलकर सेवा की, दवाखाने से सुप्रीटेंडेंट डॉक्टर कमल किशोर और डॉक्टर समीना के पूर्ण सहयोग से ये कार्यक्रम सफल रहा सभी उपस्थित सदस्यों का सेवा धारियों का श्रीमती माया अग्रवाल ने धन्यवाद वयक्त किया। सर्वभौमिक मानव अधिकार तेलंगाना के पदाधिकारियों ने निश्चय किया की हर महीने इसी तरह से जरूरत मंद लोगो की सेवा और मदद करेंगे इस कार्य को सफल बनाने जो सदस्य ने सेवा की उन सब का अध्यक्षा ने धन्यवाद किया।



बोइनपल्ली, भावना कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए गरुड युवा सेना के चेयरमैन जी. विनय सिंह जैन, श्रीमती राखी लोढा व अन्य भक्त।

जन्मदिन की शुभकामनाएं



शिवांश

माता : पूजा

पिता : सोना शंकर



नगर पधारे राजस्थान जोधपुर के पुलिस डीआईजी हरेंद्रकुमार मावर का सम्मान करते हुण तेलंगाना जाट एकता मंच के अध्यक्ष धर्माराम ढाका।



बोइनपल्ली के कंसारी बाजार में आयोजित उर्स समारोह में बतौर अतिथि भाग लेते हुए बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जंपन्ना प्रताप। कार्यक्रम में समिति के सदस्य सिराज, मौलाना, सुलेमान, महेंद्र, वरप्रसाद, शौकत आदि ने भाग लिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### आदिवासियों के हमले ...

उन्होंने कहा कि श्रीनिवास राव के परिवार के सदस्यों को उनकी सेवानिवृत्ति की आयु तक वेतन प्रदान किया जाना है। मुख्य सचिव सोमेश कुमार को भी राजकीय सम्मान के साथ एफआरओ का अंतिम संस्कार करने और उसके अनुसार व्यवस्था करने के निर्देश भी जारी किए गए।

मुख्यमंत्री ने वन मंत्री ए इंद्रकरन रेड्डी और तत्कालीन खम्मम जिले के मंत्री पी. अजय कुमार को एफआरओ के अंतिम संस्कार में शामिल होने और व्यवस्थाओं की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने कर्तव्यों का पालन करने वाले सरकारी कर्मचारियों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। यह कहते हुए कि राज्य सरकार सरकारी कर्मचारियों को सभी सहायता प्रदान करेगी, मुख्यमंत्री चाहते हैं कि वे बिना किसी डर के अपने कर्तव्यों का पालन करें।

उसी प्रकार टीएसएसएफएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव एम. राजा रमण रेड्डी ने कहा कि यह एक बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम श्रीनिवास राव पर हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रीनिवास राव ने हाल ही में आरक्षित वन भूमि के अतिक्रमण को नियंत्रित करने में सराहनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए केवीएस बाबू स्वर्ण पदक जीता था।




# तीसरे टी-20 में बारिश के कारण नहीं निकला नतीजा

## 1-0 से भारत ने सीरीज जीती, अर्शदीप और सिराज ने आखिरी मैच में 4-4 विकेट झटके

खेल डेस्क, 22 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। न्यूजीलैंड की पारी 19.4 ओवर में 160 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने नौ ओवर में चार विकेट पर 75 रन बना लिए थे। तभी बारिश ने खलल डाला। डीएलएस पार स्कोर के तहत भारत ने जरूरी 75 रन बना लिए थे। ऐसे में अंपयरों ने मैच को खत्म करने का फैसला लिया और मैच को टाई घोषित किया गया।

**तीसरा टी20 डीएलएस के तहत टाई**

बारिश नहीं रुकने की वजह से अंपायरों ने मैच को खत्म करने का फैसला लिया है। डकवर्थ लुईस नियम के तहत मैच टाई पर खत्म हुआ। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 161 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में बारिश की वजह से मैच रुकने तक भारत ने नौ ओवर में चार विकेट पर 75 रन बना लिए थे।

डीएलएस के तहत पार स्कोर नौ ओवर में 75 रन का था, जो भारत ने बना लिए थे। ऐसे में अंपायरों ने मैच को टाई घोषित किया। बारिश की वजह से दोबारा मैच नहीं होने और डीएलएस पर टाई होने पर सुपरओवर का इस्तेमाल नहीं होता है। भारत ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-0 से अपने नाम की।

पहला मैच बारिश से पूरी तरह धुल गया था। तब टॉस भी नहीं हो सका था। वहीं, दूसरे मैच को टीम इंडिया ने 65 रन से अपने नाम किया था। तीसरा टी20 टाई रहा। टीम इंडिया की यह न्यूजीलैंड पर उसके घर में लगातार दूसरी टी20 सीरीज जीत है। इससे पहले 2020 में भारत ने विराट कोहली की कप्तानी में कीवी टीम को उसके घर में टी20 सीरीज मे 5-0 से हराया था।

**बारिश के कारण रुका मैचा**

बारिश की वजह से खेल रुक चुका है। नौ ओवर में भारत ने चार विकेट गंवाकर 75 रन बना लिए हैं। भारत को फिलहाल इस स्थिति में 66 गेंदों में 86 रन की जरूरत है। फिलहाल दीपक हुड्डा नौ रन और हार्दिक पांड्या 30 रन बनाकर क्रीज पर है। डकवर्थ लुईस नियम के तहत नौ ओवर के बाद पार स्कोर 75 रन ही है, जो कि भारत ने बना लिए हैं।

अगर बारिश नहीं रुकी तो मैच टाई घोषित हो जाएगा। फिलहाल नेपियर में भारी बारिश हो रही है। भारत अगर 76 बनाता तो मैच जीत लेता। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम 19.4 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई थी। यह मैच अगर टाई हुआ तो भारतीय टीम सीरीज अपने नाम करेगी। भारतीय टीम सीरीज में फिलहार 1-0 से आगे है।

**हार्दिक-सूर्या क्रीज पर**

छह ओवर के बाद भारत ने तीन विकेट गंवाकर 58 रन बना लिए हैं। हार्दिक पांड्या 11 गेंदों में 23 रन और सूर्यकुमार यादव आठ गेंदों में 12 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दोनों के बीच 35+ रन की साझेदारी हो चुकी है। ईशान किशन 10 रन और ऋषभ पंत 11 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, श्रेयस अय्यर खाता भी नहीं खोल सके।

भारतीय टीम की शुरुआत खराब हुई है। दूसरे ओवर में ईशान किशन को एडम मिल्ने ने आउट किया था। इसके बाद तीसरे ओवर में टिम साउदी ने लगातार दो गेंदों पर ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। पंत का टी20 में खराब फॉर्म जारी है।

वह पांच गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हुए। खराब शॉट खेलकर पंत ने विकेट गंवाया। पंत पिछली आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में 104 रन बनाए पाए हैं। इसकी अगली गेंद पर साउदी ने शॉर्ट बॉल फेंकी और श्रेयस ने स्लिप में नीशम को कैच थमा दिया। श्रेयस गोल्डन डक का शिकार हुए। चार ओवर के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 39 रन है। फिलहाल कप्तान हार्दिक पांड्या चार गेंदों में 11 रन और सूर्यकुमार यादव तीन गेंदों में पांच रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# कौन जीतेगा कतर फीफा वर्ल्ड कप का गोल्डन बूट

## मेसी, नेमार, एमबापे समेत ये टॉप प्लेयर्स दावेदार; रोनाल्डो-लेवानडॉस्की को होंगी मुश्किलें




खेल डेस्क, 22 नवंबर (एजेंसियां)। कतर और इक्वाडोर टीमों के बीच मैच से फीफा वर्ल्ड कप 2022 की शुरुआत हो चुकी है। 22वें फीफा वर्ल्ड कप की 32 टीमों में दुनियाभर के टॉप प्लेयर्स अपने-अपने देश से खेलते नजर आएंगे। इनमें मेसी, रोनाल्डो, नेमार, एमबापे और लेवानडॉस्की समेत कई बड़े प्लेयर्स शामिल रहेंगे। ऐसे में देखना यह होगा कि सबसे ज्यादा गोल कौन करता है और टूर्नामेंट का गोल्डन बूट किसे मिलेगा।

**गोल्डन बूट की रेस में कौन हैं?**

गोल्डन बूट की रेस में अर्जेंटीना के लियोनल मेसी, फ्रांस के कीलियन एमबापे, ब्राजील के नेमार जूनियर और इंग्लैंड के हैरी केन समेत कई बड़े फॉरवर्ड प्लेयर्स शामिल रहेंगे। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और पोलैंड के रोबर्ट लेवानडॉस्की जैसे टॉप प्लेयर्स भी रेस में हैं। 2018 के फीफा वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के हैरी केन को गोल्डन बूट मिला था। हालांकि, उनकी टीम चौथे नंबर पर रही थी। फ्रांस के करीम बेंजेमा भी गोल्डन बूट की रेस में थे, लेकिन टूर्नामेंट से पहले वह इंजर्ड हो कर बाहर हो गए। गोल्डन बूट की रेस में शामिल सभी खिलाड़ियों के रिकॉर्ड में सबसे पहले इंग्लैंड के कप्तान...

**हैरी केन, इंग्लैंड**

इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन पर टीम को दूसरी बार वर्ल्ड कप जिताने का जिम्मा होगा। इंग्लैंड ने पहली बार 1966 में कप जीता था। पिछले वर्ल्ड कप में 6 गोल के साथ गोल्डन बूट जीतने वाले केन इस बार भी गोल्डन बूट जीतने के प्रबल दावेदार हैं। 2018 में उन्होंने एकमात्र वर्ल्ड कप खेला था। इस तरह वर्ल्ड कप में उनके टोटल 6 गोल हैं।

2018 में पिछले वर्ल्ड कप के बाद से अब तक हैरी केन 45 मैच में 32 इंटरनेशनल गोल दाग चुके हैं। इस वर्ल्ड कप में 3 गोल और करते ही वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले वेन रूनी के 53 इंटरनेशनल गोल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। क्लब फुटबॉल के 487 मैचों में केन ने 78 असिस्ट और 288 गोल किए हैं।

**लियोनल मेसी, अर्जेंटीना**

अर्जेंटीना के लिए 2005 में डेब्यू करने वाले लियोनल मेसी ने टीम के लिए अब तक 4 वर्ल्ड कप खेले हैं। 35 साल के मेसी का यह आखिरी वर्ल्ड कप भी हो सकता है। उन्होंने अब तक 165 इंटरनेशनल मैचों में 52 असिस्ट समेत 91 गोल किए हैं। वर्ल्ड कप के 19 मैचों में उनके नाम 5 असिस्ट और 6 गोल हैं।

2018 में खेले फीफा वर्ल्ड कप के बाद से मेसी ने 37 इंटरनेशनल मैच खेले। इनमें उन्होंने 10 असिस्ट समेत 26 गोल दागे हैं। मेसी फिलहाल पेरिस सैंट जर्मन के लिए क्लब फुटबॉल खेल रहे हैं।

**कीलियन एमबापे, फ्रांस**

फ्रांस के लिए राइट फॉरवर्ड खेलने वाले 23 साल के कीलियन एमबापे ने पिछले वर्ल्ड कप के 7 मैच में टीम के लिए 4 गोल दागे थे। अब तक खेले 59 इंटरनेशनल मैचों में उनके नाम 28 गोल हैं। इस दौरान उन्होंने 21 गोल असिस्ट किए। 2018 वर्ल्ड कप के बाद से एमबापे ने 37 इंटरनेशनल मैच खेले। इनमें उन्होंने 14 असिस्ट समेत 20 गोल किए हैं।

एमबापे पेरिस सैंट जर्मन के लिए खेलते हैं। पीएसजी के लिए अब 237 मैचों में उन्होंने 93 असिस्ट और 190 गोल किए हैं। ओवरऑल क्लब करिअर में उनके नाम 302 मैच में 222 गोल हैं। इस दौरान उन्होंने 111 गोल असिस्ट भी किए।

**नेमार जूनियर, ब्राजील**

ब्राजील के लेफ्ट विंगर नेमार जूनियर ने 2010 में नेशनल डेब्यू किया था। ब्राजील के लिए अब तक 2 फीफा वर्ल्ड कप में उन्होंने 10 मैच खेले। इनमें उनके नाम 2 असिस्ट और 6 गोल हैं। ओवरऑल 121 इंटरनेशनल मैचों में उन्होंने 54 असिस्ट और 75 गोल दागे हैं। 2018 में पिछले वर्ल्ड कप के बाद नेमार ने 36 मैच खेले। इनमें नेमार ने 21 असिस्ट और 20 गोल किए हैं।

# फीफा वर्ल्ड : खिताब की दावेदार अर्जेंटीना को 49वें नंबर की टीम सऊदी अरब ने 2-1 से हराया

खेल डेस्क, 22 नवंबर (एजेंसियां)। मंगलवार को फीफा वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। खिताब की दावेदार मानी जा रही अर्जेंटीना को दुनिया की 49वें नंबर की टीम सऊदी अरब ने 2-1 से हरा दिया। इसके साथ ही अब ग्रुप-C में अर्जेंटीना आखिरी पायदान पर पहुंच गई है। सऊदी अरब ने दूसरे हाफ में आक्रमक खेल दिखाते हुए दो गोल किए। पहले 48वें मिनट में अल-शाहरानी ने गोल दागा। इसके बाद सलेम अल-दावसारी ने 53वें




मिनट में गोल किया। अर्जेंटीना की ओर से लियोनल मेसी ने 10 वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया था। इसके बाद उनकी टीम एक भी गोल नहीं कर पाई।

इस हार के साथ अर्जेंटीना के लगातार 36 मैचों में अपराजेय रहने का क्रम टूट गया। इस दौरान वह 25 मैच जीता था और 11 ड्रॉ खेले थे। अब अर्जेंटीना का मुकाबला 27 नवंबर को मेक्सिको और 30 दिसंबर को पोलैंड से होगा। सऊदी अरब की विश्व कप इतिहास में यह तीसरी जीत है।

**अर्जेंटीना ऑफसाइड में फंसा**

अर्जेंटीना ने शुरुआत में अच्छा गेम खेला, लेकिन टीम के प्लेयर्स ने बहुत बार ऑफसाइड कर दिया। अर्जेंटीना ने 7 बार ऑफसाइड किया। अर्जेंटीना के लिए दूसरा गोल लोटारो मार्टिनेज ने कर दिया था, लेकिन उसे रेफरी ने ऑफसाइड की वजह से कैंसिल कर दिया। मेसी का भी एक गोल ऑफसाइड हुआ।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप... अमेरिका बनाम वेल्स मैच ड्रॉ

## 80 मिनट लीड पर रहा अमेरिका, पेनल्टी पर बराबरी का गोल आया

दोहा, 22 नवंबर (एजेंसियां)। कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप में सोमवार-मंगलवार रात को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। 2026 की मेजबान यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका और वेल्स का यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा।

टूर्नामेंट में 8 साल बाद वापसी कर रही अमेरिकी टीम मुकाबले के 80 मिनटों तक 1-0 की बढ़त पर रही। लेकिन, उस बढ़त को जीत में तब्दील नहीं कर सकी। वेल्स के कप्तान गैरथ बेल ने 82वें मिनट में बराबरी का गोल दागते हुए अपनी टीम को पहले ही मैच में हार से बचाया। हालांकि, उन्हें यह मौका तोहफे के रूप में मिला, जब अमेरिकी खिलाड़ी वॉकर जिमरमैन ने डी के अंदर 81वें मिनट में फाउल प्ले किया। ऐसे में रेफरी ने पेनाल्टी की व्हीसिल बजा दी। फिर क्या था वेल्स के कप्तान ने इस मौके को बखूबी निभाया। बेल ने पेनाल्टी शॉट मारने में कोई गलती नहीं की और बराबरी का गोल दागा। बचे समय में कोई भी टीम विनिंग गोल




नहीं कर सकी और दोनों को अंक साझा करने पड़े। मुकाबले में 5 खिलाड़ियों को यलो कार्ड दिखाए गए। इनमें अमेरिकन को तीन और वेल्स को 2 पीले कार्ड मिले।

**अमेरिकी गोलकीपर के दो शानदार सेव**

हाफ टाइम के बाद वेल्स की टीम ने कुछ मौके बनाए। लेकिन, अमेरिकी डिफेंस ने उन्हें असफल कर दिया। यहां 63वें और 65वें मिनट में वेल्स को स्कोर लेवल करने के मौके मिले थे। अटेंप्ट भी हुआ। लेकिन, अमेरिकी गोलकीपर टर्नर ने 2 शानदार सेव किए।

**आक्रामक शुरुआत**

व्हाइट आर्मी ने आक्रामक शुरुआत की। उसकी ओर से फॉरवर्ड खिलाड़ी टिमोथी वाह ने 8वें मिनट में अटैक किया। लेकिन, ईरानी गोलकीपर ने इसे विफल कर दिया। उन्हें 36वें मिनट में सफलता मिली। जब जर्सी नंबर-10 सी पुलिसिक ने डी के अंदर छोटा पास दिया। इस पास पर वाह ने गोलकीपर को छकाते हुए गोल दागा।

**अमेरिकन के नाम रही बॉल पोजिशन**

अल रियान स्टेडियम में खेले गए ग्रुप बी के इस मुकाबले में अधिकांश बॉल पोजिशन अमेरिका के पास रही। उसके खिलाड़ियों ने 59 फीसदी बॉल अपने पास रखी। जबकि 41 फीसदी बॉल पोजिशन वेल्स के खिलाड़ियों के पास रही। अमेरिकी खिलाड़ियों ने 87% पास किए। जबकि वेल्स की ओर से 76% पासिंग हुई। शॉट ऑन टारगेट में भी दोनों बराबर ही दिखे।

# नाक टूटी, खून बहता रहा...खेलते रहे, फिर अचानक गिरे

## फिल्मी फाइट जैसा सीन, इंग्लैंड के खिलाफ मैच में साथी से भिड़े ईरानी गोलकीपर

खेल डेस्क, 22 नवंबर (एजेंसियां)। गोलकीपर अलिर्जा बैरनवंद और माजिद हुसैनी की टक्कर के कारण कुछ देर मैच रुका रहा। कतर में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप में ईरानी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। इंग्लैंड ने ईरान को 6-2 से हरा दिया। इस दौरान एक दर्दनाक हादसा भी हो गया। ईरानी गोलकीपर अलिर्जा बैरनवंद अपने ही खिलाड़ी से भिड़ गए। उनकी नाक से खून बहने लगा। इस दौरान कुछ मिनट तक खेल रुका रहा।

अलिर्जा बैरनवंद खून बहने के बाद भी मैदान में पट्टी बांधकर खेलते रहे, लेकिन कुछ देर बाद वह मैदान में गिर गए। जिसके चलते उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।

**खेल के 9वें मिनट में हादसा हुआ**

मैच शुरू होने के बाद 9वें



मिनट में ही गोलकीपर अलिर्जा इंग्लैंड के राइट विंग से आती फुटबॉल को गोल में जाने से बचाने की कोशिश कर रहे थे, तभी तेजी से साथी खिलाड़ी माजिद हुसैनी आ गए। अलिर्जा टकराने के बाद वह मैदान पर गिर गए।

**7 मिनट तक रुका रहा खेल**

इस हादसे के बाद करीब 7 मिनट तक खेल रुका रहा। ईरान की मेडिकल टीम मैदान में आई और इलाज किया। इसके बाद मुकाबला शुरू हुआ।

बाद जब खून निकलना बंद नहीं हुआ तो बैरनवंद को जमीन पर लिटाया गया।

**इंजरी के बाद भी खेलते रहे**

फीफा के इंजरी रूल के अनुसार, सिर और मुंह पर सीरियस इंजरी होने पर खिलाड़ी को तुरंत सब्स्टीट्यूट करना पड़ता है, लेकिन पट्टी बंधने के बाद गोलकीपर खड़े हो गए। उन्होंने मेडिकल टीम से कहा कि वह ठीक हैं और मैच खेल सकते हैं। इसके बाद उन्होंने गेम खेलना जारी रखा।

**पहले हॉफ में जुड़ा 14 मिनट का इंजरी टाइम**

इंजरी के बाद भी गोलकीपर ने खेलना जारी रखा, लेकिन फर्स्ट हाफ के 17वें मिनट में ही वह मैदान पर गिर गए। उनकी जगह सब्स्टीट्यूट गोलकीपर होसेन हुसैनी मैदान में आए। गोलकीपर की इंजरी के चलते फर्स्ट हाफ के एंड में 14 मिनट का इंजरी टाइम जोड़ा गया।

**रंगभेद के खिलाफ इंग्लैंड का 'नी डाउन'**

आज का मैच शुरू होने से पहले इंग्लैंड के सभी प्लेयर्स एक साथ अपने घुटनों के बल बैठे नजर आए। इंग्लैंड के प्लेयर्स किक-ऑफ से पहले करीब 3 सेकेंड तक बैठे रहे। दरअसल, इंग्लैंड की टीम इस वर्ल्ड कप में रंगभेद और भेदभाव के खिलाफ प्रोटेस्ट कर रही है।

# रोमांचक मुकाबले में जीता नीदरलैंड

## आखिरी मिनटों में स्कोर कर सेनेगल को हराया; कोडी गापको ने हेडर से दागा गोल




खेल डेस्क, 22 नवंबर (एजेंसियां)। फीफा वर्ल्ड कप के दूसरे दिन नीदरलैंड ने रोमांचक मुकाबले में सेनेगल को 2-0 से हरा दिया। अल थुमामा स्टेडियम में सोमवार रात को खेले गए दूसरे मैच में 83वें मिनट तक स्कोर लाइन 0-0 था। लेकिन, 84वें मिनट में मिडफील्डर एफ डी जोंग के राइट फुटर क्रॉस पर कोडी गापको ने शानदार हेडर से गोल दागकर स्कोर लाइन 1-0 कर दिया। फिर मैच खत्म होने से एक मिनट पहले डेवी क्लासेन ने लेफ्ट फुट से नीदरलैंड के लिए दूसरा गोल किया।

पहले हाफ में सेनेगल और नीदरलैंड दोनों ही टीमें खाता खोलने में नाकाम रहीं। सेनेगल ने गोल की ओर 6 शॉट मारे। नीदरलैंड ने 5 शॉट मारे, लेकिन दोनों टीम स्कोर करने में असफल रहीं। पहले हाफ में वर्जिल वान डाइक का हैडर क्रॉसबार के ऊपर चला गया और उन्होंने स्कोर करने का मौका गंवा दिया।

नीदरलैंड के फ्रेंकी डी जॉन्ग और सेनेगल के इस्माइल सार ने अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों ने अपनी टीमों को बढ़त दिलाने का प्रयास किया।

नीदरलैंड को अपना पहला गोल 84वें मिनट में मिला। यह गोल कोडी गापको ने दागा। उन्होंने फ्रैंकी डी जॉन्ग के क्रास पर उछलते हुए हैडर से बॉल को नेट के अंदर पहुंचा दिया। वहीं, दूसरा गोल मैच खत्म होने के ठीक एक मिनट पहले इंजरी टाइम में हुआ। इसे डेवी क्लासेन ने स्कोर किया। टीम के स्ट्राइकर मेम्फिस डीपे गोलकीपर की ओर बढे. और शॉट मारा। इसी समय गोलकीपर से बॉल टकराकर डेवी क्लासेन की ओर आई और उन्होंने गोल दाग दिया।

सेनेगल को स्टार फॉरवर्ड और कप्तान सादियो माने की कमी खली। वे टूनामेंट से दो दिन पहले चोटिल हो गए थे। उनकी जगह इटली की लीग में खेलने वाले बोलाय दीया मैदान में उतरे, लेकिन वे कुछ खास नहीं कर सके। सेनेगल ने 83 मिनट तक नीदरलैंड को कड़ी टक्कर दी। सेनेगल ने गोल के लिए 15 शॉट लिए, लेकिन एक को भी गोल में तब्दील नहीं कर सके। नीदरलैंड के गोलकीपर एंड्रीज नोपर्ट दो साल पहले बेरोजगार थे।

उन्हें कोई क्लब साइन करने को तैयार नहीं था। उन्होंने नीदरलैंड पुलिस ज्वॉइन करने का सोचा और इसके साथ ही फुटबॉल को भी अलविदा करने का फैसला किया, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। 2020 में वे नीदरलैंड के एक छोटे क्लब अहेड ईगल्स के साथ जुड़े और वर्ल्ड कप की टीम में शामिल हुए।

# एचसीएल, एसआरएपआई इंडियन टूर स्क्वैश चैंपियनशिप

## इजिप्ट की अमीना औफ़्री, भारत के अभय सिंह विजेता रहे



जोधपुर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। जोधपुर में एचसीएल, एसआरएपआई इंडियन टूर स्क्वैश चैम्पियनशिप में भारत के अभय सिंह ने खिताब जीता। वहीं महिला वर्ग में मिश्र की अमीना औफ्री ने आइरा अजमान को हराकर खिताब जीता। जोधपुर में उम्मेदभवन पैलेस में आयोजित फाइनल मुकाबला बहुत रोचक रहा। समापन समारोह में पूर्व राजपरिवार की सदस्य गायत्री राजे ने सम्मानित किया। जोधपुर में 17 से 21 नवंबर तक उम्मेद भवन पैलेस और बोधी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एचसीएल-एसआरएफआई इंडियन टूर के दूसरे चरण में 9 देशों के 48 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । ऑल ग्लास कोर्ट में आयोजित फाइनल मैच को देखने का भी लोगों में खासा उत्साह नजर आया। ग्लास कोर्ट में खेले गए फाइनल में भारत से अभय सिंह ने मिश्र के जाहिद सलीम को 13-11, 7-11, 11-9, 11-8 से हराया। अभय ने पहला गेम जीता सलीम ने दूसरा गेम जीत कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। बाद में शानदार गेम का प्रदर्शन करते हुए अभय ने दो सेट अपने नाम कर खिताब जीता। महिलाओं की श्रेणी में इजिप्ट की अमीना औफ़्री ने मलेशिया की आयरा अजमान को को हरा कर विजेता बनी। दोनों ने 12000 डॉलर की श्रेणी में जीत हासिल की।

पुरुष वर्ग में फाइनल मैच अभय सिंह (वर्ल्ड रैंक 81) और जाहेद सालेम (वर्ल्ड रैंक 71) के बीच खेला गया, जहां भारत के अभय सिंह ने खिताब जीता। 46 मिनट तक चले मैच में 13-11, 7-11, 11-9, 11-8 में स्कोर बनाया। महिला वर्ग में फाइनल मुकाबला ऐरा आज़मान (वर्ल्ड रैंक 79) और अमीना औफ़्रि (वर्ल्ड रैंक 152 ) के बीच खेला गया, जहां इजिप्ट की अमीना औफ़्रि ने 40 मिनट तक चले मैच में 11-6, 11-9, 12-10 के स्कोर के साथ खिताब जीता।

# पत्रकारों के लिए कतर बना मुसीबत का शहर

## फीफा वर्ल्ड कप की लाइव कवरेज में सामान चोरी हुआ, पुलिस ने किया डीटेन

खेल डेस्क, 22 नवंबर (एजेंसियां)। फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत 20 नवंबर से हो चुकी है। इस बार इसकी मेजबानी कतर कर रहा है। जब से टूर्नामेंट शुरू हुआ है तब से ही एक के बाद एक हाई वोल्टेज ड्रामा इस टूर्नामेंट में होता नजर आ रहा है।

इन सब के बीच अब कतर में पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार, प्रशासन की अनदेखी और चोरी जैसे मामले सामने आ रहे हैं। यहां तक की कुछ पत्रकारों को पुलिस द्वारा डीटेन भी कर लिया गया।

**सिक्योरिटी स्टाफ की धमकी**

अलग-अलग देशों के पत्रकार फीफा वर्ल्ड कप की कवरेज के लिए कतर पहुंचे हैं। कतर प्रशासन की ढीले और लापरवाह रवैये और खराब सुरक्षा व्यवस्था के चलते पत्रकारों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। रिपोर्टिंग के दौरान डेनमार्क के एक टीवी क्रू को कतर के सिक्योरिटी स्टाफ ने रोका और उनके कैमरे तोड़ने की धमकी दी।

ऐसा करने की वजह पूछने पर स्टाफ ने बताया कि उन्हें लगा यहां शूटिंग की परमिशन नहीं है। इस घटना के बाद इस क्रू को लीड कर रहे रास्मस टेंटहोल्ड ने इस पर



नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'आपने पूरी दुनिया को यहां बुलाया है, हम यहां शूटिंग क्यों नहीं कर सकते? ये एक पब्लिक प्लेस है।'

इस वाकये के बाद रास्मस ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कतर इंटरनेशनल मीडिया ऑफिस और कतर सुप्रीम कमिटी ने हमसे माफी मांगी है। ये तब हुआ जब हम कतर का लाइव कवरेज कर रहे थे। लेकिन क्या बाकी मीडिया के साथ भी यही व्यवहार किया जाएगा?'

**पुलिस का चौंकाने वाला रवैया**

दूसरी घटना अर्जेंटीना की रिपोर्टर के साथ हुई। टूर्नामेंट के पहले दिन लाइव शो के दौरान डोमिनिक मेट्जगर का हैंडबैग से कई सामान चोरी हो गए। पुलिस का रवैया भी उनके प्रति ठीक नहीं रहा। पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि हाई-टेक कैमरा की मदद से चोर को पकड़ लेंगे। उसके बाद पुलिस डोमिनिक से ही पूछने लगी कि आप किस तरह का न्याय चाहती हैं?हमें उस चोर को क्या सजा देनी चाहिए? क्या आप चाहती हैं कि चोर को 5 साल की जेल हो? क्या आप चाहती हैं कि उसे देश से निकाल दिया जाए? पुलिस के इस व्यवहार ने डोमिनिक को चौंका दिया।

तीसरी घटना यूएसए के पत्रकार ग्रांट वाहल के साथ हुई। ग्रांट ने रेनबो शर्ट पहनी हुई थी। जब वो स्टेडियम में जाने लगे तो उन्हें डीटेन कर लिया गया। क्योंकि वो एलजीबीटी कम्युनिटी को सपोर्ट कर रहे थे। ग्रांट ने बताया कि उन्हें स्टेडियम में अंदर जाने से रोक लिया गया और शर्ट उतारने के लिए कहा गया। जब उन्होंने इस घटना के बारे में सोशल मीडिया पर लिखना चाहा तो उनका फोन भी छीन लिया गया।

ग्रांट ने बताया कि बाद में एक सिक्योरिटी कमांडर ने उनसे माफी मांगी और उन्हें स्टेडियम में जाने की इजाजत दे दी।

फीफा वर्ल्ड कप पर दुनियाभर की नजर होती है। ऐसे में इस तरह की घटनाओं से फीफा की साख कम हो सकती है। इसलिए ऐसी घटनाओं पर फीफा की ओर से तुरंत एक्शन लिया जाता है।

